
हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शनिवार • 29.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 244 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये






# झारखण्ड के लगभग 4 करोड़ लोगों का अबुआ बजट 2025-26

## ₹1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का कुल बजट









**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड




मंईयां सम्मान के लिए
**₹13 हजार 363 करोड़ 35 लाख**

सामाजिक सुरक्षा के लिए
₹22 हजार 23 करोड़ 33 लाख 85 हजार

ग्रामीण क्षेत्र में आय के स्रोत के लिए
**12 करोड़** मानव दिवस सृजन

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए
MSME निदेशालय
की स्थापना

बच्चों के लिए
**₹9 हजार 411 करोड़ 27 लाख**

किशोरियों के लिए
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं
- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना हेतु

**₹310 करोड़**



शिक्षा के लिए



प्रारंभिक/माध्यमिक के लिए
**₹15 हजार 198 करोड़ 35 लाख**

उच्च एवं तकनीकी के लिए
**₹2 हजार 409 करोड़ 20 लाख 96 हजार**

स्वास्थ्य सुविधा के लिए
₹7 हजार 470 करोड़ 50 लाख 86 हजार

पंचायती राज व्यवस्था के लिए
**₹2 हजार 144 करोड़ 78 लाख 14 हजार**

पेयजल के लिए
₹4 हजार 710 करोड़ 2 लाख 56 हजार

युवाओं को स्वरोजगार के लिए
**आसान और कम ब्याज पर लोन सुविधा**

उद्योग विस्तार के लिए
**₹486 करोड़ 31 लाख 61 हजार**





किसानों के लिए
**₹259 करोड़**
से 118 गोदाम निर्माण

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति
पलाश मार्ट को **₹30 करोड़**

PR- 349529 (IPRD) 24-25
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# 31 मार्च तक ई-केवाईसी नहीं कराने वाले लाभुकों का राशनकार्ड से हटेगा नाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित योजनाओं एवं ई-केवाईसी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को डीडीसी रोबिन टोप्पो, अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने दो जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जिला समाहरणालय परिसर से रवाना किया। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक ई-केवाईसी नहीं कराने वाले लाभुकों का राशनकार्ड से नाम हटा दिया जायेगा।




**राशनकार्डधारी लाभुक अपने नजदीकी डीलर से ई-केवाईसी करा लें**

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी आवश्यक है। ई-केवाईसी पूर्ण कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित है। सभी गुलाबी एवं पीला राशनकार्डधारी लाभुक अपने नजदीकी डीलर से ई-केवाईसी करा लें। निर्धारित तिथि तक ई-केवाईसी पूर्ण नहीं कराने वाले लाभुकों का नाम राशनकार्ड से हटा दिया जाएगा।

**पोस्टर-पंपलेट एवं माइकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा**

आपूर्ति विभाग रामगढ़ की ओर से दो जागरूकता वाहन का परिचालन किया जा रहा है। हरी झंडी दिखाये जाने के बाद से जागरूकता वाहन के माध्यम से खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं अंतर्गत वितरित किए जा रहे खाद्यान्न, सामग्री की जानकारी दी जा रही है। जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न गांवों में जाकर बैनर, पोस्टर-पंपलेट एवं माइकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने बताया कि मुख्य रूप से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना, मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, चीनी वितरण योजना आदि के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ई-केवाईसी को लेकर उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक ई-केवाईसी कराया जा रहा है। प्रवासी मजदूर, लाभुक वर्तमान में जहां हैं, वहीं पर अपने किसी भी नजदीकी जन वितरण प्रणाली दुकानदार से ई-केवाईसी पूर्ण करा सकते हैं। ई-केवाईसी से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं शिकायत दर्ज कराने के लिए 1967/1800-212-5512 पर लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली से संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

### अज्ञात लोगों ने महिला का कच्चा मकान जलाया



**बरही :** बरही प्रखंड के बरहीडीह गांव में एक महिला का कच्चा मकान अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाकर जला दिया गया, जिससे वह बेघर हो गई। पीड़िता अलका कुमारी पति राजेंद्र कुमार रजक, फिलहाल पड़ोसी के घर में रहने को मजबूर हैं। अलका कुमारी ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाते हुए बरही बीडीओ से अबुआ आवास योजना के तहत घर देने की मांग की है। घटना को लेकर स्थानीय बरही पश्चिमी के मुखिया शमशेर आलम ने भी प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील की हैं।

### संचार मंत्रालय के अधिकारी ने किया डाक सेवा का निरीक्षण

**खूंटी :** भारत सरकार के संचार मंत्रालय के अधिकारी नीरज कुमार ने शुक्रवार को भारतीय डाक सेवा की क्वालिटी कंट्रोल की जांच के लिए खूंटी पहुंचे। अधिकारी ने जिले के तोरपा और मुरहू प्रखंड के बिचना में आयोजित डाक चौपाल का निरीक्षण किया। इसके पूर्व मुरहू पहुंचने पर प्रखंड के उप प्रमुख अरूध्सा साबू और बिचना पंचायत की मुखिया नरगिस प्रियंका तीडू ने अंग वस्त्र देकर पारंपरिक ढंग से नीरज कुमार का स्वागत किया। मौके पर नीरज कुमार ने डाकघर की सेवा को और कैसे बेहतर बनाया जाए, इस संबंध में स्थानीय लोगों के साथ विचार विमर्श किया। मुरहू के उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने सलाह दी कि प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में डाकघर का होना जरूरी है। डाकघर को कार्गो सेवा से जोड़ते हुए ग्रामीणों के खेत की उपज को बाजार से जोड़ा जाए। इसके लिए न्यूनतम राशि मे कार्गो सेवा उपलब्ध हो। मुखिया नरगिस प्रियंका तिडू ने कहा कि आम जन को डाकघर पर बहुत भरोसा है। इसका कारण इसकी अच्छी सेवा है। डाकघर की सुबिधा से ग्रामीणा काफी खुश हैं। लोगों के सुझाव पर भारत सरकार के अधिकारी नीरज कुमार ने कहा कि हम इस बात से खुश हैं कि लोग डाक विभाग की सेवा से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि उप प्रमुख जो एक व्यापारी भी है, ने डाक सेवा को बेतहर बनाने का बहुत सुंदर सुझाव दिया। इस सुझाव को हम पूरे भारत में लागू करेंगे। अधिकारी के भ्रमण के दौरान वरीय डाक अधीक्षक, जिला डाक अधीक्षक, के अलावा खूंटी और मुरहु डाकघर के अधिकारी मौजूद थे।

### रामनवमी धूमधाम से मनेगी : महंत विजयानंद

**हजारीबाग :** पिछले 100 वर्षों से गौरवपूर्ण इतिहास के साथ रामनवमी महापर्व की तिथि जल्द नजदीक आ रही है, राम भक्तों में जबरदस्त उत्साह है ,सभी अखाड़ाधारी राम भक्त अपनी अपनी झाँकी बनाने में तथा रामनवमी महापर्व को धूमधाम से मनाने के लिए बेताब हो रहे हैं .. प्रशासनिक तैयारी भी जोर शोर से चल रही है ,पिछले मंगलवार को झंडा चौक के समीप दो समुदाय के बीच झड़प हो जाने के बाद पुलिस प्रशासन के सहयोग से स्थिति अब काफी तेजी से सामान्य हो रही है। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार सिंह जी से स्वागत समिति के शिष्ट मंडल सदस्यों ने मुलाकात की, और पुलिस कप्तान को यह आश्वस्त किया कि स्वागत समिति रामनवमी महापर्व में प्रशासन को तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी महापर्व सम्पन्न हो, इसके लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने कहा कि गंगा जमुना तहजीब के साथ हम लोग वर्षों से हजारीबाग में रामनवमी महापर्व मना रहे हैं।

# महती योजना के तहत स्कूली बच्चों को मिली साइकिल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** झारखंड सरकार की महती योजना के तहत स्कूली बच्चों को साइकिल उपलब्ध कराने की पहल जारी है। इसी क्रम में प्रखंड मुख्यालय में कल्याण विभाग द्वारा एक विशेष शिविर का आयोजन कर छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनके स्कूल जाने की सुविधा को आसान बनाना है। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख पूर्णिमा देवी, अंचल अधिकारी संजय यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, कल्याण पदाधिकारी मुकेश कुमार, शिक्षक रतन बाबू, डॉ. प्रदीप साहू और सुबोध सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। साइकिल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि अब स्कूल जाने में आसानी होगी और शिक्षा का स्तर बेहतर होगा। सरकार की इस योजना का उद्देश्य दूरदराज के गांवों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय तक आने-जाने में सहूलियत प्रदान करना है, ताकि वे निर्बाध रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकें और भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं ।

# चौपारण में रमजान के आखिरी जुमे में नमाजियों की उमड़ी भीड़

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** चौपारण में रमजान महीने की आखरी जुमा की नमाज प्रखंड के 26 पंचायत में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद देश में अमन व सुकून, शांति, एकता, अखंडता, सलामती, तरक्की व गुनाहों की मगफिरत के लिए दुआएं मांगी गई। अलविदा जुमे की नमाज की बड़ी फजिलत है। आम दिनों में भी जुमे की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में नमाजी आते हैं। मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज पढ़ने वालों की तादाद काफी बढ़ जाती है। अजान से पहले ही मस्जिदें नमाजियों से भर गई थी। बुजुर्गो व युवाओं के चेहरे पर जहां खुदा का खौफ दिखा वहीं अलविदा हो रहे रमजान का गम भी। इस भीषण गर्मी में अच्छी तदाद में बच्चे भी रोजे रख रहे हैं। नमाज के बाद सलातो सलाम पढा गया। कमलवार के इमाम न मोहम्मद उजैर आलम ने एक वाक्या का जिक्र करते हुए




रमजान शरीफ में मिलने वाले सवाब के बारे में बताया। कहा कि रमजान के आने पर खुशी मनाने और जाने पर गम मनाने वालों को खुदा पसंद फरमाते हैं। नई मस्जिद के इमाम मोहम्मद मुबारक अंजुम ने तकरीर करते हुए कहा कि रहमत, बरकत और गुनाहों के मगफिरत का यह महीना विदा हो रहा है। कहा कि अलविदा रमजान के साथ झूठ, नफ्स, ख्वासियात, क्रोध, चुगली, किना, हसद को भी अलीबिदा करे। रमजान अमीर लोगों को गरीबी से रूबरू करा देता है आल्हा तल्हा ने एक ही सफ में सभी को खड़ा कर दिए हैं । एक ही सफ में खड़े हैं महमूद व आयाज न कोई बंदा है और न ही बंदा नवाज। वही हाफिज मोहम्मद हदीस ने कहा कि रमजान शरीफ विदा हो रहा है, दिल रो रहा है। अब एक साल जिंदगी बचेगी तो यह महिना नसीब होगा। लोग यदि इस महीने का महत्व को समझ ले तो लोग खुदा से यही दुआ करेंगे कि हर महिना रमजान का महिना हो। ए अल्लाह जिस तरह से माहे ऐ रमजान जा रहा है उसी तरह आल्हा तआला हमारे गुनाहों को भी बख्श दे। हमारी बुराइयों को भी हमसे अलविदा कर दे।

# आगजनी और पांच राउंड फायरिंग करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस ने 19 मार्च को उरीमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू बिरसा प्रोजेक्ट में अज्ञात अपराधियों द्वारा पेलोडर में आगजनी और 4 से 5 राउंड एयर फायरिंग की घटना का उद्भेदन कर दिया है। इस घटना में शामिल राजन गंझू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दरअसल पूरा मामला यह है कि न्यू बिरसा प्रोजेक्ट उरीमारी में टीपीसी का पर्चा फेंक कर भय का वातावरण बनाया जा रहा था कि ट्रांसपोर्ट मलिक जब तक संगठन से मैनेज नहीं करेंगे तब तक काम बंद रखें। हजारीबाग एसपी को सूचना मिली कि अज्ञात अपराधी देवगढ़ पुलिया के निकट बालू घाट के पास अवैध रूप से पैसे की



वसूली कर रहे हैं। इस सूचना के आलोक में थाना प्रभारी और उनकी टीम के द्वारा छापेमारी किया गया जिसमें राजन गंझू उम्र लगभग 35 वर्ष जो बुंडू थाना केरेडारी हजारीबाग बांका रहने वाला है उसे गिरफ्तार किया गया। जब उससे पूछताछ की गई उसने बताया कि उरीमारी घटना में उसकी संलिप्त है। घटना में 5 से 6 अन्य सदस्य और शामिल थे। एसपी ने बताया कि सभी आरोपियों को चिन्हित कर लिया गया है। बहुत जल्द सभी की गिरफ्तारी भी हो जाएगी। आरोपी के पास से पल्सर मोटरसाइकिल, पेट्रोल बोतल, और प्लास्टिक का झोला और 8100 रुपया बरामद किया है। राजन गंझू के बारे में हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने जानकारी दिया कि अभियुक्त एक अपहरण मामले में भी फरार चल रहा है उसी मामले में कई अन्य अपराधियों को 12 साल की सजा भी हो चुकी है।

# पुल एवं सड़क निर्माण को लेकर जिला परिषद उपाध्यक्ष ने डीसी से की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** हजारीबाग जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने शुक्रवार को हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात कर चतरो में बस्सौती नदी पर पुल एवं सड़क निर्माण को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह कदम सांसद मनीष जायसवाल और बरही विधायक मनोज कुमार यादव के निर्देशानुसार उठाया गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम चतरो, पंचायत मलकोको के अंतर्गत जोनल आरईओ सड़क को एनएच-19 और लाइन सड़क से जोड़ना आवश्यक है। यह सड़क ग्रामीणों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। बारिश के दौरान आवागमन बाधित हो जाता है, जिससे क्षेत्र के कई गांवों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। किशुन यादव ने उपायुक्त से आग्रह किया कि पुल एवं सड़क निर्माण कार्य की शीघ्र स्वीकृति दी जाए, ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा मिल सके और क्षेत्र का विकास सुनिश्चित किया जा सके।

# मांडू थाने का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी ने एक एसआई और दो एएसआई को दी हिदायत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले के एसपी अजय कुमार शुक्रवार को मांडू थाने का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एक सब इंस्पेक्टर संजय हेंब्रम और दो एएसआई दिलीप कुमार पासवान और सुरेंद्र सोए को लापरवाही के मामले में पकड़ा और उन्हें आगे से गलती न करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह पाया कि मांडू थाने में 2019 के कुछ मामले अभी भी लंबित पड़े हैं। उन्होंने तत्काल उसके निष्पादन करने का निर्देश दिया। मांडू थाने पहुंचे एसपी को



सबसे पहले गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद एसपी ने प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का टर्न आउट चेक किया। सभी का टर्न आउट उच्च कोटि का था। किट परेड निरीक्षण के क्रम में एक पुलिसकर्मी के टर्न आउट में कमी पाई गई। उन्हें भविष्य के लिए हिदायत दी गई। एसपी ने सर्किल इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी मांडू और थाने में प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी के समक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान थाना भवन, शौचालय, चारदिवारी, संतरी पोस्ट, सरकारी संपत्ति, स्वीकृत बल, विस्फोटक अधिनियम, आयुद्ध एवं गोली बारूद भंडार, उत्पाद शुल्क और अफीम अधिनियम के अधीन अनुज्ञप्ति प्राप्त कारखाने, दुकानों की सूची, लंबित कांडों की सूची, मुख्य हाट, बाजार, मेला की सूची, ग्राम पंचायत के मुखिया, सरपंच तथा प्रखंड समिति की सूची, निगरानी में रखे गए दागियों की सूची, सीमावर्ती अपराध आंकड़ा एवं अपराधियों की सूची, अपराध मानचित्र, पदाधिकारी व कर्मियों का कार्य विवरणि तालिका, अपराधी निर्देशिका का अवलोकन उन्होंने किया। साथ ही मालखाना पंजी, डकैती पंजी, लूट पंजी, गुंडा पंजी, फरारी पंजी, हाजत पंजी, शास्त्र पंजी की भी समीक्षा की गई। इस दौरान पाए गए त्रुटियों को दूर करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी अजय कुमार ने मांडू थाना प्रभारी को सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने को कहा। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग लगातार होना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### क्षेत्र के विकास और समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता : फुलवा देवी



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड संसाधन केंद्र के कांडतरी पंचायत अंतर्गत शुक्रवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुदी में झारखंड सरकार कल्याण विभाग के द्वारा संचालित उन्नति का पहिया कार्यक्रम योजना के तहत वर्ग 8 वीं में पढ़ने वाले छात्र/छात्राओ के बीच 35 (पैंतिस) साइकिल का वितरण एवं पंचायत समिति योजना से विद्यालय बने शौचालय का उद्घाटन प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रेम कुमार राणा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी, काडंतरी पंचायत प्रभारी मुखिया राजदेव प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार चौबे ने फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रमुख फुलवा देवी ने कहा कि समस्या का समाधान करना एवं क्षेत्र का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है।सरकार बच्चों को समय पर साइकिल मुहैया करा कर काफी सराहनीय कार्य किया है। साइकिल पाकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, प्रभारी मुखिया राजदेव प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार चौबे, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गणेश राम, समाज सेवी राजकुमार राणा, एसएमसी अध्यक्ष दशरथ कुमार राणा, उपाध्यक्ष तरंनुम निशा, संयोजिका शिवंति देवी, सहायक अध्यापक राजकुमार मेहता एंव संतोष कुमार की उपस्थित थे।

### नवविवाहिता कॉलेज जाने के बहाने मायके से हुई फरार, परिजन चिंतित

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव की 23 वर्षीय नवविवाहिता अनुराधा कुमारी के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। अनुराधा, जो उपेश कुमार की पत्नी हैं, 25 मार्च को कॉलेज जाने की बात अपनी दादी को कहकर घर से निकली थी, लेकिन उसके बाद से वह लापता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुराधा का विवाह एक वर्ष पूर्व गम्हरिया निवासी उपेश कुमार पिता स्व. योगेंद्र साव से हुआ था। वह हाल ही में अपने मायके ग्राम बारिसाखी, थाना गिद्धौर, जिला चतरा गई हुई थी। वहीं से वह कॉलेज जाने का बहाना बनाकर घर से नगदी, कपड़े और शादी में मिले सोने-चांदी के सारे गहने लेकर फरार हो गई। घटना के बाद अनुराधा की मां ने गिद्धौर थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पतरातू के नए एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने किया पदभार ग्रहण

**रामगढ़ :** पतरातू के नए एसडीपीओ के रूप में आईपीएस गौरव गोस्वामी ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। गौरव गोस्वामी 2021 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले हैं। इनकी पहली पोस्टिंग पतरातू में एसडीपीओ के पद में हुई है। एसडीपीओ कार्यालय पतरातू में गौरव गोस्वामी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पतरातू अनुमंडल क्षेत्र में संगठित आपराधिक गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अपराध पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता अपनी शिकायतों और समस्याओं को लेकर स्थानीय थाने में संपर्क करें। निवारण नहीं होने पर एसडीपीओ कार्यालय के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं। लोग कभी भी बेझिझक संपर्क कर सकते हैं। जनता को विश्वास में लेकर काम किया जाएगा। अपराधियों के आर्थिक स्रोत बंद करने का प्रयास किया जाएगा। कम उम्र के बच्चे अपराध की ओर आकर्षित न हो इसके लिए स्कूलों व कॉलेज में बच्चों के बीच जगरूकता अभियान चलाया जाएगा।

### दीवार को लेकर दो पक्षों में हिसंक झड़प एक की मौत



**गिरिडीह :** जमीन विवाद में एक दीवार को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में हिसंक झड़प हुई है। इसमे एक की मौत हो गई। पिता, पुत्र सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल है। सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बदडीहा गांव की है। मृतक की पहचान इसी गांव के अशोक राम ऊर्फ पप्पी राम के रूप में हुई है। घायलो में पप्पी राम का पुत्र और अन्य शामिल है। घटना को लेकर बताया गया कि कि अशोक राम और उसके रिश्तेदार कैलाश राम के बीच एक दीवार को लेकर कई वर्षों से विवाद चल रहा था। दीवार को लेकर हाल के दिनों में विवाद बढ़ गया। शुक्रवार को इसी दीवार को लेकर दोनों में भिड़ंत हो गई। इसके बाद दोनों पक्ष की तरफ से लाठी - डंडे चले घटना के बाद दूसरे पक्ष के तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने बताया कि दीवार के पुराने विवाद को लेकर बदडीहा निवासी अशोक राम और कैलाश राम के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में अशोक राम और उसके पुत्र को गंभीर चोट लगी । दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां अशोक राम ने दम तोड़ दिया। एवं पुत्र को इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है। इस मामले में आरोपित कैलाश राम और उसके दो पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### जटिल सर्जरी हमारी मेडिकल टीम की विशेषज्ञता और समर्पण का प्रमाण है : हर्ष अजमेरा

**हजारीबाग :** आरोग्यम अस्पताल ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 23 वर्षीय साहिब परवीन (पुत्री अब्दुल रजाक, निवासी चतरा जिला) की गॉल ब्लैडर (पित्ताशय) में पथरी की सफल सर्जरी की। यह ऑपरेशन पूरी तरह से सुरक्षित और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के तहत किया गया, जिससे मरीज को नया जीवन प्राप्त हुआ। साहिब परवीन पिछले कई महीनों से गॉल ब्लैडर स्टोन की समस्या से परेशान थीं। उन्हें लगातार पेट में तेज दर्द, उल्टी, अपच और असहजता महसूस होती थी, जिससे उनका सामान्य जीवन प्रभावित हो गया था। उचित चिकित्सा सुविधा न मिलने के कारण उनका दर्द और अधिक बढ़ गया था। जब अन्य जगहों पर इलाज संभव नहीं हो पाया, तब उन्होंने आरोग्यम अस्पताल, हजारीबाग में संपर्क किया, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों ने उनकी समस्या को गंभीरता से लिया और त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान की। आरोग्यम अस्पताल के अनुभवी सर्जनों डॉ. बी. एन. प्रसाद और डॉ. मनीष कुमार की देखरेख में यह जटिल सर्जरी की गई। आधुनिक तकनीकों और उपकरणों की सहायता से सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी हुई। डॉक्टरों के अथक प्रयास और समर्पण का ही परिणाम है की मरीज बिना किसी जटिलता के स्वस्थ होकर अपने घर लौट सकीं। सर्जरी के बाद साहिब परवीन को अस्पताल में दो दिनों तक विशेष चिकित्सा देखरेख में रखा गया।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शनिवार ● 29.03.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 244 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## भूकंप से म्यांमार और थाईलैंड में भारी तबाही, अब तक 25 शव मिले



एजेंसी

**यांगून :** भारत के पड़ोसी देश म्यांमार में भीषण भूकंप से बड़े पैमाने पर जनहानि की आशंका है। इसके अलावा थाईलैंड में भी इमारतें भरभराकर गिर गईं और बड़ी संख्या में लोग मलबे में दबे हुए हैं। अब तक मिली जानकारी के अनुसार कुल 25 लोग मारे गए हैं। इसके अलावा सैकड़ों लोग लापता हैं, जिनकी तलाश के लिए अभियान चल रहा है। म्यामांर में भारतीय समयानुसार 11:52 पर पहला जलजला आया और फिर 12 बजे के बाद दूसरा झटका लगा। दोनों बार तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7 से अधिक थी, जो विनाशकारी माना जाता है। पहली बार में 7.2 की तीव्रता का भूकंप था, जबकि दूसरी बार में यह और तेज होते हुए 7.7 हो गया। इन झटकों ने पूरे म्यामांर को हिला डाला और पल भर में ऊंची इमारतें जमींदोज हो गईं।

म्यांमार के मांडले में एक मस्जिद के ढहने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा यूनिवर्सिटी में भूकंप के बाद आग लग गई। स्थानीय मीडिया आउटलेट 'खित थित' ने यह जानकारी दी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि म्यांमार के सागाइंग से 16 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.7 आंकी गई। भूकंप का केंद्र 22.01 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 95.92 डिग्री पूर्वी देशांतर पर सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के कारण मांडले पैलेस के किले सहित कुछ इमारतों को काफी नुकसान हुआ। मांडले क्षेत्र में कई इमारतें मिट्टी में मिल गईं, जबकि मांडले और यांगून को जोड़ने वाली कई सड़कें क्षतिग्रस्त या अवरुद्ध हो गयीं, जिससे परिवहन बाधित हुआ। यांगून में शिन्हुआ के संवाददाताओं ने बताया कि राजधानी ने पी ताव और सबसे बड़े शहर यांगून में भूकंप के झटके महसूस किये गए। ने पी ताव में कुछ स्कूल और कार्यालय भवन भी ढह गए। म्यांमार अग्निशमन सेवा विभाग ने बताया कि बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है। भूकंप के बाद लाओस की राजधानी वियनतियाने, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक और वियतनाम की राजधानी हनोई में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा ने भूकंप के बाद बैंकॉक में आपातकाल की घोषणा कर दी। थाईलैंड की राजधानी में निमार्णाधीन 30 मंजिला इमारत ढह गई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 43 अन्य लापता हो गए। वियनतियाने में तीन मंजिलों से ऊंची इमारतों में जबरदस्त कंपन महसूस किया गया। हनोई और हो ची मिन्ह सिटी में ऊंची इमारतों में रहने वाले निवासियों को भी जोरदार कंपन महसूस हुआ। म्यांमार में भी बचाव अभियान तेज है और राजधानी यांगून में इमरजेंसी लागू की गई है। आम लोगों के निकलने पर भी रोक लगाई गई है और सिर्फ बचाव दल ही सक्रिय है। थाईलैंड में घायलों को अस्पताल पहुंचाने और अन्य कार्यों के लिए सेना को भी बुला लिया गया है।

### भारत हरसंभव मदद को तैयार : पीएम मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, म्यांमार और थाईलैंड में भूकंप के बाद की स्थिति से चिंतित हूं। सभी की सुरक्षा और खुशहाली के लिए प्रार्थना करता हूं। भारत हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है। इस संबंध में, हमने अपने अधिकारियों से तैयार रहने को कहा है। साथ ही विदेश मंत्रालय से म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के साथ संपर्क में रहने को कहा है।

## एक नजर

### चंद्रग्रहण के 15 दिन बाद आज लगेगा सूर्यग्रहण

**भोपाल :** देशभर में रविवार, 30 मार्च को हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा का पर्व मनाया जाएगा। इससे पहले चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या पर शनिवार, 29 मार्च को सूर्यग्रहण की खगोलीय घटना होगी। होली पर घटित चंद्रग्रहण की घटना के 15 दिन बाद यह आंशिक सूर्यग्रहण (पार्शियल सोलर इकलिप्स) की घटना होने जा रही है। हालांकि, यह भारत में दिखाई नहीं देगी। इसे यूरोप, उत्तरी एशिया, नार्थ अमेरिका का कुछ भाग, नार्थ वेस्ट अफ्रीका में देखा जा सकेगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय समय के अनुसार दोपहर दो बजकर 20 मिनिट 43 सेकंड से आरंभ होकर शाम छह बजकर 13 मिनिट 45 सेकंड तक यह घटना होगी। उन्होंने बताया कि ग्रहण पृथ्वी के एक हिस्से से आरंभ होकर दूसरे भूभाग पर समाप्?त होगा। एक गणना के अनुसार आंशिक ग्रहण का कुछ न कुछ भाग विश्व की जनसंख्या का लगभग 9.94 प्रतिशत लोग देख सकेंगे। सारिका ने बताया कि सूर्य और पृथ्वी के बीच परिक्रमा करते चंद्रमा के एक सीध में आ जाने से पृथ्वी के कुछ हिस्सों पर सूर्य पूरी तरह दिखाई नहीं देगा। इससे आंशिक सूर्यग्रहण की खगोलीय घटना होगी। चंद्रग्रहण की घटना के दो सप्ताह बाद या पहले सूर्यग्रहण की घटना होती ही है। सारिका ने जानकारी दी कि भारत के अधिकांश हिस्सों में सूर्यग्रहण को देखने के लिये दो अगस्त 2027 का इंतजार करना होगा। यह यहां आंशिक सूर्यग्रहण के रूप में दिखेगा।

### झारखंड में 639 पदों पर पूर्व सैनिकों की होगी नियुक्ति

**रांची :** झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान को मजबूती देने और जेल, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 639 पदों पर पूर्व सैनिकों की नियुक्ति की जाएगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, राज्य में पर्याप्त सशस्त्र बल उपलब्ध कराने के लिए विशेष सहायक पुलिस (सैप) की दो बटालियनों का गठन किया गया है। इनमें से एक बटालियन रांची के टाटीसिलवे में और दूसरी जमशेदपुर के हलुदबनी में स्थित है। इन दोनों बटालियनों में भारतीय सेना से भूतपूर्व सैनिकों जैसे सूबेदार, मेजर, नायक, हवलदार, सिपाही, चालक, लिपिक और रसोईयों को अनुबंध के आधार पर अस्थाई नियुक्त किया जायेगा। इन्हें विशेष पुलिस पदाधिकारी का दर्जा दिया जायेगा। इन पदों के लिए नियुक्ति की प्रक्रिया डोरंडा स्थित जैप 1 में होगी। इंटरव्यू 28, 29 और 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

### जंगली हाथियों ने कुचलकर ली तान लोगों की जान

**सिमडेगा :** जिले के अलग-अलग हिस्सों में जंगली हाथी का आतंक देखने को मिला है। जंगली हाथियों ने तीन लोगों की जान ले ली है। वहीं तीन अन्य लोग घायल हो गए है जिनका इलाज जारी है। वन अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब एक बजे महाबुआंग थाना क्षेत्र के बुरुइर्गी देबाटोली गांव में हाथी ने घर के अंदर सो रहे विकास ओहदार की जान ले ली। उसके बाद सुबह करीब छह बजे बानो थाना क्षेत्र के जामंग गांव में एक दूसरे हाथी ने महिला सिबिरया लुगुन को कुचलकर मार डाला।

## जल संरक्षण के लिए नये तरीके अपनाएं : मुख्य सचिव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रदेश के मुख्य सचिव अलका तिवारी ने झारखंड में जल संरक्षण के क्षेत्र में नये तरीके अपनाने पर बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समन्वय बनाकर इस दिशा में आगे बढ़ें।

झारखंड में जल संसाधन के क्षेत्र में हुए अध्ययन और आंकड़े के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने कहा कि राज्य में पर्याप्त बारिश होती है, लेकिन हम उसे पूरी तरह रोक नहीं पा रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा जल संरक्षण कैसे हो, इस दिशा में हमारा फोकस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के कई भागों में जल संकट चुनौती बनकर खड़ी हो चुकी है। झारखंड में अभी यह स्थिति नहीं है, लेकिन बढ़ती जनसंख्या और क्लाइमेट चेंज के दौर में झारखंड में भी यह स्थिति धीरे-धीरे बन सकती है, इसलिए अभी से सचेत होकर इस दिशा में सार्थक पहल करने की जरूरत है। वह शुक्रवार को नेशनल वाटर मिशन के तहत राज्य आधारित एक्शन प्लान पर स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में बोल रही थीं। मुख्य सचिव ने कहा कि झारखंड में नेशनल वाटर मिशन के लिए जुटाए जा रहे पानी के खपत के आंकड़े जल संरक्षण और उसके प्रबंधन में हमारी काफी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि पानी की किल्लत वाले देश इजराइल और साइप्रस किस तरीके और तकनीक के साथ इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, इस पर भी हमें ध्यान देना चाहिए। बैठक के दौरान बताया गया कि टाटा और बोकारो स्टील जैसी बड़ी कंपनियों को राज्य सरकार पानी की सप्लाई करती है, इसलिए इसके आंकड़े हैं और उनसे सैकड़ों करोड़ रुपये टैक्स भी मिलता है। लेकिन, जो उद्योग भूगर्भ जल का उपयोग करते हैं, उसका डेटा नहीं मिल पाता। बताया गया कि भूगर्भ जल संरक्षण के लिए जल्द ही एक्शन प्लान लाने की तैयारी चल रही है।

मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में नगर विकास के प्रधान सचिव सुनील कुमार, जल संसाधन सचिव प्रशांत कुमार, कृषि सचिव अबु बक्कर सिद्दीख, नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि डॉ.अजय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## खनन टास्क फोर्स ने 55 ईंट भट्ठों से की 88 लाख की वसूली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को जिला खनन टास्क फोर्स की ऑनलाइन बैठक की। बैठक में जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम में टास्क फोर्स की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने संलिप्त खननकताओं पर प्राथमिकी दर्ज कराने, गिरफ्तार करने एवं अर्थदण्ड लगाने का निर्देश दिया।




उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध फरवरी माह में हुए कार्रवाई की गहणता से समीक्षा की। जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि फरवरी 2025 में 34 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं 2 प्राथमिकी दर्ज की गई है। दण्ड के रूप में 16.43 लाख रुपए की वसूली की गई है। उन्होंने बताया कि पत्थर खनिज के रद्द डीलर अनुज्ञप्ति-क्रशरों की संख्या 13 है। वहीं बालू खनिज के रद्द डीलर अनुज्ञप्ति-भंडारण की संख्या 24 है। 55 ईंट भट्ठेदारों से 88 लाख रुपए दंड राशि के रूप में वसूली की गई है। वहीं पत्थर खनिज के पट्टेधारियों से 72,57,471 रुपए की वसूली की गई है। वन प्रमंडल पदाधिकारी की ओर से अवैध खनन, परिवहन से संबंधित 8 प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिला परिवहन कार्यालय की ओर से 14 वाहनों को जब्त करते हुए 770500 रुपए की वसूली की गई है। वहीं अंचल-थाना स्तर पर 57 वाहनों को जब्त करने संबंधी कार्रवाई की गई है।

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अटैच माइंस से पत्थर उठाव नहीं करने तथा अवैध उत्खनन कर पत्थरों को लाने वाले क्रशर संचालकों पर कार्रवाई करना सुनिश्चितत करें। उनके खिलाफ संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराएं। अर्थदण्ड लगाते हुए वसूली की कार्रवाई करें।

उपायुक्त ने अंचल एवं थाना स्तर से अवैध परिवहन, खनन एवं भंडारण के विरूद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने सख्ती से इसकी रोकथाम का निदेश दिया। अवैध बालू भंडारण पर रोक लगाने अंचल-थाना स्तर पर ट्रेंच कटिंग, बैरिकेटिंग कर चौकीदार की प्रतिनियुक्ति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ट्रेंच कटिंग से अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कैटेगरी-1 बालूघाट मुखिया से टैग हैं। छापेमारी कर इसकी अद्यतन स्थिति का जायजा लेना सुनिश्चित करें।

## आजसू नेता की हत्या के विरोध में सड़क जाम, आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पंडरा ओपी क्षेत्र के रवि स्टील के पास स्थित विशाल फुटवियर दुकान के संचालक और आजसू पार्टी के रातू प्रखंड उपाध्यक्ष भुपल साहू की हत्या के विरोध में शुक्रवार को झिरी चौक के पास सड़क जाम कर दिया गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर बांस-बली लगाकर रास्ता जाम कर दिया और टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आसपास की दुकानों को भी बंद करा दिया। घटना की सूचना मिलते ही पंडरा पुलिस मौके पर पहुंची है और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर कर जाम हटाने का प्रयास किया। आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर स्थानीय लोग सड़क पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

### बाबूलाल मरांडी का सरकार पर हमला, कहा- 'अपराधियों को संरक्षण मत दीजिए'

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि रांची में बीते दो दिनों में दो लोगों की नृशंस हत्या हुई, लेकिन मुख्यमंत्री रमजान की इफ्तार और ईद की बधाइयों में व्यस्त हैं। उन्होंने सरकार से इन हत्याओं की जिम्मेदारी लेने की मांग की। बाबूलाल ने आरोप लगाया कि अपराधियों का वार इतना घातक हो गया है कि आम जनता असमय काल के गाल में समा जा रही है। उन्होंने कहा कि सुहागिनों का सिंदूर मिट रहा है, बच्चे अनाथ हो रहे हैं और पूरे परिवार उजड़ जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कानून व्यवस्था को सुधारने की अपील की और चेतावनी दी कि अगर सरकार डायलॉगबाजी छोड़कर एक्शन नहीं लेती, तो विपक्ष भी पलटवार करने में सक्षम है।

## केंद्रिय कर्मचारियों के डीए में 2 प्रतिशत बढ़ोत्तरी को मंजूरी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में 2 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी को मंजूरी दे दी। यह बढ़ोत्तरी 1 जनवरी, 2025 से लागू होगी और इससे एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 1 जनवरी 2025 से केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) की एक अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दी है, जो मूल वेतन अथवा पेंशन के 53 प्रतिशत की मौजूदा दर में 2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है, ताकि मूल्य वृद्धि की भरपाई की जा सके।


उन्होंने कहा कि महंगाई भत्ते और महंगाई राहत दोनों में वृद्धि के कारण राजकोष पर प्रति वर्ष 6614.04 करोड़ रुपये का संयुक्त प्रभाव पड़ेगा। इससे लगभग 48.66 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 66.55 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। यह वृद्धि स्वीकृत फार्मूले के अनुसार है, जो 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है।

## पटना-आरा-सासाराम ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड कॉरिडोर को मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने चार लेन के पटना-आरा-सासाराम ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड कॉरिडोर को मंजूरी दी है। हाइब्रिड वार्षिकी मोड (एएएम) से बनने वाले 120.10 किमी लम्बे कॉरिडोर पर 3,712.40 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्र की आर्थिक मामलों (सीसीईए) की मंत्रिमंडलीय समिति ने निर्माण को आज मंजूरी दी।

मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि पटना-आरा-सासाराम कॉरिडोर क्षेत्रीय आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे लखनऊ, पटना, रांची और वाराणसी के बीच कनेक्टिविटी में सुधार होगा। वर्तमान में सासाराम, आरा और पटना के बीच




कनेक्टिविटी मौजूदा राज्य राजमार्गों (एसएच2, 12, 81 और 102) पर निर्भर है और आरा शहर में भारी भीड़ के चलते 3-4 घंटे लगते हैं। एक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर, मौजूदा ब्राउनफील्ड हाइवे के 10.6 किमी के उन्नयन के साथ बढ़ती भीड़ को कम करने के लिए विकसित किया जाएगा। इससे घनी आबादी वाले आरा, गड़हनी, पीरो, बिक्रमगंज, मोकर और सासाराम की जरूरतें पूरी होंगी।

परियोजना को प्रमुख परिवहन गलियारों के साथ जोड़ा जाएगा, जिसमें एनएच-19, 319 922, 131जी और 1220 शामिल हैं। इससे औरंगाबाद, कैमूर और पटना को जोड़ेंगे।

परियोजना 2 हवाई अड्डों (पटना के जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और आगामी बिहिता हवाई अड्डे), 4 प्रमुख रेलवे स्टेशनों (सासाराम, आरा, दानापुर, पटना) और 1 अंतदेर्शीय जल टर्मिनल (पटना) को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और पटना रिंग रोड तक सीधी पहुंच बढ़ाएगी।

## रीमिक्स फॉल में बड़ा हादसा, नहाने के दौरान डूबने से दो सगे भाइयों की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** रीमिक्स फॉल घूमने आए दो लड़के नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गए। इनमें एक को गंभीर हालत में बुंडू ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जबकि दूसरे लड़के की तलाश जारी थी। बुंडू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती लड़के की मौत हो गयी है, जबकि काफी मशक्कत के बाद फॉल से दूसरे लड़के का शव बरामद किया गया। ये दोनों लड़के सगे भाई थे। हादसे की सूचना मिलने पर स्थानीय गोताखोर के साथ पुलिस रीमिक्स फॉल पहुंची और उनकी तलाश में जुट गयी थी, वहीं परिजनों को हादसे की जानकारी दी गयी। खबर मिलते ही परिजन खूंटी पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों के नाम शुभम कुमार और राज कुमार हैं। झारखंड की राजधानी रांची से आठ लड़के कार से खूंटी पहुंचे थे। रीमिक्स फॉल पहुंचने के बाद लड़के नहाने लगे। इसी दौरान दोनों भाई गहरे पानी में डूब गए। साथियों ने खूंटी की मारंगहादा पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद स्थानीय गोताखोरों के साथ पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से रीमिक्स फॉल में डूबे दोनों लड़कों की तलाश की गयी।

एक लड़के को फॉल से निकाल लिया गया और उसे बुंडू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जबकि दूसरे लड़के की तलाश गोताखोरों द्वारा की जा रही थी। बाद में दूसरे लड़के का शव बरामद किया गया। दोनों लड़के रांची के कोकर (अयोध्यापुरी) के रहनेवाले थे।

एक नजर

## सड़क हादसे में अनियंत्रित स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराई



**बोकारो:** शहर में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर-9 का है, जहां देर रात एक स्कार्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डिवाइडर में लगा लोहे का पाइप उखड़ गया और वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कैसे हुआ हादसा यह दुर्घटना बीजीएच और बसंती मोड़ वाली मुख्य सड़क पर रात करीब 12:30 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गनीमत रही कि इस हादसे में सवार लोग बाल-बाल बच गए।

## सियालजोरी थाना में रामनवमी, ईद व सरहुल को लेकर हुई बैठक



**बोकारो :** सियालजोरी थाना परिसर में शुक्रवार को रामनवमी, ईद व सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी मनीष कुमार ने - की। बैठक में मुख्य रुप से एसडीएम चास, एसडीपीओ चास, बीडीओ चास, सीओ चंदनकियारी मौजूद थे। चास एसडीओ प्रांजल ढांडा ने - सभी को सौहार्दपूर्ण वातावरण आपसी - भाईचारे के साथ त्योहार मनाने को कहा। कहा कि जुलूस व त्योहार के दौरान माहौल बिगाड़ने वाला गाना बजाने पर संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जायेगी। डीजे में भड़काऊ गाना तथा अश्लीलता गाना नहीं बजाना है। चास डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि जुलूस में ड्रोन कैमरा से निगरानी की जायेगी। आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों पर सख्त करवाई की जायेगी। किसी भी त्योहार में कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए पुलिस भी तैयारी में लगी हुई है। उन्होंने सभी शांति समिति के सदस्यों को सभी त्योहार के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने को कहा, ताकि कहीं भी किसी भी तरह का कोई अप्रिय घटना ना हो। किसी को भी अपने स्तर से किसी प्रकार का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जायेगी जो पूर्व निर्धारित रूट है उसी में सभी जुलूस निकालेगा। यद किसी कमिटी को जुलुस निकलना है तो एसडीएम को आवेदन दे। आदेश मिलने पर जुलुस निकाल सकता है। बैठक में सदस्यों ने एसडीएम व पदाधिकारियों से चास तलगडिया मुख्य पथ पर नौ एंट्री को लागू करने की मांग किया।

# अवैध कोयला खनन को लेकर ब्लास्टिंग से 29 खदानें ध्वस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** कोयला खनन पर बड़ी कार्रवाई अवैध कोयला खनन मंडल द्वारा अवैध कोयला खनन के खिलाफ पिछले 2 महीने से डोजरिंग की माहिम को आगे बढ़ाए गए आज कोयला खनन क्षेत्र में पहली बार अवैध कोयला खनन पर नियंत्रण स्थापित किया गया। यह अभियान बोकारो उपायक्त के आदेश से वन विभाग, बोकारो के अवशेष में बनी वन विभाग, बेरमो त्रिपोल, खनन विभाग, पुलिस प्रशासन और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की संयुक्त टीम के दवारा सीसीएल केबीपी प्रोजेक्ट, गोमिया के क्षेत्र में संचालित किया गया। इस अभियान के तहत अवैध रैटहोल खदानों को नष्ट करने और नियंत्रित ब्लास्टिंग के माध्यम से नष्ट कर दिया गया, जिससे इनका उपयोग असंभव हो गया। इस कार्रवाई का उद्देश



प्राकृतिक की रक्षा करना, पर्यावरण को हो रहे नाकासन को लाभ और अवैध खनन के कारण होने वाली सामाजिक और आर्थिक क्षति को समाप्त करना है। रेवावन, पचमो, हरदाग और बगियारी में मौजूद 29 अवैध महानो में 290 के बारूद से अंतिम दिल के मध्यम से नियंत्रित ब्लास्टिंग कर विध्वंस किया गया और आगे अभियान भी जारी रखा गया कल छूटे हुए 15 महानो को शुरू किया जाएगा। आधुनिक उद्यम के सहायता से चलने वाले इस अभियान से अवैध महानों के धसने से जाने वाली मूर्ति की भी जाने जाएगी।

**शिक्षक क्षेत्र में सुरक्षा के विशेष उपाय**

रहवन संरक्षित वन क्षेत्र प्रभावित होने के कारण इस अभियान को पूरी तरह से प्रभावित किया गया। अवेवन स्टेशन से पुलिस और विशेष सुरक्षा बल के दस्तों के साथ, टीम ने अवैध खनन को बंद करने के लिए सुव्यवस्थित तरीके अपनाए। इस सूची को सफल रूप से अंतिम चरण तक पहचाने जाने वाले हैं, बार्सिलोना वन प्रमंडल संदीप शिंदे, स्टाम्पल रालोसपा (बेरमो) मुकेश मछुआ, जिला सांख्यिकी रवि कुमार, सीसीएल जीएम और परियोजना निदेशक अजित कुमार, निगमायुक्त जे.

**अवैध के सख्त सख्त कदम**

वन विभाग स्पष्ट रूप से यह संदेश देना चाहता है कि संरक्षित वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न किया जाए। अवैध में जमा लोगों की पहचान कर एक कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जनता से अपील की जा रही है कि यदि उन्हें अवैध खनन या आपदा की कोई सूचना मिले, तो वे तुरंत संबंधित जानकारी को सुचित करें ताकि प्राकृतिक और प्राकृतिक तत्वों की रक्षा की जा सके।

## डीपीएस के प्राचार्य डॉ गंगवार को मिला 'मोस्ट इफेक्टिव प्रिंसिपल अवार्ड'



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शिक्षा के क्षेत्र में विगत लगभग साढ़े तीन दशक से इस्पातनगरी बोकारो का नाम विश्वपटल पर गौरवान्वित कर रहे डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार की उपलब्धियों में एक और नया आयाम जुड़ गया है। उन्हें मोस्ट इफेक्टिव प्रिंसिपल के सम्मान से नवाजा गया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं बदलते समय के अनुरूप नवोन्मेषी, उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-व्यवस्था के कुशल नेतृत्व के लिए उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र के साथ यह अवार्ड प्रदान किया गया। नई दिल्ली में थिंक यूनिक इंफोमीडिया प्रा. लि.की ओर से एएफसी इंडिया लि. एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित नौवें ग्लोबल एजुकेशन एंड स्किल समिट लीडरशिप अवॉर्ड्स समारोह के दौरान डॉ. गंगवार को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के चेयरपर्सन प्रियांक कानूनगो, मध्य प्रदेश कौशल विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री डॉ. हेमंत देशमुख, सांसद संजय देशमुख, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मुख्य समन्वयन अधिकारी डॉ. बुद्धा चंद्रशेखर, सीबीएसई के निदेशक डॉ. विश्वजीत साहा सहित कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी में यह पुरस्कार दिया गया। सम्मेलन में देश के कई गणमान्य शिक्षाविद शामिल हुए थे।

# अवैध कोयला कारोबार में वर्चस्व को लेकर चली गोली व बम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** अवैध कोयला कारोबार में वर्चस्व को लेकर गोली व बम चलना कोई नई बात नहीं है। आये दिन वर्चस्व को लेकर गोलीबारी की घटनाओं के होने के बावजूद पुलिस प्रशासन गम्भीर होती नही दिख रही है। ताजा मामला ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र में घटित हुआ है। जहां अवैध कोयला कारोबार में वर्चस्व को लेकर एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के लोगो पर आचनक दर्जनों लोगों के साथ मिलकर हमला पत्थरबाजी, फायरिंग कर दिया। भागकर एक पक्ष अपनी जान बचाते हुए गोन्दूडीह से ईस्ट बसुरिया तक पहुँच गया। इस दौरान ललन पासवान नाम के व्यक्ति को गोली मार दिया गया।वही आधा दर्जन किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाया। घटना से दहशत का माहौल



है। वही घायल ललन पासवान को SNMMCH अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। जहाँ स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घटना की जानकारी पाकर पुलिस अस्पताल पहुँच,घायल से पुछताछ कर रही है। घटना से क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना कोयले के अवैध धंधे से जुड़ा हुआ है। जिसमे दूसरे पक्ष के गुल्टन और सुंदर यादव नामक युवक से गुरुवार की सुबह विवाद हुआ था। जिसके बाद ललन पासवान के घर पर आरोपियों ने मारपीट भी किया था। वही देर शाम दूसरे गुट के दो दर्जन लोगों ने गोंदूडीह आमबगान पहुंचकर जमकर गोलीबारी की। जिसमे ललन पासवान को गोली लग गई। घटना के बाद ललन पासवान को घायलावस्था में उसके दोस्त लेकर पास के निजी नर्सिंग होम ले गए। जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए घायल ललन पासवान को धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस ने बच्चों को दिया स्कूल बैग व खेल सामग्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो के पुलिस कप्तान मनोज स्वर्गियरी ने शुक्रवार को अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के चुट्टे फुटबॉल मैदान में कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां क्रिकेट फुटबॉल सहित अन्य खेल कराकर बच्चों को खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, किताब व पेंसिल भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में शामिल होने आई गांव की महिला ने कहा कि पहले की अपेक्षा अब महिलाएं भी आगे आ रही हैं। हम लोग कई घटनाओं में पुलिस के साथ मिलकर लोगों को न्याय दिलाने का भी काम किए हैं। जिसका लाभ अब आम लोगों के साथ पुलिस को भी मिल रहा है। पंचायत के मुखिया रियाज अंसारी



ने बताया कि पहले इस इलाके का थाना गोमिया हुआ करता था, लोगों को वहां आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। लेकिन आज दो थाना और एक ओपी बन जाने से पूरे इलाके के लोगों के लिए सुविधा हुई है। इस तरह के कार्यक्रम हमेशा होते रहने चाहिए, क्योंकि इलाके में कई समस्या है जिसे दूर करना भी प्रशासन और पुलिस का कर्तव्य है। एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत हम लोग यहां आए थे। लोगों की भीड़ देखकर काफी अच्छा लगा। हम कह सकते हैं कि नक्सलियों का डर अब खत्म हो रहा है। पुलिस और पब्लिक एक दूसरे के सामने आ रहे हैं। इस कार्यक्रम के उद्देश्य से युवाओं में जो भटकाव नक्सली करना चाहते हैं उसे रोकना है और लोगों को सरकारी लाभ भी पहुंचना है। इस माध्यम से हम लोग नक्सलवाद से जाने से लोगों को रोक सकते हैं और विकास की रोशनी अंतिम इलाके तक पहुंच भी सकते हैं। कार्यक्रम में एसडीपीओ बेरमो, सीओ, बीडीओ गोमिया, इंस्पेक्टर गोमिया, थाना प्रभारी चतरोचट्टी एवं कई थाना के प्रभारी भाग लिए।

## प्रबंधन का अपील घड़ियाली आंसू जैसा : बिके चौधरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** इस्पातकमीर्यों का नया पदनाम और ठेकाकमीर्यों के बेतन से पैसा वापसी को लेकर 5 दिन पहले निकाले गये अपील की बिस्तृत जानकारी देने के लिए आज मुख्य महाप्रबंधक एच आर ने अपने इस्पात भवन स्थित कार्यालय मे बैठक बुलाकर उपरोक्त बिषय पर चर्चा हुआ। अपने संबोधन मे मुख्य महाप्रबंधक एच आर ने अन्य स्टील प्लांट के तरह बोकारो मे नये पदनाम का जानकारी देते हुए कहा कि इस पदनाम से इस्पातकमीर्यों का समाजिक प्रतिष्ठा के साथ आत्मसम्मान भी बढ़ेगा जिसका जय झारखंड मजदूर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने स्वागत किया ।लेकिन ठेकाकमीर्यों के बेतन मे से पैसा नही लोटाने बाला अपील पर चर्चा मे प्रबंधन ने कहा कि बोकारो प्रबंधन कभी भी बर्दाश्त नही कर सकता कि मजदूर अपने मेहनत से उपार्जित बेतन मे से इस डर से पैसा लोटाये कि अगर पैसा नही लोटायेंगे तो अगला गेटपास रिन्युअल मे मेरा गेटपास रोक देगा। इस पर जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी ने प्रबंधन के इस अपील



को एन जे सी एस के उन नेताओ से करते हुए कहा कि दिल्ली मे मजदूर बिरोधी समझोता कर बोकारो मे आकर घड़ियालू आंसू दिखाकर गुमराह करने का काम करता रहा है उसी तरह यह अपील भी कोरा बकबास है ।अगर बास्तव और हकीकत मे उत्पादन और मुनाफा मे 90% योगदान देने बाले ठेकाकमीर्यों का पूरा बेतन इस भयंकर मंहगाई मे उसके घर परिवार को चलाने के लिए सुरक्षित करबाना चाहते हैं तो एक स्वतंत्र एजेन्सी से सिधे मजदूर से तहकीकात करायें। दुघ का दूध और पानी का पानी हो जायगा। शुरूआत कोक ओवेन के सल्फेट प्लांट से किया जाय। जहां के एक महाप्रबंधक अधिकारीयों और मेरे साथ गये युनियन प्रतिनिधिमंडल के सामने 10 बर्षों से एस डब्लू मे काम कर रहे मजदूरों को पैसा नही लोटाने के कारण हीं गेट पास के इन्तजार मे महिना लग जाता है।

## पुलिस और रोटरी क्लब सेंट्रल ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल के पूर्व अध्यक्ष अमरेश सिंह ने की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम शहीद निर्मल महतो मेडिकल एंड हॉस्पिटल स्थित ब्लड बैंक में लगातार खून की कमी को देखते हुए धनबाद पुलिस के सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी के नेतृत्व में एवं रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल के द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन हुआ। रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल के पूर्व अध्यक्ष अमरेश सिंह ने बताया की मीडिया बंधुओं से पता चला की थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एसएनएमएमसीएच में खून की कमी से कई बच्चों की जान आफत में आ गई थी। इस गंभीर समस्या को देखते हुए आरसीडीसी के पूर्व अध्यक्ष अमरेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक सिटी अजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कपिल चौधरी से संपर्क कर अविलंब रक्तदान शिविर का आयोजन कराया। इस अवसर पर सभी पुलिस उपाधीक्षक डी. एन. बांका,शंकर कामती, अरविंद कुमार सिंह, एसके सिंह मजीद थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं खुद रक्तदान करने में पूर्व अध्यक्ष अमरेश सिंह, डॉ. विभाष सहाय, देवेन तिवारी,अमित जैन, विनीत तुलस्यान, दीपक बंसल, राहुल दोकानिया, शिवम अग्रवाल, सराईढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी, सोनू कुमार आदि ने रक्तवीर बन इस मुहिम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। इस रक्तदान शिविर में लगभग 55 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

# ईएसएल ने विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण अभियान चला समुदायों को बनाया सशक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** विश्व जल दिवस 2025 के उपलक्ष्य में, वेदांता ईएसएल के सीएसआर विभाग ने केंद्रीय इंजीनियरिंग विभाग के सहयोग से, प्रोजेक्ट स्वजल के तहत प्रभावशाली जागरूकता सत्र और इंटरैक्टिव गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया। ग्लेशियर संरक्षण पर आधारित इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदायों और छात्रों को घरेलू जल संरक्षण और मीठे पानी के संसाधनों को संरक्षित करने के महत्व के बारे में शिक्षित और सशक्त बनाना था।

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं :**

बुद्धिबिनोर आंगनवाड़ी में, वेदांता



ईएसएल ने 45 स्वयं सहायता समूह लाभार्थियों को शामिल करते हुए एक जागरूकता सत्र आयोजित किया। जिसमें वर्षा जल संचयन, कुशल भंडारण और अपव्यय को कम करने जैसी व्यावहारिक जल-बचत तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। सत्र में जिम्मेदार जल उपयोग के महत्व पर जोर दिया गया, प्रतिभागियों को उनके घरों के लिए कार्रवाई योग्य समाधानों के साथ सशक्त बनाया गया। शपथ ग्रहण समारोह के साथ समापन करते हुए, लाभार्थियों ने स्थायी जल प्रथाओं को अपनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की शपथ ली। इसके अतिरिक्त, चंदाहा ड्राइंग सेंटर में, ईएसएल ने जल बचाओ; ग्लेशियर संरक्षणश्थीम पर एक ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें पचास से अधिक छात्रों ने कला के माध्यम से जल संरक्षण के बारे में अपनी समझ को रचनात्मक रूप से व्यक्त किया व मीठे पानी के संसाधनों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। शीर्ष तीन प्रतिभागियों को मान्यता दी गई और पुरस्कृत किया गया, जिससे पर्यावरण की जिम्मेदारी के लिए उत्साह बढ़ा और सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया। सत्र का समापन शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ, जिसमें भावी पीढ़ियों के लिए पानी की सुरक्षा में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पुष्ट किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## एसजेएएस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ने गोली से लगने से घायल मरीज की बचाई जान



**धनबाद:** एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक बार फिर एक तोपचाची स्थित फल व्यवसायी की गोली लगने से गंभीर रूप से घायल मरीज की सफल सर्जरी कर जान बचाई। इस घटना में, मरीज को दाहिनी जबड़े के पिछले हिस्से में गोली लगी थी, जिससे जबड़े की हड्डी में कई फ्रैक्चर हो गए और गर्दन में दो बड़ी रक्त वाहिकाओं को भी नुकसान हुआ। इसके बावजूद, मरीज की मुख्य रक्त वाहिका केवल 2 सेंटीमीटर की दूरी पर होने के बावजूद सुरक्षित बच गई। घटना के बाद मरीज को तुरंत धनबाद के एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर रक्तस्राव के कारण उसे 2 यूनिट रक्त चढ़ाया गया। मरीज की हालत की गंभीरता को देखते हुए एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के बुलेट विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने त्वरित ऑपरेशन थिएटर में सर्जरी शुरू की, जहां रक्त वाहिकाओं से हो रहे रक्तस्राव को बंद किया और हड्डी के छोटे-छोटे टुकड़ों को बाहर निकाला। सर्जरी के बाद सी.टी. स्कैन से यह सुनिश्चित किया गया कि कोई सक्रिय रक्तस्राव वाली रक्त वाहिका या हड्डी का टुकड़ा बचा नहीं हो। ऑपरेशन के बाद मरीज को एक ड्रेनेज ट्यूब में रखा गया, ताकि शेष रक्त बाहर निकल सके। सर्जरी के सफल होने के बाद मरीज को 4 दिनों के अंदर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब मरीज का जीवन सामान्य हो गया है और वह अपने परिजनों से बातचीत करने में एवं सामान्य जिंदगी जीने के लिए सक्षम है। एस.जे.ए.एस हॉस्पिटल के सीईओ डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा, हमारा अस्पताल एक बार फिर गोली लगने से घायल मरीज की जान बचाने में सफल रहा।

## लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**धनबाद :** भाटडीह ओपी क्षेत्र में लगातार हो रहे चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आज भाटडीह ओपी में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वे चोरी की घटनाओं का उदभेदन कर अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने कानून व्यवस्था मजबूत करने और ग्रामीणों को सुरक्षा देने की आवाज बुलंद की। नेतृत्व कर रही वार्ड सदस्य बेबी चक्रवर्ती ने कहा कि बीते कुछ दिनों के अंदर कई बार मुरलीडीह 20/21 कोलयरी में ट्रांसफार्मर की चोरी हुई, जिसके कारण लोगों को अंधेरा में रहने को विवश होना पड़ा था। वर्तमान में भी अपराधियों ने ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर दिया है। परिणामस्वरूप क्षेत्र में बिजली -पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। रोज देर रात को अपराधियों के द्वारा लोगों के घरों का दरवाजा खटखटाकर डराया जाता है। लगभग दो घंटे तक प्रदर्शनकारी ओपी परिसर में बैठकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। तत्पश्चात ओपी प्रभारी अनिल कुमार मंडल ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि रात्रि गश्ती बढ़ाया जायेगा और हर टोला में पुलिस भ्रमण करेगी। अगर क्षेत्र में कोई संदिग्द्ध व्यक्ति घुमते हुए मिला तो उसे पकड़कर पुलिस को सूचना देने का आग्रह किया। इसके बाद प्रदर्शनकारी वापस लौट गए। मौके पर बेबी देवी, बसंती देवी, मेनका देवी, जुबेदा खातून, लीला देवी, अनिता देवी, रेशमा देवी, लक्ष्मी देवी, रेहाना परवीन, सहाना परवीन, बुधनी देवी, रश्मि देवी, सुदामी देवी, रजिया खातून, सुनैना देवी, निर्मल ठाकुर आदि मौजुद थे।

## चैती छठ पूजा को लेकर नगर निगम ने सफाई कार्य किया शुरू



**बोकारो :** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा को लेकर नगर निगम चास ने तैयारी शुरू कर दी है। इस बार भी बोकारो मे बड़े पैमाने पर छठ ब्रतियों को घाट पहुँचने की सम्भावना है। इसी को लेकर निगम के द्वारा चास गरगा पुल के समीप हेल्पिंग हैंड घाट की सफाई शुरू की गई है। सफाईकर्मी मोहन हांडी के मुताबिक पूजा को स्वछता पूर्वक सम्पन्न करने के लिए निगम कटिबद्ध है, इसको लेकर सफाई की जा रही है। सफाई तथा कूड़े डंपिंग के लिए कई संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है।

## शहर के सभी वर्ग पार्टी से जुड़ रहे हैं : मंटू यादव



**बोकारो:** शुक्रवार बियाडा बाजार बालीडीह कार्यालय में शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने झामुमो बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव को शहरी क्षेत्र का अध्यक्ष बनने पर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मंटू यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शहर के लोगों से उनका हमेशा जुड़ाव रहा है। शहर के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने का भी वादा किया।मंटू यादव ने कहा कि झामुमो जल्द ही डालमिया भारत सीमेंट और अन्य बड़ी कंपनियों के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगा ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। उन्होंने क्षेत्र में प्रदूषण की समस्या पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि पार्टी प्रदूषण फैलाने वाली कंपनियों के खिलाफ भी कार्रवाई करेगी। उन्होंने शहर के सभी लोगों के साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर मनोज महतो, शिवराशि टुडू, पुनीत विश्वकर्मा, पप्पू सरदार, कुंदन दास, अशोक यादव, संतोष यादव, रिजवान अंसारी, दलो यादव, अनिल यादव, बद्री स्वर्णकार, रामबाबू सिंह, सुशील कुमार पांडे, राम गोपाल राम, सूरज सिंह, सोनू कुमार, दीपन यादव, अब्दुल अंसारी, विनोद महतो आदि उपस्थित थे।

# ईद और सरहुल को लेकर रांची सहित पूरे राज्य में रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** ईद और सरहुल को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी संवेदनशील जगहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में 4533 जवानों की अतिरिक्त तैनाती की जायगी। वही हजारीबाग, गिरीडीह, जमशेदपुर और रांची में विशेष चौकसी बरतने का निर्देश पुलिस मुख्यालय की ओर से दिया गया है। इन चारों जिलों में रैप को भी तैनात किया जाएगा। विशेष सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के लिए बलों की प्रतिनियुक्ति 29 मार्च से दो अप्रैल तक के लिए की गई है। जहां पूर्व में सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं। उन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश पुलिस मुख्यालय ने दिया है। डीजीपी के आदेश पर आईजी अभियान ने इसे लेकर शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया है। पुलिस कर्मियों को सुरक्षा उपकरणों के साथ प्रतिनियुक्त किया जाएगा। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि ईद और सरहुल को लेकर पूरे राज्य में सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में पुलिस वालों की तैनाती की गई है।

### एनएसए और सीसीए के तहत होगी कार्रवाई : डीजीपी

सोशल मीडिया पर सम्प्रदायिक उपद्रव फैलाने वाले पर सीसीए की तहत कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया पर सम्प्रदायिक उपद्रव फैलाने वाले को न सिर्फ चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी, बल्कि आरोपित के विरुद्ध एनएसए और सीसीए के तहत भी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर पुलिस कड़ी निगरानी रखेगी। किसी तरह की अफवाह फैले तो तत्काल उसका सत्यापन का निर्देश दिया गया है। डीजीपी ने सोशल मीडिया पर जहर फैलाने वाले तमाम आसामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए यह कहा है कि अगर वे सोचते हैं कि सोशल मीडिया पर जहर फैला कर वे बच जाएंगे तो यह उनकी भूल है। झारखंड पुलिस के पास ऐसे तमाम टेक्निकल साधन उपलब्ध है जिसके जरिए फेक आईडी बनाकर कम्युनल तनाव फैलाने वालों की पहचान की जा सकती है। डीजीपी ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ एनएसए और सीसीए के तहत कार्रवाई होगी। ऐसे लोग सावधान हो जाएं वरना उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि कोई सोशल मीडिया पर जहर फैलाकर यह सोचता है कि वह पकड़ा नहीं जाएगा तो उसकी सोच बिल्कुल गलत है। डिजिटल फुटप्रिंट के जरिए बड़े आसानी के साथ पकड़े जाएंगे। डीजीपी ने सीजीएल परीक्षा का उदाहरण देते हुए कहा कि इसके आरोपित डिजिटल फुटप्रिंट के जरिए ही पकड़े गए हैं।

## एक नजर

### विद्यापति समिति रामनवमी पर लगाएगी सेवा शिविर

**रांची :** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में समिति के मुख्य संरक्षक आशु झा की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति छह अप्रैल को पूरे हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का त्योहार मनाएगी। इस अवसर पर रामनवमी सेवा शिविर का आयोजन बाबा विद्यापति स्मारक समिति की ओर से रांची के कचहरी चौक पर शिविर लगाई जाएगी। शोभा यात्रा में राम भक्तों के लिए कच्चा चना, गुड़ शरबत और शीतल पेय जल की व्यवस्था समिति नि:शुल्क करेगी। बैठक में समिति के मुख्य संरक्षक आशु झा, ज्ञानदेव झा, मृत्युंजय झा, पूर्णेन्दु ठाकुर, राजेश झा, उदित नारायण ठाकुर, वैद्य मनोज झा, भावेश मिश्रा, हेमंत झा, अजय झा सहित अन्य मौजूद थे।

### स्वावलंबी समाज से ही श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण : विनोद बिड़ला

**रांची :** सेवा भारती, झारखंड के तत्वावधान में तीनदिवसीय सेवा सारथी प्रशिक्षण वर्ग सह स्वरोजगार, स्वावलंबन प्रशिक्षण शिविर रांची के जोन्हा स्थित सेवा धाम में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ता व्यक्तिव विकास,नेतृत्व क्षमता विकास के साथ साथ भिन्न भिन्न प्रकार के घरेलू उद्यम के प्रशिक्षण दिए गए जिसमें सहकार भारती के लक्ष्मण पात्रा द्वारा फिनायल, निमाइल, उजाला-नील निर्माण, हैंड वाश, डिश वाश, फर्स क्लीनर,रुम फ्रेसनर्स, गोबर से दीपक बनाना आदि उद्यमिता के प्रशिक्षण दिया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी विनोद बिड़ला ने कहा कि पूर्व में हमारा समाज पूर्णत: स्वावलंबी था। हमारे देश के विकास दर को विदेशी आक्रांताओं ने षड्यंत्र के तहत सामाजिक और आर्थिक व्यवस्थाओं को ध्वस्त कर दिया। आज फिर से छोटे छोटे स्वरोजगार स्वावलंबन के प्रशिक्षण देकर सर्व समाज को आत्मनिर्भर बनाकर देश को सर्वश्रेष्ठ बनाना है। आज सेवा भारती अपने वैभवश्री आयाम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। महिलाओं को स्वावलंबन प्रशिक्षण देकर उनका आर्थिक सशक्तिकरण किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, झारखंड के प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने कहा कि समाज को सही मार्ग दिखाना और समाज का सारथी बनना महत्वपूर्ण दायित्व है। सामाजिक परिवर्तन के कार्य में सेवा भारती के सेवा सारथी की प्रमुख भूमिका है। सशक्त नारी तो सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा।

### सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाएं मंत्री और अधिकारी : आलोक

**रांची :** राज्य के मंत्री, विधायक और अधिकारी समेत अन्य रसूखदार लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाएं तभी सरकारी स्कूलों का आकर्षण लौटेगा और वे बेहतर तरीके से विकसति हो पाएंगे। यह बातें पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने शुक्रवार को कही। दूबे ने कहा कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकारी स्कूलों की दशा में सुधार को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा नहीं की गई जो राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। ऐसे में सरकारी विद्यालयों की विफलता का ठिकरा निजी विद्यालयों पर फोड़ना गलत है। उन्होंने कहा कि सरकार जानती है कि झारखंड के शिक्षण व्यवस्था की रीढ़ राज्य के निजी विद्यालय हैं जो न सिर्फ लाखों दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करते हैं। साथ ही लाखों लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं। ऐसे में निजी विद्यालयों का मनोबल बढ़ाने की बजाय उनका उत्साह तोड़ने का काम सरकार को नहीं करना चाहिए।

## स्कूलों में यूनिफॉर्म और कॉपी किताब बेचने पर लगे रोक : कैलाश यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** अभिभावक संघ झारखंड के अध्यक्ष कैलाश यादव ने निजी स्कूलों की मनमानी ढंग से री-एडमिशन शुल्क, वार्षिक शुल्क जैसे अतिरिक्त शुल्क वसूलने के खिलाफ लगाम लगाने के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रशासनिक कमिटी बनाने की घोषणा का स्वागत किया है। यादव ने शुक्रवार को सरकार और प्रशासन को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि री-एडमिशन, वार्षिक शुल्क वसूलने के अलावा स्कूल के परिसर में यूनिफॉर्म और कॉपी-किताब बेचने पर भी सख्त रोक लगाई जाने पर संज्ञान लेने की जरूरत है। यादव ने कहा कि प्रशासनिक कमिटी को निजी स्कूलों के मनमानी पर 2.50 लाख का जुमार्ना लगाने के साथ यूनिफॉर्म और कॉपी-किताब बेचने पर भी प्रतिबंध लगाने और जुमार्ने का प्रावधान करना चाहिए। साथ ही प्रशासनिक कमिटी के आदेशों की अवहेलना करने पर अभिभावकों के शिकायत मिलने के बाद निजी स्कूलों पर कड़ी कारवाई करते हुए स्कूलों की मान्यता रद्द होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इन सभी सुझाव को लेकर सरहुल, रामनवमी और ईद के बाद अभिभावक संघ का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर उन्हें अवगत कराएगा।

## पंडरा में व्यवसायी सह आजसू नेता की चाकू से गला रेतकर हत्या


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** पंडरा के रवि स्टील के समीप स्थित विशाल फुटवेयर नामक दुकान के संचालक और आजसू पार्टी के रातू प्रखंड के उपाध्यक्ष भुपल साहू का अपराधियों ने गला रेत दिया। जख्मी हालत में उन्हें रातू के सिमलिया रिंग रोड स्थित इस्टर्न अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी। घटना बुधवार देर शाम की है। वह रातू के चटकपुर स्थित सरना टोली के रहने वाले थे। सूचना मिलने के बाद वहां रातू थाना प्रभारी पहुंचे और घायल को तुरंत इस्टर्न अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन तब तक व्यवसायी का काफी खून बह चुका था। इलाज के दौरान देर रात भुपल की मौत हो गई। आसपास के दुकानदारों ने पुलिस को बताया कि रवि स्टील के पास ही सत्संग चल रहा था। शोर के कारण किसी को घटना का पता नहीं चल पाया। जब वे जख्मी हालत में दुकान में गिर हुए थे, उस समय दुकानदारों को घटना की जानकारी मिली। इसके बाद हमलोगों ने तुरंत पंडरा पुलिस को फोन किया। पंडरा पुलिस तो नहीं पहुंची, लेकिन रातू थाना प्रभारी पहुंच गये। इस कारण पंडरा पुलिस के खिलाफ लोग आक्रोशित थे। बाद में आजसू नेता भरत काशी घटनास्थल पर पहुंचे और बाद में अस्पताल पहुंचे। भरत काशी ने विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। उस समय भुपल साहू ने बढ़-चढ कर उनका सहयोग किया था। उस समय कई लोग उनके दुश्मन बन गये थे। पुलिस ने घटना के बाद अगल-बगल के दुकान की सीसीटीवी की जांच की है। मामले को लेकर पंडरा और रातू पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। हत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है।


## सरकारी विभागों की नीतियों को प्रभावी बनाएगा आईएएफ : सचिव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड सरकार और द नज इंस्टिट्यूट के संयुक्त प्रयास से शुरू की गई द नज इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलोशिप (आईएएफ) राज्य के प्रमुख विभागों में तेजी से कार्य कर रही है। फेलोशिप का उद्देश्य नीति सुधार, परियोजना प्रबंधन और नई तकनीक के जरिए शासन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाना है। इस संबंध में वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को बताया कि यह फेलोशिप झारखंड सरकार की प्रशासनिक क्षमता को और अधिक सशक्त बनाएगी। उन?होंने कहा कि शासन को कुशल, प्रभावी और नवीन दृष्टिकोण देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि इन फेलोशिप का योगदान नीतिगत सुधारों और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि आईएएफ के तहत नियुक्त ये सभी सहयोगी 20 से अधिक वर्षों का निजी क्षेत्र का अनुभव रखते हैं। उनका उद्देश्य अपने विशेषज्ञता का उपयोग कर सरकारी तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाना है, जिससे राज्य के समावेशी और सतत विकास को बल मिल सके। फेलोशिप के शुरूआती दो महीनों में इन सहयोगियों ने विभागीय टीमों के साथ मिलकर प्रक्रियाओं का विश्लेषण, डेटा समीक्षा और सुधार एजेंडों की पहचान की है। आने वाले महीनों में ये सहयोगी विभिन्न परियोजनाओं का प्रगति को बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि द नज इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलोशिप तीन को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में झारखंड सरकार के वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार (आईएएस) की उपस्थिति में लॉन्च की गई थी। इस फेलोशिप का प्रमुख उद्देश्य नीति निर्माण को मजबूत करना, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी लाना, विभागीय कार्यप्रणाली में नयेपन और तकनीक का उपयोग बढ़ाना और शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

## झारखंड के तापमान में आज से दो से तीन डिग्री की होगी गिरावट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के कई इलाकों में 29 मार्च से अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की कमी होने की सम्भावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी है। तापमान में कमी का कारण दिन में चलनेवाली 30 से 40 किमी की गति से हवाएं चलने की संभावना है। वहीं राज्य के कई जिलों में तापमान बढ़कर 40 या उससे पार कर गया है। पूर्वी सिंहभूम का बहरागोड़ा, पलामू और पलामू में तापमान मार्च माह में ही 40 डिग्री पहुंच गया है, जबकि गढ़वा और देवघर में तापमान 40 डिग्री के करीब है। हालांकि राजधानी में अभी भीषण गर्मी शुरू नहीं हुई है, लेकिन हर दिन तापमान में एक से दो डिग्री की वृद्धि दर्ज की जा रही है। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 34.8, जमशेदपुर में 39.3, डालटेनगंज में 40.6 और बोकारो में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# झारखंड में बालू की बढ़ती कीमतों को लेकर बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर साधा निशाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में बालू की किल्लत और बढ़ती कीमतों को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बालू के अवैध कारोबार में सरकार, खनन माफिया, ट्रांसपोर्टर, अधिकारी और दलालों की मिलीभगत है, जिससे आम जनता को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि राज्य में बालू के लिए हाहाकार मचा हुआ है और आम जनता की जेब से मनमानी कीमत वसूली जा रही है। मरांडी ने कहा है कि रांची में निर्माण कार्य के लिए इस्तेमाल होने वाला बालू मुख्यत सिल्ली, बुंडू और सोनाहातू से लाया जाता है। बालू घाट से निकलने पर इसकी कीमत लगभग 5,000 रुपये होती है, लेकिन रांची पहुंचते-पहुंचते कीमत 45,000 के पार चली जाती है। बाबूलाल ने इस 60 किमी की दूरी में बालू की कीमत में नौ गुना इजाफे को एक संगठित अवैध कारोबार का नतीजा बताया।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस अवैध कारोबार में मुख्यमंत्री, खनन माफिया, ट्रांसपोर्टर, अधिकारी और दलालों का गठजोड़ शामिल है। बालू घाट पर अवैध एंट्री, परिवहन के दौरान अवैध पासिंग और ब्लैक मार्केटिंग के माध्यम से भारी रकम वसूली जा रही है। झारखंड में लगभग 440 बालू घाटों में से केवल 31 कानूनी रूप से संचालित हैं, जिसके कारण आम आदमी को महंगे दामों पर बालू खरीदना पड़ रहा है। मरांडी ने इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि वे झारखंड में चल रहे हजारों करोड़ के अवैध बालू कारोबार तंत्र को ध्वस्त करें, ताकि आम जनता को सस्ती कीमत पर पर्याप्त बालू उपलब्ध हो सके और राजस्व के नुकसान को कम किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से मिले वित्त मंत्री



**रांची :** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान मंत्री ने राज्यपाल को पलामू के नीलाम्बर-पीताम्बर, भवन निर्माण की गुणवत्ता एवं अनियमितता संबंधी जांच कराने के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर उन्होंने जांच में दोषी पाए गए प्रभारी कुलसचिव, सीसीडीसी एवं प्रॉक्टर सहित अन्य दोषी अधिकारियों पर शीघ्र कार्रवाई करने के लिए पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के भवन निर्माण की गुणवत्ता एवं अनियमितताओं संबंधी अन्य विषयों की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने राज्यपाल को राज्य के 2024-25 के राजस्व संग्रहण एवं राज्य के विकास योजनाओं के संबंध में भी जानकारी प्रदान की। उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी, 2025 को राज्यपाल से वित्त मंत्री ने नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के भवन निर्माण की गुणवत्ता के संदर्भ में शिकायत की गई थी। राज्यपाल ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया, जो स्थल निरीक्षण कर विभिन्न विसंगतियों की जांच कर राज्यपाल के समक्ष अपना प्रतिवेदन समर्पित किया। प्रतिवेदन के अनुसार, निर्माण कार्य स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप नहीं पाया गया तथा संवेदक की ओर से निम्न गुणवत्ता का कार्य किया गया है।

### तीन माह का वेतन मिलने से एचईसी कर्मियों में खुशी, जताया आभार



**रांची :** एचईसी कर्मियों को एक साथ तीन माह का वेतन मिलने से उनमें खुशी का माहौल है। केंद्र सरकार ने एचईसी के आकांक्षा परियोजना के एवज में कुल 43 .95 करोड़ रुपये एचईसी को भुगतान किया है। इसमें से एचईसी की ओर से कर्मियों के वेतन के मद में 24 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। वहीं एचईसी मजदूर संघ के महामंत्री रामाशंकर प्रसाद ने कहा कि कर्मियों को वेतन दिलाने में एचईसी प्रबंधन के अलावा केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और भाजपा नेता विनय जायसवाल की महती भूमिका रही है। उन्होंने एचईसी कर्मियों की ओर से उपर्युक्त नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया है। उल्लेखनीय है कि एचईसी पर कर्मियों का तीन वर्षों का बकाया वेतन है। बकाया वेतन नहीं मिलने से कर्मियों में काफी निराशा थी, लेकिन गुरुवार को वेतन का भुगतान होने से उनमें नई आशा का संचार हुआ है और कर्मचारी बेहतर भविष्य को लेकर आशान्वित हैं।

### एक अप्रैल को महिलाएं मनायेंगी गणगौर पर्व

**रांची :** हिंदू धर्म में आस्था और श्रद्धा का पर्व गणगौर गणगौर एक अप्रैल को राजधानी रांची में धूमधाम से मनाया जाएगा। हिंदू कैलेंडर के अनुसार इस पर्व को चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाने की परंपरा है। गणगौर पूजा भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। इसलिए इस दिन महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर उनकी पूजा करती हैं। इसे गौरी तृतीया के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस व्रत को करने से महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। भगवान शिव जैसा पति प्राप्त करने के लिए अविवाहित युवतियां भी इस व्रत को करती हैं। इस संबंध में जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री और प्रणामी ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शुक्रवार को बताया कि गणगौर शब्द गण और गौर दो शब्दों से मिलकर बना है। जहां गण का अर्थ शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता पार्वती भगवान शिव के साथ सुहागन महिलाओं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद देने के लिए भ्रमण करती हैं। महिलाएं परिवार में सुख-समृद्धि और सुहाग की रक्षा की कामना करते हुए पूजा करती हैं। उन्होंने बताया कि गणगौर का त्योहार फाल्गुन माह की पूर्णिमा (होली) के दिन से शुरू होता है, जो अगले 17 दिनों तक चलता है तथा हर रोज भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा बनाई जाती है और पूजा और गीत गाए जाते हैं। इसके बाद चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करके व्रत और पूजा करती हैं और शाम के समय गणगौर की कथा सुनती हैं तथा गणगौर की प्रतिमाओं का नदी और तालाबों में पूरे विधि विधान से विसर्जन करती हैं।

### आचरण और भाषा से करें बच्चों का मूल्यांकन : प्रदीप कुमार झा

**रांची :** कांके रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर के जूनियर विंग में शुक्रवार को एलकेजी और यूकेजी के नए छात्रों के लिए संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ अभिभावक भी शामिल होकर वैदिक यज्ञ,आशीर्वाद और संस्कार कार्य में शामिल हुए। इस अवसर पर अभिभावकों को डीएवी की मान्यताओं और उद्देश्यों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों की ओर से प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर ही उनका मूल्यांकन न करें, बल्कि उनके आचरण, उनकी भाषा और व्यवहार भी देखें। प्राचार्य ने कहा कि मौजूदा समय में देश को ऐसे नागरिकों की जरूरत है जिनमें ज्ञान, विज्ञान, कला, व्यापार के साथ चरित्र, संस्कार, अनुशासन, संवेदनशीलता और देशभक्ति जैसे गुण हों। हमारा देश चरित्र प्रधान देश रहा है। शिक्षा के साथ चरित्र का समन्वय योग्य नागरिकों को जन्म देता है जो मानवता की कसौटी भी है। उन्होंने कहा कि बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने पर अभिभावकों का उत्तरदायित्व और भी बढ़ जाता है, उन्हें माता-पिता के साथ शिक्षक की भी भूमिका निभानी पड़ती है। वहीं शिशु विहार की प्रभारी डॉ जया जायसवाल ने बच्चों के प्रति अभिभावकों को कर्तव्य समझाए। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी अपने विचारों से सभा को अवगत कराया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, केजी कक्षा की शिक्षिकाएं तनुजा सिन्हा, स्नेहा ,निशा वर्मा, सीमा जैन, अर्पणा शर्मा, निधि सिन्हा, अणिमा सिन्हा, रंजना, शताब्दी चैटर्जी और लेखा मजुमदार ने परिचय सत्र के दौरान अभिभावकों से बातचीत भी किया।

### बाउरी, भानु और नवीन मिले अनिल टाइगर के परिजनों से



**रांची :** पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, भावनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, हटिया विधायक नवीन जायसवाल और भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने शुक्रवार को भाजपा रांची ग्रामीण जिला के महामंत्री, रामनवमी समिति, कांके के अध्यक्ष और पूर्व जिला परिषद सदस्य दिवंगत अनिल महतो टाइगर के आवास पर उनके परिजनों से मुलाकात की। मौके पर सभी ने परिजनों को आश्वस्त किया कि भाजपा परिवार इस दुख की घड़ी में उनके साथ है और पार्टी अनिल महतो टाइगर के हत्यारे को कड़ी सजा दिला कर रहेगी।

# अंगदान बढ़ाने को एमपी का रास्ता अपनाना होगा

मध्य प्रदेश सरकार ने अंगदान करने वालों को सम्मानित करने के साथ उनके परिवार को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने जा रही है।

इसमें अंगदान करने वाले के परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज मिलेगा। जागरूकता बढ़ाने के लिए 18 लाख रुपये की डॉक्यूमेंट्री बनाई जा रही है। राज्य का स्टेट आर्गन एवं टिश्यू ट्रांसप्लांट पोर्टल भी तैयार हो रहा है। मध्य प्रदेश चिकित्सा विभाग के संचालक डॉ. एके श्रीवास्तव ने बताया कि शीघ्र ही इस संबंध में शासन स्तर पर निर्णय हो जाएगा। निश्चय ही यह निर्णय भारत की महर्षि दधिचि की देहदान की परम्परा को आगे बढ़ाएगा। मध्य प्रदेश सरकार का यह निर्णय लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करेगा। वैसे जो कार्य मध्य प्रदेश सरकार करने जा रही है, उसे प्रत्येक प्रदेश को लागू करना चाहिए।अच्छा हो कि ये केंद्र की ओर से लागू हो। इस कार्य के लिए जागरूकता अभियान भी चलाने की जरूरत है। इसके लिए लोगों को प्रेरित करने के साथ प्रोत्साहित भी करना होगा। भारत में प्रतिवर्ष पांच लाख से ज्यादा लोग वक्त पर अंग न मिलने से मौत का शिकार हो जाते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इनमें से दो लाख के आसपास लोगों की मौत लिवर नहीं मिलने की वजह से होती है। इन मरने वालो में अधिकतर वे लोग होतें हैं जो पैसा देकर अंग नही खरीद सकते। पैसे वाले तो मन मांगा मोल देकर अंग खरीद लेते हैं। इसी कारण मानव अंगों के अवैध कारोबार को बढ़ावा मिलता है। भारत में प्रतिवर्ष दस लाख व्यक्तियों में अंगदान करने वालों की संख्या 0.16 है। विकसित देशों जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड और जर्मनी में यह संख्या 10 से 30 के मध्य है। हमारे देश में इस संख्या के कम होने के कारण हैं-सही जानकारी का अभाव, धार्मिक मान्यता, सांस्कृतिक भ्रांतियां और पूर्वाग्रह। कई देशों में अंगदान ऐच्छिक न होकर अनिवार्य है। भारत में ऐसा कर पाना संभव नहीं है, लेकिन जागरूकता पैदाकर इस संख्या को बढ़ाया जा सकता है। लोगों में अंधविश्वास है कि यदि मृत व्यक्ति की आंखों को दान दिया जाता है तो उसे मरने के उपरांत स्वर्ग नहीं मिलता या अगले जन्म में वह आंख या उस अंग के बिना पैदा होगा, जबकि अंगों को शरीर से निकालने से परंपरागत अंत्येष्टि क्रिया या दफन क्रियाओं में कोई बाधा नहीं आती। इससे शरीर के रंग-रूप में भी कोई परिवर्तन नहीं होता। अपने अंगों को मृत प्रायः रोगियों को बहुमूल्य उपहार के रूप में दान देकर अपनी मृत्यु को जीवन समान सार्थक बनाया जा सकता है। एक मृत व्यक्ति के अंगदान से नौ लोगों को नया जीवन मिल सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में 1,04999 पुरुष, महिला और बच्चे आज भी इस इंतजार में हैं कि कोई अंगदान करेगा और वे अपना जीवन जी सकेंगे। राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में अकेले किडनी के जरूरतमंद व्यक्ति ही 88551 है। भारत में प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख मौतें सड़क हादसों से होती हैं। वर्ष 2022 में ही 168491 मौत हुईं। इसका मतलब औसतन हर रोज सड़कों पर 1000 से ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं और 400 से ज्यादा लोग दम तोड़ देते हैं। इनमें सबसे पहले मस्तिष्क पूरी तरह से कार्य करना बंद कर देता है, ऐसा शरीर अंगदान के लिए उपयुक्त होता है। फिर भी बमुश्किल दो -तीन प्रतिशत भाग्यशाली लोगों को नए अंग मिलते हैं। हृदय, फेफड़े, लिवर, किडनी, आंत, पैंक्रियाज ऐसे अंग हैं, जो मृत व्यक्ति के परिजनों द्वारा दान किए जा सकते हैं। आंख का कॉर्निया, हड्डी, त्वचा, नस, मांसपेशियां, टेंडन, लिगामेंट, कार्टिलेज, हृदय वाल्व भी मृत्यु के बाद किसी अन्य व्यक्ति के काम आ सकते हैं। जीवित व्यक्ति एक पूरी किडनी व लिवर का कुछ हिस्सा दान में दे सकता है। शेष एक किडनी से दानदाता का जीवन व्यतीत हो सकता है । लिवर समय के साथ बढ़ जाता है और पुनः अपनी पुरानी अवस्था में लौट आता है इसलिए दाता को किसी प्रकार की कोई दिक़्कत नहीं होती है। भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं महान संस्कृति है। दान, धर्म एवं उच्च संस्कार प्राचीन काल से ही हमारे समाज में वरिष्ठ स्थान रखते रहे हैं। महर्षि दधीचि ने दान की पराकाष्ठा का उदाहरण समाज के समक्ष रखा। वह भारतीय संस्कृति के प्रथम अंगदानी कहे जाते हैं।

## सूडोकु नवताल- 7384

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7383 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मायने अराजकता नहीं

हरीश शिवनानी



भारतीय राजनीति, साहित्य, संस्कृति और अकादमिक दायरों में जिस पदबंध का प्रयोग जोर-शोर से किया जाता है, वो है- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। जितने जोर-शोर से इसे दोहराया जाता है उससे भी दोगुने मौकों पर इसका दुरुपयोग भी उतने ही खुले तौर पर किया जाता है। हालिया एक कॉमेडियन कुणाल कामरा के प्रकरण से ऐसा ही कुछ हुआ जा रहा है। जो लोग यह 'तर्क' देते हैं कि अगर आप किसी से असहमत भी हों, तब भी आपको उनके बोलने के अधिकार का समर्थन करना ही चाहिए। 'फ्रीडम ऑफ स्पीच' पर तभी प्रश्न उठाए जा सकते हैं जब वह हिंसा फैलाने में सहयोग कर रही हो। कुणाल कामरा ने ऐसा कुछ नहीं किया है। जबकि किसी के 'बोलने' इसका व्यावहारिक और तर्कसंगत पहलू भी होना चाहिए कि उसके 'बोलने' का वास्तविक मंतव्य, उद्देश्य क्या है। कोई अगर कॉमेडी की आड़ या अन्य किसी भी नजरिए से किसी व्यक्ति, जाति, धर्म, संप्रदाय, समुदाय या किसी भी उद्देश्य से निर्मित समूह के प्रति सार्वजनिक रूप से अभद्र-अशालीन-अमर्यादित भाषा-बोली का प्रयोग कर उसकी मानहानि करते हैं, सामाजिक रूप से अपमानित करते हैं, फूहड़ तरीके से हंसी-मखौल उड़ाते हैं या उसके हितों नुकसान करते हैं तो यह भी उसके प्रति वाचिक हिंसा, सार्वजनिक अपमान करना ही हुआ, इसे स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति, बोलने का अधिकार या लोकतंत्र जा समर्थन तो कतई नहीं कहा-माना जा सकता।

कुणाल कामरा ने पिछले दिनों अपने कॉमेडी शो में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के तरफ संकेत कर जो कुछ कहा है, उसे समझना, उसके निहितार्थ निकालना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह महज कॉमेडी नहीं, विशुद्ध रूप से फूहड़ तरीके का राजनीतिक वक्तव्य है, किसी का सार्वजनिक अपमान, उसकी मानहानि है। भारत में दल-बदल कर सत्ता हासिल करने का लंबा राजनीतिक इतिहास रहा है। 1977 और 1979 में हरियाणा में मुख्यमंत्री भजनलाल के समूची कैबिनेट सहित दलबदल करने का इतिहास तो जाना-पहचाना है ही, राजनीतिक मुहावरा 'आयाराम-गयाराम' भी हरियाणा के एक विधायक की ही देन है।

अभिव्यक्ति के स्वतंत्रता की आड़ में हमें उन मूल्यों को भी नहीं भूलना चाहिए जो एक सभ्य, सुसंस्कृत, मर्यादित और शिष्ट समाज की बुनियाद होते हैं। इस समाज में अनियंत्रित, निरंकुश कुछ भी नहीं होता। अनुशासन, मयार्दाओं की एक सीमा-रेखा होती है। भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अनुच्छेद 19(1)(क) के तहत नागरिकों को दी गई है। हालांकि यह भी असीम नहीं है। इसे अनुच्छेद 19(2) के तहत कुछ उचित प्रतिबंधों के अधीन रखा गया है। हर अभिव्यक्ति के मायने अराजकता नहीं हो सकता। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए वाचिक और शाब्दिक हिंसा पर भी अंकुश उतना ही जरूरी है जितना दैहिक हिंसा पर।

भारतीय बौद्धिक जगत की दिक्कतें यह भी कम नहीं कि उसकी बौद्धिकता किसी व्यक्ति, समूह, जाति,समुदाय को परखने,उसका मूल्यांकन करने या उसके पक्ष-विपक्ष में खड़े होने के मूल में उसके पैमाने, उसके निकष, मापदंड उसकी विचारधारा के अनुरूप बदलते रहते हैं। इसके मूल में उसकी राजनीतिक विचारधारा, उसकी अपेक्षाएं, उसकी महत्वाकांक्षाएं और उसके निहितार्थ मुख्य भूमिका निभाते हैं। ऐसा ही कामरा के प्रसंग में हुआ है। कला और साहित्य-संस्कृति की स्वायत्तता के स्वयम्भू ठेकेदारों ने अपने स्तर पर एक पैमाना बना रखा है जिससे वे अभियक्ति की आजादी की हद तय करते है। सच यही है कि आज भारतीय बौद्धिक जगत अपनी इस खामोशी की वजह ज्यादा अविश्वसनीय और बदनाम है जिसे निर्मल वर्मा ने 'चुनी हुई चुप्पी' कहा था, जिसे सामान्यतः 'सलेक्टिव खामोशी' कहा जाता है। ऐसे चुनी हुई चुप्पियों वाले कथित और स्वयंभू बुद्धिजीवियों की अभिव्यक्ति की आजादी तब खतरे में नहीं आती जब तस्लीमा नसरीन को बोलने से रोका जाता है, तारेक फतेह के साथ धक्का मुक्की कर जश्ने रेख्ता से बाहर किया जाता है । इस आजादी पर तब भी खतरा नहीं आता जब जेएनयू के वामपंथी योग शिक्षक रामदेव को किसी कार्यक्रम में बुलाने का विरोध कर उनका कार्यक्रम रद्द करवा देते है या नूपुर शर्मा की तथ्यात्मक बात के बावजूद वे चुप्पी धारण कर लेते हैं। यदि कोई अपनी वैचारिकता के निकट है तो गलत होकर भी सही, वरना विरोधी होने पर खामोशी। क्या एक लोकतांत्रिक देश में सेलेक्टिव चुप्पी और सलेक्टिव स्वस्थ प्रवृत्ति है?

कुणाल कामरा का विवादों से पुराना नाता रहा है। वरिष्ठ पत्रकार अर्नब गोस्वामी से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदर्भ में वो विवादों में रह चुके हैं। नए वीडियो में कामरा ने मुकेश अंबानी के बेटे का उसके वजन के लिए मजाक उड़ाया है। सभी जानते हैं कि अनंत अंबानी को बीमारी की वजह से स्टेरॉइड्स लेने पड़ते हैं। स्टेरॉइड्स के साइड इफेक्ट की वजह से उनका ये वजन बढ़ा हुआ है। यानी बीमारी की वजह से अनंत अंबानी की ये हालत है और कोई उसका मजाक उड़ा रहा है तो ये कुछ भी हो सकता है, कॉमेडी तो नहीं।

वास्तविकता यह है कि आज के दौर में जब कॉमेडियन का मार्केट ठंडा हो जाता है तब वापस मार्केट में चर्चा में आने के लिए धर्म, राजनीतिक, जाति आदि विषयों पर निजी रूप से व्यंग्य करते हैं ताकि विवाद हो और वह फिर चर्चा में आ जाएं। पैसे और चर्चा में बने रहने के लिए उनका एक तरह का पेशा है। इसे आप इस प्रकरण से भी समझ सकते हैं कि इस विवाद के बाद 'सुपर थैंक्यू' के नाम पर कामरा को दो दिन में ही लाखों रुपये की फंडिंग हो चुकी है।

कहने को विदेशी सिनेमा या सीरीज में देशज शब्दों की भरमार होती है। ऑस्कर पाने वाली 'अनोरा' में एक गाली का प्रयोग सैकड़ों बार हुआ। मार्टिन स्कोसेर्सी जैसे बड़े फिल्मकार ने भी 'द वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट' में भी एक यौन शब्द का इस्तेमाल सैकड़ों बार किया। किसी रचना, चाहे वो फिल्म हो या किताब, उसमें अगर गाली या कथा या पात्रों के स्तर के अनुसार गालियों या किसी देशज किस्म की भदेस भाषा का प्रोयग होता है तो उसे रचनात्मक अनिवार्यता कही जा सकती है, राही मासूम रजा के 'आधा गांव' या काशीनाथ सिंह की 'अस्सी जा अस्सी' कृति-फिल्म लेकिन आज के दौर में जब 'स्टैंडिंग कॉमेडी' के नाम जो छिछोरापन परोसा जाता है, वह अस्वीकार्य है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी को कुछ भी करने की इजाजत नहीं दे सकती। गाली गलौज, मानहानि, अभद्र भाषा, सार्वजनिक छीछालेदर को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं कहना चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मर्यादित बोध से होनी चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# अद्वितीय है वैदिक संवत्सर की धारणा

हृदयनारायण दीक्षित

नवसंवत्सर का स्वागत। काल सुंदर रथ पर सवार है। यह हर बरस मधुमय नवसंवत्सर लाता है। काल सर्वशक्तिमान देवता हैं। अथर्ववेद (9-53) के ऋषि भृगु ने उनकी महिमा गायी है, "काल-अश्व विश्वरथ का नियन्ता है। वह सहस्त्र आंखों वाला है। सबको देखता है। समस्त लोक कालरथ के चक्र हैं। ज्ञानी इस रथ पर बैठते हैं। यह काल सात चक्रों का वाहक है। इसकी सात नाभियां हैं। इसकी धुरी में अमृत है। ज्ञानी इस काल को विभिन्न रूपों में देखते हैं।" कैसे देखते हैं? भृगु ने बताया है, "काल से ही सृष्टि सर्जक प्रजापति आये। काल स्वयंभू है। वह स्वयं किसी से नहीं जन्मा। काल से ही विश्वजन्मा। काल में तप हैं। काल में मन है। काल में ज्ञान है। काल विश्व पालक और सबका पिता तथा पुत्र है। काल में पृथ्वी की गतिशीलता है। काल से ही सूर्योदय और सूर्यास्त हैं। काल में ही भूत, भविष्य और वर्तमान हैं।" सृष्टि का उद्भव शून्य से नहीं हो सकता। सृष्टि रचना के पहले कोई एक आदि द्रव्य है। इसी आदि द्रव्य में सृष्टि का समूचा पदार्थ-जड़ और समस्त ऊर्जा-चेतन एकत्रित है। फिर आदि द्रव्य में परिवर्तन हुआ, जो अव्यक्त था, अप्रकट था वह व्यक्त हुआ। प्रत्येक परिवर्तन का मूल गति है। गति से ही काल बोध है। वैदिक 'निरूक्त' में यास्क ने काल का सम्बंध गति से जोड़ा है।

काल अखण्ड सत्ता है। काल पिता है, वही पुत्र भी है। काल की अनुकम्पा आयु है, काल का कोप मृत्यु है। काल में सर्जन है, काल में ही विसर्जन है। भारतीय कालबोध ऋग्वेद से भी पुराना है। यही कालबोध प्राचीन काल में ईरान पहुंचा। अथर्ववेद में जो 'काल' है। वही ईरानी ग्रंथ अवेस्ता में 'जुर्वान' है। जैसे अथर्ववेद का काल प्रतिष्ठित देवता है, वैसे ही अवेस्ता का जुर्वान भी एक देव है। भारतीय काल सबका नियंता है और प्रजापति का पिता है। इसके भीतर प्रकाश और अंधकार है। दिवस और रात्रि है। 'जुर्वान' भी अनंत है। संसार के रचयिता अहुरमज्दा उसकी संतान हैं। अहुरमज्दा भारतीय प्रजापति हैं। इस विचार के अनुसार जब न आकाश था, न पृथ्वी, न कोई जीव तब 'जुर्वान' था। यहां सीधे ऋग्वेद के सृष्टि सूक्त की प्रतिध्वनि है। भारतीय नववर्ष की शुरूआत किसी ऋषि, महात्मा या महापुरुष की जन्मतिथि से नहीं होती। बेशक इस तिथि में अनेक महापुरुष उगे, अनेक निर्वाण को प्राप्त हुए। युधिष्ठिर विक्रमादित्य सहित अनेक पूर्वजों ने अपने नवसंवत्सर भी चलाये। अंग्रेजी कालगणना ईसा से शुरू होती है। लेकिन प्रथम नवसंवत्सर का प्रथम आलोक, प्रथम दिवस और प्रथम तिथि की गणना अनूठी है। सृष्टि जिस क्षण शुरू होती है, उसी समय संवत्सर का प्रारम्भ हो जाता है। संवत्सर का प्रारम्भ सार्वभौमिक है। नवसंवत्सर व्यक्त सृष्टि का प्रथम ऊषाकाल है। यह सम्पूर्ण जगत का प्रथम सूर्योदय है। सृष्टि ब्रह्म का प्रथम सुप्रभात है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष है। वैदिक संवत्सर की धारणा अद्वितीय है।

प्रकृति अजन्मा है। ऋग्वेद (10.82.6) के अनुसार "सृष्टि के आदि से ही विद्यमान वह एक अज-अजन्मा है। इसी अज की नाभि में सभी भुवन समाहित थे।" 'अज' आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानियों का 'कासमोस' है। अज गतिशील हुआ। गति से परिवर्तन आया। विज्ञान की दृष्टि से प्रत्येक सृजन/परिवर्तन के पीछे एक ऊर्जा है। प्रकृति की शक्तियां उगीं। ऋषियों के अनुसार वे देवता थीं। ऋषि कहते हैं, "व्यापक जलों में देवता थे-यद् देवा सलिले सुसंरब्धा अतिष्ठत। उनके नृत्य से तेज गति वाले रेणु अणु-परमाणु प्रकट हुए।" (10.72.6) ऋग्वेद (10.190.1, 2) में कहते हैं, "तप से ऋत व सत्य (व्यक्त जगत) प्रकट हुए। अंधकार-रात्रि और अगाध जल समुद्र आये। समुद्रों से संवत्सर प्रकट हुआ-समुद्रादर्ण वादधि संवत्सरों अजायत।" सृष्टि के साथ काल उगा। इसी काल का प्रथम दर्शन संवत्सर है।

सृष्टि छान्दोग्य है। इसका अन्तस छन्दस है। छन्द की अपनी लय होती है। प्रकृति सदा से है। यह लय में प्रकट होती है और प्रलय में अप्रकट। प्रलय में भी लय बची रहती है। ऋग्वेद के एक मंत्र में कहते हैं, "वह वायुहीन स्थिति में भी अपने दम पर सांस ले रहा था-आनादीवातं स्वधया तदेकं।" 'स्वधा' प्रकृति की अनंत प्राण ऊर्जा है। इसलिए वायु नहीं है तो भी सांस जारी है। ऋग्वेद का 'वह एक-तदेकं' बड़ा दिलचस्प है। इसी 'वह एक' को विद्वान-विप्र इन्द्र, मित्र, अग्नि मातरिश्वन गरूण आदि देव नामों से पुकारते हैं लेकिन वह 'एकं सद्'-एक ही सत्य है-एकंसद् विप्रा बहुधा वदन्ति। (ऋ. 1.164.46) सृष्टि सृजन परिवर्तन की ही सतत प्रवाही कार्रवाई है। परिवर्तन के भीतर गति होती है। जहां गति है, वहीं समय है।

सृष्टि और प्रलय सतत प्रवाही हैं। लेकिन प्रलयकाल में भी समूची ऊर्जा का नाश नहीं होता। प्रलय के बाद फिर से सृष्टि होती है। गति का मूल ऊर्जा है। ऊर्जा अविनाशी है। गति का नाश नहीं होता। समय भी अविनश्वर है। सृष्टि बार-बार आती है। यह चक्र की तरह है। सीधी रेखा नहीं। भारतीय दर्शन में इसीलिए 'कालचक्र' है। उसका पहिया घूमता है और बार-बार सृष्टि व प्रलय लाता है। प्रकृति में द्वैत दिखाई पड़ते हैं-यहां रात-दिन हैं। जीवन-मृत्यु हैं। प्रकाश-अंधकार हैं। रात्रि ऋत है, दिन सत्य है। दिन ज्ञान है, रात्रि तमस हैं। दिन सक्रियता है, रात्रि विश्रांति है। सृष्टि अपने छन्द्स में गतिशील है। काल रथ का पहिया घूम रहा है। पूर्वजों में कालबोध था। कालबोध ही इतिहासबोध है।

भारतीय कालगणना के पहले कालबोध है। फिर कालगणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ तेरह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं "सूर्य को हमने सात पुत्रों-किरणों (वर्णो) के साथ देखा है। इनके मध्यम भाई वायु हैं, उनके तीसरे भाई अग्नि हैं। ऋत का 12 अरों वाला चक्र इस द्युलोक में घूमता है। यह चक्र कभी जीर्ण नहीं होता। इसके 720 पुत्र इस चक्र में हैं।" यहां ऋत प्रकृति की व्यवस्था है और अरे 12 माह हैं। एक वर्ष में दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। विश्वदर्शन, काव्य सृजन या चिन्तन की किसी भी पद्धति में काल का ऐसा अध्ययन विवेचन और विश्लेषण नहीं मिलता। सृष्टि सर्जन के पहले काल बोध नहीं है, संवत्सर भी नहीं है। संवत्सर और सृष्टि साथ-साथ। टाइम और काल (समय) पर्यायवाची नहीं है। काल अखण्ड है, टाइम इसके खण्ड का माप है। ऋग्वेद में कहते हैं, "जो अब तक हो चुका और भविष्य में जो होगा वह सब अदिति हैं। वह सब यही पुरुष है।" वैदिक अनुभूति में समूची कालसत्ता अखण्ड है। यूरोपीय दृष्टि में भूत-पास्ट एक टेन्स-तनाव है।

# भारत के सशक्त स्वास्थ्य मोर्चे का दुनिया ने लोहा माना

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत मिशन' के तहत देश भर में चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से देश में व्यापक पैमाने पर बदलाव ही नहीं, बल्कि आमूल-चूल परिवर्तन आया है। यह बात हम नहीं कह रहे, बल्कि पूरी दुनिया इस योजना का लोहा मान रही है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के तहत शिशु मृत्यु दर में कमी लाने की तारीफ की है। इतना ही नहीं यूएन ने प्रधानमंत्री मोदी की आयुष्मान भारत योजना को भी शानदार, अनूठी एवं प्रेरक बताया है। एक कार्यक्रम के दौरान विश्व निकाय ने 'आयुष्मान भारत' जैसी स्वास्थ्य पहलों का उदाहरण देते हुए शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में भारत के प्रयासों और प्रगति की सराहना की तथा इसे 'अनुकरणीय' बताया। मोदी सरकार के ऐसे कामों एवं उपलब्धियों की आलोचना करने वालों को प्रशंसा भी करनी चाहिए, क्योंकि अच्छे काम के लिए प्रशंसा सरकारों को मूल्यवान महसूस कराती हैं और उन्हें अपने काम के प्रति अधिक वफादार एवं जिम्मेदार बनाती हैं। अनेक शोध के अनुसार, जो देश एवं प्रांत अपनी सरकारों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को मान्यता देते हैं, उनकी उत्पादकता और प्रदर्शन में अधिक वृद्धि देखी जाती है और दुनिया इसकी प्रशंसा करती है। प्रशंसा और आभार व्यक्त करने से समुदाय की भावना, जिम्मेदारी और राष्ट्र के लिये कुछ अधिक सशक्त करने का एक कारण मिलता है। ऐसे कारणों से नया भारत, विकसित भारत एवं सशक्त भारत का निर्माण होता है।

मोदी सरकार अनेक क्षेत्रों में अनूठा एवं विलक्षण करते हुए देश से न केवल गरीबी का कलंक मिटाया है बल्कि अनेक समस्याओं से मुक्ति भी दिलायी है। स्वास्थ्य मोर्चे पर भारत की उपलब्धियों आश्चर्यकारी रही है, कोरोना-काल में भारत ने दुनिया को स्वास्थ्य-सहायता पहुंचायी है। वर्ष 2000 के बाद भारत में नौनिहालों का जीवन बचाने की सार्थक एवं प्रभावी मुहिम छेड़ी है, जो एक बड़ी छलांग एवं उपलब्धि है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के इस आकलन से मोदी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की रिपोर्ट में उन योजनाओं और कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है, जिनके चलते शिशुओं की मृत्युदर कम करने में सफलता मिली है। इसका अर्थ है कि बीते कुछ समय में स्वास्थ्य सेवाओं और ढांचे को बेहतर करने के लिए वास्तव में कई उल्लेखनीय कदम उठाए गए हैं। इनमें आयुष्मान भारत योजना भी है। इसका उल्लेख भी संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने विशेष रूप से किया है। यह स्वास्थ्य संबंधी विश्व की सबसे बड़ी योजना है। यह निर्धन परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हुई है। आश्चर्य नहीं कि संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि भारत ने रणनीतिक निवेश के माध्यम लाखों लोगों के जीवन को बचाने का काम किया है। आयुष्मान भारत योजना की उपयोगिता को देखकर ही हाल में 70 वर्ष की आयु के सभी बुजुर्गों को इस योजना के दायरे में लाया गया है। इसने दिखाया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियों और निरंतर निवेश से शिशु मृत्यु दर में ही नहीं, बल्कि अन्य स्वास्थ्य चुनौतियों में पर्याप्त कमी लाई जा सकती है।

संयुक्त राष्ट्र अंतर-एजेंसी समूह की बाल मृत्युदर आकलन रिपोर्ट में भारत, नेपाल, सेनेगल, घाना व बुरुंडी का उदाहरण दिया गया। वर्ष 2000 से भारत ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्युदर में 70 व नवजात शिशुओं की मृत्युदर में 61 प्रतिशत की कमी हासिल की है। स्वास्थ्य कवरेज बढ़ाने, सशक्त स्वास्थ्य नीतियों एवं योजनाओं से मौजूदा स्थिति को सुधारने के लिए किए गए उपायों के कारण ऐसा संभव हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर गर्भवती महिला मुफ्त प्रसव की हकदार है और शिशु देखभाल संस्थानों में मुफ्त परिवहन, दवाएं, निदान और आहार इसमें सहायता प्रदान करती है। भारत ने प्रसूति प्रतीक्षा गृहों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य विंग, बीमार नवजात की देखभाल, मातृ देखभाल और जन्म दोष जांच के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। भारत ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए दाइयों व कुशल प्रसव सहायकों के प्रशिक्षण और तैनाती को भी प्राथमिकता दी है। दुनिया भर में लगभग एक अरब बच्चे पहले से ही उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का सामना कर रहे हैं और बच्चों के जलवायु जोखिम सूचकांक में भारत 26वें स्थान पर है। रिपोर्ट में पूवार्नुमान व्यक्त किया गया है कि जलवायु संकट बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा पर तथा पानी जैसे आवश्यक संसाधनों तक उनकी पहुंच पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। लेकिन भारत इन स्थितियों में स्वास्थ्य चुनौतियों को कम करने के लिये सशक्त योजनाओं एवं सोच के साथ तत्पर है।

मोदी सरकार की प्रभावी स्वास्थ्य योजनाओं के बावजूद अब भी स्वास्थ्य के मोर्चें पर बहुत कुछ किया जाना बाकी है। बड़ी हकीकत यह भी है कि एक बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पतालों में मजबूरी में ही उपचार कराना पसंद करते हैं। छोटे शहरों और गांवों में न केवल डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों की कमी है, बल्कि अस्पतालों और मेडिकल उपकरणों की भी। इसके चलते इन क्षेत्रों के लोग शहरों के बड़े अस्पतालों की ओर दौड़ लगाते हैं, जहां निजी क्षेत्र के अस्पतालों के मुकाबले सरकारी अस्पताल बहुत पीछे नजर आते हैं। यह सही है कि बीते कुछ वर्षों में अनेक नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं, लेकिन सरकार के सामने बड़ी समस्या है कि इन मेडिकल कॉलेजों से निकले डॉक्टर ग्रामीण इलाकों में सेवाएं देने के लिए तैयार नहीं होते। सरकारी अस्पतालों को सशक्त एवं सर्वसुविधायुक्त किया गया है लेकिन समय के साथ उपचार महंगा होता जा रहा है। यदि किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को निजी अस्पताल में उपचार कराना पड़ता है तो वह कर्जे में डूब जाता है।

## दैनिक पंचांग

**29 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.47 बजे से |
| चंद्र | मीन में | वृष | 08.27 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.25 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.38 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.54 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 17.06 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 19.17 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.32 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.48 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | मकर | 01.53 बजे से |
| | | कुंभ | 03.39 बजे से |
| | | मीन | 05.12 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 88 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 16.28 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 19.27 बजे को समाप्त। **योग** ब्रह्म 22.03 बजे रात्र को समाप्त। **करण** चतुष्पद 06.14 बजे, नाग 16.28 बजे तदनन्तर किस्तुघ्न 02.40 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.0 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 23' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872298 **जूलियन दिन** 2460763.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रमजान **तारीख** 28 **विशेष** चैत्र अमावस्या, सूर्य ग्रहण।

| दिन का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से 07.23 | बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से 08.51 | बजे तक |
| रोग | 08.51 | से 10.19 | बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से 11.46 | बजे तक |
| चर | 11.46 | से 01.14 | बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से 02.42 | बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से 04.10 | बजे तक |
| काल | 04.10 | से 05.37 | बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.37 | से 07.10 | बजे तक |
| उद्वेग | 07.10 | से 08.42 | बजे तक |
| शुभ | 08.42 | से 10.14 | बजे तक |
| अमृत | 10.14 | से 11.47 | बजे तक |
| चर | 11.47 | से 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.19 | से 02.51 | बजे तक |
| काल | 02.51 | से 04.23 | बजे तक |
| लाभ | 04.23 | से 05.56 | बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# रामनवमी, ईद व सरहुल को लेकर चैनपुर थाना में शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर थाना में आगामी पर्व रामनवमी ईद सरहुल व गुड फ्राइडे सौहार्दपूर्ण रूप से मानने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठक की अध्यक्षता में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक की गई, बैठक में थाना क्षेत्र के कई गांव से गण मान्य लोग शामिल हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने उपस्थित सभी समुदाय के लोगों को शांतिपूर्ण रूप से एवं मिलजुल कर सभी त्योहारों को मनाने की अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए त्योहारों को मनाए वहीं उन्होंने सभी त्योहारों को देखते हुए नशा पान से दूर रहने की बात कही साथ ही अवैध शराब बिक्री पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने का आदेश दिया। वही सर्किल इंस्पेक्टर महेंद्र करमाली ने उपस्थित शांति समिति के सदस्यों से आगामी त्योहारों में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए पूजा समितियों से लाइसेंस के साथ रूट चार्ट व सदस्यों के नाम जल्द से जल्द थाने में जमा करने की बात कही, उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो त्योहारों के समय अशांति फैला सकते हैं उन्हें चिन्हित कर इसकी जानकारी थाने को दें साथ ही कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट ना करें जिससे अशांति फैले ऐसे लोगों पर पुलिस की विशेष नजर होगी। अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता और थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने अत्यधिक साउंड वाले डीजे का प्रयोग एवं भड़काऊ गाने पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा कि इन गाइडलाइन का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं उपस्थित यमुना प्रसाद केसरी शकील खान अल्बर्ट तिग्गा प्रमोद खलखो सहित कई लोगों ने आश्वासन देते हुए कहा कि अब तक क्षेत्र में सभी त्यौहार व पर्व शांतिपूर्ण रूप से मिलजुल कर मनाते आ रहे हैं और आगे भी शांतिपूर्ण रूपसे सभी समुदाय के लोग मिलजुल कर सभी त्यौहार मनाएंगे। मौके पर मुख्य रूप से एस आई अशोक कुमार रघुनंदन प्रसाद गजाधर साहू अशोक सिंह एमडी जहीरूद्दीन जावेद खान मधुरा मिंज रश्मि भारती सभी पंचायत के मुखिया सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## एक नजर

### करकरी नदी से अज्ञात महिला की लाश बरामद

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के नारो और नदीसाई के बीच करकरी नदी के पुल के समीप नदी के अंदर से करीब 35 वर्षीय एक विवाहित महिला की लाश बरामद किया गया। शुक्रवार को ईचागढ़ पुलिस को सूचना मिली कि नदी के पानी में पत्थर से दबा एक लाश है। सूचना पर ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और लाश को बरामद किया और खून लगे पत्थरों को भी बरामद किया गया है। लाश की पहचान नही हो पाया है। मृत महिला काला चुड़ीदार एवं हल्दी रंग का सलवार पहनी हुई है। हाथ में लाल चुड़ी व सफेद सांखा पहनी हुई है। सर पर पत्थर से कुच दिया गया है। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि प्रथमद्दष्टया हत्या कर लाश को छुपाने के नियत से नदी में पत्थर से दबा दिया गया था। उन्होंने कहा कि लाश का पहचान अभी तक नही हो पाया है । लाश के पास से खून से सना पत्थरों को भी बरामद कर लिया गया है।

### शहीद रामलाल महतो का शहादत दिवस 5 अप्रैल को

**पटमदा :** बोड़ाम ब्लॉक रोड़ स्थित शहीद रामलाल महतो के प्रतिमा स्थल पर आगामी 5 अप्रैल शनिवार को 17 वा शहादत दिवस मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए उनके अनुज सह कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री किशन लाल महतो ने बताया कि उनके शहादत दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया है।वही कांग्रेस पार्टी के समर्पित स्वर्गवासी कांग्रेसियों के एक एक परिजनों को सम्मानित करने का कार्यक्रम रखा गया है। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के अशोक कुमार चौधरी जोनल कोडिनेटर झारखंड, विशिष्ट अतिथि खगेन चंद्र महतो प्रदेश सचिव कांग्रेस, सम्मानित अतिथि राजकिशोर यादव, शहनवाज खान, उषा सिंह, अपर्णा गुहा शिरकत करेंगे।

### ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**अनगड़ा :** अनगडा थाना में ईद सरहुल और रामनवमी को लेकर थाना प्रभारी हीरा लाल साह के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक रखी गई बैठक में विभिन्न गांवों से समाज सेवी जन प्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल हुवे सभी लोगो ने बारी बारी से अपनी अपनी समस्या से अवगत कराया। आगे थाना प्रभारी ने कहा कि जिस तरह से आप लोग हमेशा से शांति पूर्वक सभी पर्व को मनाया है हम आप लोगो से आपेछा करते हैं कि आपसी सौहार्द को कायम रखते हुए पर्व को मनाए और किसी भी तरह की कोई समस्या उत्पन हो तो थाना को संपर्क करें अफवाह से बच्चे और अपराधिक गतिविधि जैसे व्यक्ति को पहचाने की जरूरत है।

# पटमदा में श्रीनाथ शिक्षा संगम आज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददात

**पटमदा :** पटमदा में एक प्रेस वार्ता विवेकानंद कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में श्रीनाथ यूनिवर्सिटी जमशेदपुर द्वारा आयोजित किया गया। जिसमे छात्रों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए श्रीनाथ शिक्षा संगम का आयोजन किया जा रहा है। यह एक ऑन-स्पॉट एडमिशन एवं एजुकेशन फेयर होगा, जहाँ छात्र अपने करियर संबंधी निर्णयों को सही दिशा दे सकते हैं।यह कार्यक्रम 29 मार्च शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक पटमदा, पूर्वी सिंहभूम स्थित टीवीएस शोरूम (प्रथम तल) में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा और करियर के विभिन्न अवसरों की जानकारी देना तथा उन्हें प्रवेश प्रक्रिया में सहायता प्रदान करना है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण ऑन-स्पॉट एडमिशन की सुविधा- इच्छुक छात्र सीधे प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। विशेषज्ञ करियर मार्गदर्शन - कक्षा 10वीं, 12वीं और स्नातक के बाद करियर के सही चुनाव के लिए विशेषज्ञों से परामर्श। आकर्षक छात्रवृत्ति योजनाएं योग्य छात्रों को 50% तक की ट्यूशन फीस छात्रवृत्ति का लाभ।बेहतरीन प्लेसमेंट अवसर झ उच्च शिक्षा के साथ उद्योगों में प्लेसमेंट के लिए मार्गदर्शन। पाठ्यक्रमों की जानकारीः श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में विभिन्न डिप्लोमा, अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट और पीएचडी प्रोग्राम उपलब्ध हैं। डिप्लोमा प्रोग्राम्स झ तकनीकी और व्यावसायिक क्षेत्रों के लिए।अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम्स झ बी.टेक, बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीएससी, बीए आदि।

# सरला बिरला विवि में इनोवेशन और उद्यमिता पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा इनोवेशन और उद्यमिता पर आयोजित एफडीपी में आज झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में हो रहा है। इस दौरान डॉ. मुकेश बाबू गुप्ता ने बुनियादी वित्तीय योजना और बजट की समझः स्टार्टअप के लिए वित्त पर अपना वक्तव्य दिया। उन्होंने स्टार्टअप के विभिन्न चरणों के विषय में बोलते हुए वित्तीय नियोजन के महत्व पर जोर दिया। इक्विटी फाइनेंसिंग के बारे में भी उन्होंने जानकारी दी। सत्र के दूसरे भाग का संचालन एमटीआई सेल के पूर्व अतिरिक्त निदेशक डॉ. हरिहरन ने किया। उन्होंने दो अलग-अलग सत्रों में अग्रणी नवाचार और उद्यमिता गतिविधियों और परिसर में प्री-इन्क्यूबेशन के क्षेत्र में छात्रों के लिए सुरक्षित स्थान बनाने और उद्यमी भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य और परिदृश्य के साथ परिसर में गतिविधियों के संरेखण पर बात की। विभिन्न वीडियो और इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से रचनात्मक अथवा तार्किक होने की अवधारणा को स्पष्ट किया।भारत में स्टार्टअप की पात्रता और नेटवर्किंग के महत्व के बारे में उन्होंने विस्तार से चर्चा की। एक्सआईएस, रांची के उद्यमिता विकास कार्यक्रम के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. हरप्रीत सिंह द्वारा संचालित सत्र में उद्यमी उपक्रमों के माध्यम से समाधान के लिए उपयुक्त समस्याओं की पहचान विषय पर चर्चा हुई। उन्होंने अपने अनुभवों पर चर्चा करते हुए समस्या-समाधान के विषय में अपना ज्ञान साझा किया। प्रत्येक व्यक्ति द्वारा समस्या समाधान पर बात करते हुए उन्होंने इसके माध्यम से छात्रों में उद्यमिता विकास पर बात की। दूसरे सत्र में प्रशिक्षक असीम कृष्ण दास, ट्रस्टी, रिसर्च इनोवेशन, न्यूक्लियस रांची द्वारा बाजार तक पहुंच को समझने हेतु मार्केटिंग रणनीति और सफल उत्पाद या सेवा लॉन्च के लिए रोडमैप विषय पर बात की।



# रूडसेट संस्थान का ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारी गण का निरीक्षण किया गया। उसमें सुदीप दत्ता अवर सचिव, मैरी थॉमस अवर सचिव, निधि रावत डी पी एम ए मौजूद हुए और अशोक कुमार सिंहा डिविजनल मैनेजर केनरा बैंक रांची, संजीत कुमार निदेशक रूडसेट संस्थान सिल्ली, शशिभूषण मिश्रा राज्य निदेशक झारखंड, चंद्र भूषण पांडेय,राज्य असेसमेंट कंट्रोल झारखण्ड, शिशिर कुमार जे एस एल पी एस रांची ने रूडसेट संस्थान में उपस्थित हुए और संस्थान के कार्यकलाप का निरीक्षण किया और संस्थान में चल रहे 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण एवं 13 दिवसीय होटीकलचर प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थी से बात किए और उनके अनुभव को सुने पूर्व प्रशिक्षणार्थी भानुमाती देवी और रिंकू देवी, नागेंद्र महतो ने अपने व्यवसाय के बारे में परिचय दिया और रुडसेटी बाजार भी लगाया। मुख्य अतिथि सुदीप दत्ता ने कहा कि रूडसेट संस्थान राज्य का एक उत्कृश्ट संस्थान है यहां के प्रशिक्षणार्थी का आत्म विश्वास को देखकर मैं बहुत खुशी महसूस करता हु,आप सभी लोग जल्द अपना स्वयं का स्वरोजगार शुरू करे और दूसरे लोग को अपने स्वरोजगार से जोड़े। मैरी थॉमस अवर सचिव ने कहा कि मैं झारखंड की महिलाओं के अन्दर की आत्म विश्वास और कार्य करने की उत्साह को देखकर मुझे काफी खुशी महसूस हो रही है यहां प्रशिक्षण के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान का भी प्रशिक्षण दिया जाता है और स्वस्थ रहने के लिए सुबह में योग भी सिखाया जाता है। निधि रावत ने कहा कि मैं काफी जगह गई हु और वह कार्यकलाप का निरीक्षण किया ही लेकिन रूडसेट संस्थान सिल्ली कैम्पस और इंफ्रास्ट्रक्कर का भी तारीफ किए ।

# अवैध बालू परिवहन के खिलाफ चलाया गया छापेमारी अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** कुकड़ु प्रखंड़ क्षेत्र के तिरुलडीह थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्रों में देर रात औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी दल का नेतृत्व जिला खनन विभाग के माइनिंग इंस्पेक्टर समीर कुमार ओझा एवं तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार के साथ मिलकर तिरुलडीह क्षेत्र के अवैध खनन के प्रमुख हॉटस्पॉट क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने तिरुलडीह पुलिया, सपादा, सिरुम सहित अन्य जगहों पर छापेमारी किया। अधिकारियों ने इस अभियान के दौरान कड़ा संदेश दिया कि अवैध खनन और परिवहन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। लगातार खनन विभाग के द्वारा इस तरह से कारवाई में अवैध कारोबारियों में खलबली मचा हुआ है। मालूम हो कि दो दिन पूर्व ही जिला के सभी वरीय पदाधिकारियों को सरायकेला खरसावां जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो के द्वारा लिखित शिकायत दर्ज किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### राजाडेरा और जोन्हा में उन्नत किस्म की अदरक बीज का किया गया वितरण



**अनगड़ा :** प्रखण्ड के पंचायत राजाडेरा एव जोन्हा में उन्नत किस्म की बीज वितरण किया गया बीज उद्यान विभाग की ओर से आवंटन किया गया था आने वाले अप्रैल महिने में इस बीज की बुआई की जानी है 37 किसानों के बीच उन्नत किस्म की अदरक बीच बांटा गया। प्रमुख दीपा उरांव ने बीज के रख रखाव हेतू तकनीकी सूक्षाव दिए प्रखण्ड संयोजक एतवा उरांव ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से बेहतर प्रयास है की किसानों को खेती के माध्यम से जोड़ उनका आय में वृद्धि किया जा रहा है उन्होंने समय के अनुसार बीज बोने का आग्राह किया है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, मुखिया सीमा देवी, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, उद्यान विभाग कर्मचारी शोभा कुमारी उद्यान मित्र दुतीलाल पहान, भानु प्रताप महतो सहित ज्योति प्रियंका एक्का, अभिराम मुण्डा, सिद्धिक अंसारी, खीरू उरांव, रॉबॉट तिग्गा, उजियस टोप्पो, सलीखराम मुण्डा जी उपस्थित रहें।

### जोहार जाहेर सारना समिति ने मनाया सरहुल महोत्सव



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के आगसिया गांव में जोहार जाहेर सारना पूजा महली समिति द्वारा सरहुल महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख गुरू पद मार्डी, पंसस सरला देवी, अध्यक्ष परेश महली,सचिव गुरू चरण महली, संयोजक उमापद पहली आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। विधायक सविता महतो सरहुल में उपस्थित होकर पूजा समिति का हौसला अफजाई किया। उन्होंने सरहुल पूजा में माथा टेककर क्षेत्र की तरक्की का कामना किया।वहीं नाया सम्बद महली,सोहराई महली,जेदु ,बलराम महली ने आदिवासी रिती रिवाज से बोंगा बुरू, ग्राम देवता आदि का पूजा अर्चना कर गांव की सुख शांति के लिए कामना किया। रांची जिला के तमाड़ थाना क्षेत्र के तामराड़ा के दल द्वारा सरहुल नृत्य प्रस्तुत किया गया। रात्रि को बंगाल के पुरूलिया जिला के निपेन सहित एवं हेम सिंह महतो के दलों द्वारा छऊ नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर रमन महली, दुबराज महली, गुरू चरण महली, रंजीत महली,देवलाल महली, अजित, रोहिदास, अनिल सिन्हा, कार्तिक, धनराज, करम, मोतीलाल महली आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### झामुमो पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में कमेटी का हुआ गठन



**सरिया(गिरिडीह) :** सरिया स्थित झामुमो की पार्टी कार्यालय में प्रखण्ड अध्यक्ष कृष्ण मुरारी पांडेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक हुई। जिसमें बतौर पर्यवेक्षक पार्टी के वरिष्ठ नेता अजित कुमार पप्पु एवं जिला उपाध्यक्ष त्रिभूवन मंडल शामिल हुए। बैठक के दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा के बाद प्रखण्ड कमिटी एवं नगर पंचायत कमिटी के चयन आरम्भ की गई.जिसमें सर्वसम्मति से कमिटी की रूप रेखा तय की गई। जिसमें सरिया नगर पंचायत के लिए अध्यक्ष राजेश मंडल,सचिव चंदन मंडल जबकि सदस्य के रूप में सचिन साव, सौरभ मोदी एवं विकास कुमार के नाम पर मुहर लगी। जबकि प्रखण्ड कमेटी के लिए अशोक मंडल अध्यक्ष, मनी मंडल, मो ग्यासुदीन अंसारी उपाध्यक्ष वहीं सिकन्दर अंसारी व रफीक अंसारी सचिव, बंशी मरांडी, भेखलाल मंडल सह सचिव कोषाध्यक्ष विजय मंडल एवं संगठन मंत्री गिरधारी पासवान, प्रवक्ता मो अलीमुदिन अंसारी साथ ही पंकज यादव को मीडिया प्रभारी बनाया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 04/2025-26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | – | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 2 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | – | 09-04-2025 को अप0 12.00 बजे तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | – | 11-04-2025 के अप0 2.30 बजे तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | – | 11-04-2025 के अप0 3.00 बजे से। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | – | (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा। |
| 7 | कार्य विवरणी :– | | |

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of C Type Building (Qtr. No. C-1 to C-6) for Judiciary Staff's at Kelaghagh, Simdega. | 24,84,700.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 04 (Four) Months |
| 2 | Renovation of C Type Building (Qtr. No. D-1 to D-6) for Judiciary Staff's at Kelaghagh, Simdega. | 24,84,700.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 04 (Four) Months |

निविदा की शर्तें– WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 349490 Simdega(24-25).D

**ऊर्जा विभाग**
**झारखण्ड सरकार**
**विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०–2 धुर्वा, राँची**

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/142/2024-25 दिनांक– 28/03/2025

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | एन0 आर0 एच0 एम0, नामकुम रॉची परिसर मे सुरक्षा लाईट, बगीच लाईट, एवं डेकोरेटिव पाथवे लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 64,94,460–00 | 10,000–00 | 1,30,000–00 | 56 दिन |
| II | सदर अस्पताल, गढ़वा में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 82,11,093–00 | 10,000–00 | 1,65,000–00 | 56 दिन |
| III | एम0जी0एम0 मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर मे एच0वी0ए0सी0 सिस्टम के लिए सर्विस केबल, मेन पैनल, सब पैनल, के अधिष्ठापन का कार्य एवं लाईब्रेरी भवन में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 56,46,096–00 | 10,000–00 | 1,13,000–00 | 56 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 09.04.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 11.04.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 16.04.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 17.04.2025 को 3.30 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल, राँची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

PR.NO.349486 Energy(24-25):D

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।


# दो दिवसीय समग्र विकास कार्यशाला का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में दो दिवसीय समग्र विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दुसरे दिन की शुरूआत मंत्रोच्चारण के साथ की गई। कार्यक्रम की शुरूआत में बालिका शिक्षा के महत्व को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कक्षा आठ के बच्चों ने दिखाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा रिसोर्स पर्सन के रूप में भारतीय सशस्त्र बल अधिकारी अमर नारायण (सेवा निवृत ब्रिगेडियर), भक्ति वेदांता श्री श्री राधा रमन गुरुकुल के कुटाम के प्रभुजी दास गदाधर दास, झालदा योगा एसोसिएशन के योग गुरु पार्थो मोदक, पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रिंसिपल समीर शर्मा ,फिल्म निमार्ता नंदकिशोर सिंह , रिपोर्टर तथा फिल्म निमार्ता विष्णु गिरी उपस्थित थे। गुरुकुल कूटाम के प्रभु जी ने बच्चों को धर्म से संबंधित ज्ञान, अच्छे आचरण, पुण्य-पाप, उचित- अनुचित का ज्ञान दिया । प्रभु जी ने अच्छाई-बुराई का ज्ञान बड़े ही रोचक पूर्ण रूप से गुब्बारे फोड़ो और बचाओ क्रियाविधि के माध्यम से दिया। साथ ही साथ गीता के उपदेश, कृष्ण-अर्जुन संवाद को प्रस्तुत किया। उनके ओम तथा हरे राम-हरे कृष्ण के जाप से कार्यक्रम भवन मंत्र-मुग्ध हो उठा। योग गुरु श्री पार्थो मोदक के सौजन्य से वहां के छात्र एवं छात्राओं ने योग नृत्य तथा योग के कई प्रारूप, सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम इत्यादि प्रस्तुत किया साथ ही साथ उन्होंने योग के महत्व को अनेक प्रकार से बताया। अमर नारायण ने भारतीय सेना की विभिन्न शाखाओं, प्रबंधकों, भारतीय सेना के विंग्स, अधिकारियों के प्रकार, शामिल होने की प्रक्रिया, भारतीय सेना में शामिल होने की रणनीति और योजनाऐं , परीक्षा की तैयारी करने के टिप्स तथा सेवानिवृत्ति लाभ इत्यादि पर चर्चा की है। प्रिंसिपल समीर शर्मा द्वारा समग्र विकास के प्रेरक दिशानिर्देश, रणनीतियां प्रस्तुत किए गए । उन्होंने विभिन्न प्रकार के व्यवसायों तथा समाज में इसकी आवश्यकताओं के बारे में बताया है। इन्होंने बताया कि किसी भी व्यवसाय का प्रमुख चरण शिक्षण हीं है। फिल्म निमार्ता नंदकिशोर सिंह तथा विष्णु गिरी के माध्यम से बच्चों ने डिजिटल फिल्म निर्माण के मूल सिद्धांत तथा फिल्म निमार्ता बनने के लिए दिशा-निर्देश को समझा और जाना। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बी. शरण ने उपस्थित अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा बच्चों को यह सलाह दी की सभी दिशा निर्देशों का पालन करें तथा अपने जीवन में इसका उपयोग करें।

### सिल्ली झामुमो कमेटी ने जिला संयोजक को विस्तारीकरण की सूची सौंपी

**सिल्ली :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो उर्फ बलराम ने रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम को सिल्ली प्रखंड कमेटी विस्तारीकरण की सूची सौंपी जिसमें सचिव अनिल चंद्र महतो, कोषाध्यक्ष गंगा नारायण सिंह मुंडा,उपाध्यक्ष लखीराम बेदिया, दिलेश्वर बेदिया, संतोष महली, अनिल कुमार मांझी, संगठन सचिव अजीत कुमार महतो, कार्यालय प्रभारी विकास रजक समेत सूची में दर्जनों सदस्यों का नाम तथा मोबाइल नंबर अंकित था।

## एक नजर

### भूमि अधिग्रहण मुआवजा के लिए रैयत सात दिनों में अंतिम दावा आपति जमा करें

**साहिबगंज :** जिला क्षेत्र में मिजाचौकी से फरक्का जंक्शन अंतर्गत बनने वाले साहिबगंज बाइपास सड़क चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान को लेकर अंचल कार्यालय में अंतिम दावा आपति मांगे गए। इसके तहत बोरियों अंचल क्षेत्र के संबंधित मौजा के रैयत व ग्राम प्रधान जिसमें बड़ा पचगढ़ पहाड़, घोघी माको, बड़ा लोहंडा, छोटा लोहंडा, गोपालचौकी, सीताचौकी पगड़ो, नीरा पहाड़, बड़ा तौफिर में भूमि अधिग्रहण किया गया था। जिसमें से अधिकांशों को मुआवजा राशि मिल चुका है। कुछ को मुआवजा राशि को लेकर कुछ दावा आपति है तो उसे 7 दिनों के अंदर वह दस्तावेज के साथ अंचल कार्यालय में जमा करने को कहा गया है। उक्त तिथि के बाद किसी भी प्रकार के दावा आपति पर कोई बात नहीं होगी।

### हावड़ा-गया एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री का बैग ले उड़ा चोर

**साहिबगंज/कोटालपोखर :** हावड़ा गया एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा कर रहे एक यात्री का बैग अज्ञात चोरों ने उड़ा लिया। बरहरवा प्रखंड के कांकजोल गांव के रेल यात्री सरीफुल शेख ने बताया की वह कोलकाता से अपने घर ट्रेन से लौट रहा था। जहां गुरुवार की रात्रि हावड़ा से ट्रेन में सवार हुआ था। कुछ देर बाद रात्रि में उसे नींद लग गई। रामपुरहाट स्टेशन पहुंचने पर नींद खुली तो पाया कि उसका बैग चोरी हो गया है। उसने बोगी में काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। उसने बताया कि बैग में परिवार के सदस्यों के लिए नए कपड़े के अलावा 15 हजार नगदी सहित कई अन्य सामान थे।

### ईचागढ़ में नदी में मिला महिला का शव हत्या की आशंका

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के नारो से नदीसाई जाने वाली सड़क पर करकरी नदी के पुल के नीचे नदी से महिला का शव बरामद किया गया। महिला की उम्र 32 वर्ष के आसपास होगी। उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। ईचागढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को अपने कब्जे में लेकर पहचान कराने में जुट गई है। महिला के हाथों में चूड़ी व शंखा है। थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्या यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने लाश के पास से खून से सने कुछ पत्थर बरामद किए है। महिला के सिर पर चोट के गंभीर निशान भी हैं। हो सकता है कि उसके सिर पर पत्थर से वार किया गया हो। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा।

### यूसिल ने बच्चों के बीच 250 बैडमिंटन रैकेट किये वितरित

**जादूगोड़ा :** यूसिल ने नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट के डिप्टी मैनेजर स्टेलिन हेंब्रम की अगवाई में पांच उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में 250 बच्चों के बीच बैडमिंटन रैकेट बांटे। इसका उद्देश्य भारत सरकार के खेलों इंडिया अभियान को गति देना है। राजदोहा उत्क्रमित उच्च विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक अनुपमा कुमारी ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है। उन्होंने बच्चों की सक्रियता की सराहना की और यूसिल की पहल का समर्थन किया। कंपनी के डिप्टी मैनेजर एस आर हेंब्रम ने बताया कि बैडमिंटन रैकेट वितरण कार्यक्रम कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत किया गया।

# पश्चिमी सिंहभूम से 28 आईईडी सहित भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ चलाये गये सर्च अभियान के दौरान भारी मात्रा में शुक्रवार को विस्फोटक बरामद किया है। बरामद विस्फोटकों में 28 आईईडी, 23 डेटोनेटर, 25 किलो यूरिया, एक किलो गन पाउडर, 50 पीस स्विच, 250 मीटर कॉर्डेक्स वायर, 150 मीटर सेफ्टी फ्यूज, एक सिंटेक्स सहित अन्य दैनिक उपयोग की सामान शामिल है। एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि टोंटो थाना क्षेत्र के वनग्राम जीम्कीइकिर के आस-पास



जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों की ओर से पूर्व में लगाये गये विस्फोटक और अन्य सामग्री एक पुराने नक्सल डम्प से बरामद किया गया। बरामद विस्फोटको को सुरक्षा के दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ता के मदद से डिफ्यूज कर दिया गया। उन्होंने बताया भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा एवं कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। एसपी ने बताया कि इसे लेकर चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, झारखंड जगुआर एवं सीआरपीएफ 60, 197, 174, 193, 134, 26 बटालियन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। वर्ष 2022 से लगातार संयुक्त अभियान गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र तथा टोन्टो थानान्तर्गत ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेंगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है।

## बाबूपुर गांव में शराब पी रहे युवक को रोकने पर पुलिस से भिड़े ग्रामीण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/तीनपहाड़ :** थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव में बीती रात्रि को एक जगह जमा हुए युवकों को रोकने पर सभी उलटे पुलिस से ही भीड़ गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात्रि 1:00 बजे के लगभग एसआई नारद गहलोत दल बल के साथ तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग गाड़ी पुलिस जब बाबूपुर गांव पहुंचे तो गांव के चौक की सड़क पर ही चार से पांच युवक मजमा लगाकर शराब पी रहे थे। जब पेट्रोलिंग गाड़ी पुलिस ने उनको शराब पीने से मना किया और घर जाने को कहा तो उलटे वे गाली गलौज कर पुलिस से भीड़ कर मारपीट करने लगे। पुलिस ने भी अपने बचाव में लाठियां भांजी। इस दौरान युवक के परिजन सहित गांव के अन्य लोग भी वहां पहुंच कर हो हल्ला करने लगे। मामला बिगड़ता देख पेट्रोलिंग टीम ने थाना प्रभारी गुलशन गौवर को सूचना दी, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अतिरिक्त बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया, जिसमें हवलदार मोहम्मद आजम का सर फट गया और पथराव में सिपाही फिरोज खान को भी हाथ में हल्की चोटें लगी है। वहीं थाना प्रभारी ने दलबल के साथ मौके पर पहुंच भीड़ को खदेड़ते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। थाना प्रभारी गुलशन गौवर ने बताया कि दस नामजद व एक दर्जन से अधिक अज्ञात पर केस दर्ज किया जा रहा है।

## कन्वेंशन इवेंट एक्सपोर्ट टॉक करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शुक्रवार को पीएम श्री सरकारी हाई स्कूल नगर पालिका कन्या विद्यालय साहिबगंज में बड़े धूमधाम से कन्वेंशन इवेंट एक्सपोर्ट टॉक करियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉ रंजीत कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि पीएम श्री जवाहर नवोदय साहिबगंज के प्राचार्य डॉ राजकुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डॉ रंजीत कुमार सिंह एवं डॉ राजकुमार को पौधा देकर सम्मानित किया। एक्सपर्ट टॉक और करियर काउंसलिंग के रूप में अतिथि डॉ रंजीत कुमार सिंह, डॉ राजकुमार, सुबोध कुमार झा,



प्रभात सिंह, तिवारी उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ राजकुमार सिंह के द्वारा डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस बनने के लिए छात्राओं को सुझाव व निर्देशन दिए। डॉ रंजीत कुमार सिंह ने जीवन में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत करने का सुझाव दिए। कार्यक्रम का मंच का संचालन राजेश कुमार पंडित के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. फारुख हुसैन, प्रदीप कुमार मोदी, रेखा कुमारी, अनिल किस्कू, कविता कुमारी, नेहा इन्दवार, विजय कुमार, प्रिया कुमारी, अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं के साथ-साथ 300 छात्राएं शामिल हुए।

## अलविदा जुमा के नमाज पर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न मस्जिदों का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के रमजान के आखिरी जुमे यानी अलविदा की नमाज को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। आज शुक्रवार को अलविदा की नमाज के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इसके सफल क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने रमजान का आखिरी जुमा के अवसर पर गांधी चौक, कलिकापुर एवं चांचकी स्थित मस्जिदों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित मुस्लिम समुदाय के लोगों से मिलकर अंतिम जुमा की बधाई दी। उपायुक्त ने कहा कि आम जनमानस से त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ सकुशल निपटाने की अपील की। माहौल बिगाड़ने वालों व सोशल मीडिया के जरिए अफवाह फैलाने वालो पर प्रशासन की रहेगी कड़ी नजर, ड्रोन कैमरों के जरिए भी संवेदनशील इलाकों पर प्रशासन की नजर है।

### रमजान के आखिरी जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

**साहिबगंज :** रमजान के अंतिम शुक्रवार, जुमे को सभी मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ नमाज अदा करने को उमड़ पड़ी। जहां एलसी रोड स्थित जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद, मजहर टोला, कुलीपाड़ा, हबीबपुर, सकरुगढ़, अंजुमननगर, रसूलपुर दहला, की मस्जिदों में काफी लोग अंतिम जुमे की नमाज को अदा किए। जहां शहर से सटे महादेवगंज, कोदरर्जन्ना, मदनशाही की मस्जिदों में भी नमाजियों की काफी भीड़ रही। जुमे की नमाज को लेकर शहर सहित अन्य मस्जिदों में जिले के पुलिस बल को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात किया गया था।



## नदियों के जल श्रोतों का हमारे जीवन में काफी महत्व : डीएफओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चास गरगा नदी घाट पर चला स्वच्छता अभियान, वाकाथान बोकारो हवाई अड्डा से शुरू होकर गरगा नदी जाकर हुई समाप्त नमामि गंगे अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को विभिन्न नदियों/जल श्रोतों को स्वच्छ रखने को लेकर जिला गंगा समिति द्वारा वाकाथान का आयोजन किया गया। वाकाथान का नेतृत्व जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने किया। मौके पर डीआरडीए निदेशक श्रीमती मनेका, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा आदि उपस्थित थे। वाकाथान की शुरूआत बोकारो हवाई अड्डा से गुब्बारा उड़ाकर किया गया। वाकाथान हवाई अड्डा से शुरू होकर टाउन हाल होते हुए होकर गरगा नदी पहुंच समाप्त हुई। मौके पर अपने संबोधन में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि मानव जीवन में विभिन्न नदियों/जल श्रोतों का काफी अधिक महत्व है। सभी सभ्यताओं का विकास नदी तट के समीप हुआ है। अगर यह नदियां, जल श्रोत स्वच्छ है - सुरक्षित हैं, तभी हमारा जीवन भी सुरक्षित है। आमजनों में अपने आस पास के नदियों, जल श्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए जन जागरूकता उद्देश्य से इस वाकाथान का आयोजन किया गया है। उन्होंने आम लोगों से नदियों/जल श्रोतों को स्वच्छ बनाने का अपील किया। उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा ने कहा कि नमामि गंगे के तहत जागरूकता के उद्देश्य से वाकाथान का आयोजन किया गया। हमेशा से हमारा जीवन इन नदियों/जल श्रोतों पर निर्भर रहा है। उन्होंने आम जनों से अपने आस पास के नदियों/तालाबों एवं अन्य जल श्रोतों को स्वच्छ बनाने को लेकर आगे आने का आह्वान किया। कहा कि हम सब अपना थोड़ा थोड़ा सहयोग करें तो नदियों/जल श्रोतों को स्वच्छ रखने का संकल्प पूरा होगा।

# डे-बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षु खिलाड़ियों को मिला खेल सामग्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में पर्यटन, कला -संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग झारखण्ड सरकार एवं जिला खेल शाखा के तत्वाधान में डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों के प्रशिक्षुओं को खेल किट प्रदान किया गया। साथ ही कुल चार माह की छात्रवृत्ति की राशि का डमी चेक खिलाड़ियों को दिया गया। प्रशिक्षु खिलाड़ी को जिला प्रशासन के द्वारा ट्रैकसूट, जर्सी, जूता, वॉलीबॉल आदि संपूर्ण खेल किट वितरण किया गया जिससे खिलाड़ियों के प्रति खेल भावना जागरूकता को बढ़ावा



मिले एवं खेल के साथ-साथ मानसिक विकास हो सके। उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना एवं अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत करने की बाते कहीं। साथ ही खेल को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। इसके अलावा झारखण्ड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजना सिदो कान्हू युवा खेल क्लब पीतलगरिया ग्राम को 25 हजार रुपए का चेक उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रदान किया गया। झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी के राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पाकुड़ जिला द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले के नाम को गौरवान्वित किया, उन्हें भी सम्मानित किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला खेल समन्वयक विवेक रजक, जिला पर्यटन विशेषज्ञ दीपन लाहिड़ी, डे बोर्डिंग कबड्डी प्रशिक्षक संजय भगत, वॉलीबॉल प्रशिक्षक उजय राय, रंजेश कुमार एवं डे बोर्डिंग केंद्रों के प्रशिक्षु खिलाड़ी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिले के साढ़े आठ लाख कार्डधारियों को सरकार द्वारा तय मात्रा में राशन दें डीलर




**पाकुड़ :** ज़िले के रविन्द्र भवन टाउन हॉल में प्रोजेक्ट आहार के तहत जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग में संचालित योजनाएं जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, नमक वितरण योजना, चीनी वितरण योजना, धान अधिप्राप्ति योजना, आदिम जनजाति समूह डाकिया योजना, मुख्यमंत्री दाल-भात योजना, चना दाल वितरण योजना समेत अन्य योजनाओं का विस्तृत रूप से जानकारी दी। उपायुक्त ने सभी जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को निर्देश देते हुए कहा कि खाद्यान्न का वितरण पारदर्शी तरीके से किया जाए। पीडीएस डीलरों को कहा कि सरकार द्वारा तय मात्रा में ही सभी कार्डधारियों को राशन मिले यह सुनिश्चित करें। साथ ही राशन के साथ अनिवार्य रूप से पर्ची भी लाभुकों को देने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सभी पीडीएस डीलरों को शत प्रतिशत राशन वितरण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने बताया कि सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों में पोस मशीन से राशन वितरण करें। सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार लाभुकों के बीच ससमय राशन का वितरण करें। खाद्यान्न वितरण में कटौती तथा लाभुकों के साथ लापरवाही बरतने पर वैसे दुकानदारों से सख्ती के साथ निपटा जाएगा। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक एवं जिले के सभी डीलर उपस्थित थे।

### ऋण समाधान योजना के तहत मेगा शिविर का हुआ आयोजन



**पाकुड़ :** ज़िले में ऋण समाधान योजना के तहत नीलाम पत्र वाद का मेगा शिविर का आयोजन उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार कक्ष में आयोजित की गई। इस मेगा शिविर में बैंक एवं नीलाम बकायेदार शामिल हुए। शिविर में कुल 190 निष्पादित अभिलेख में 1 करोड़ 41 लाख 95 हजार 129 रूपए का निष्पादन किया गया।

### पुराने विवाद में अवैध लॉटरी के भंडा फोड़ने के मामले में युवक के साथ की मारपीट



**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुल्लीभट्ठा निवासी एक युवक के साथ 10 से 15 लोगों ने मारपीट कर किया गंभीर रूप से घायल, वही घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया अस्पताल में चिकित्सक केशव कृष्णा के द्वारा इलाज प्रारंभ किया गया बताया जा रहा है कि नगर थाना गुल्ली भट्ठा निवासी राजकिशोर गुप्ता के 26 वर्षीय पुत्र अनुभव कुमार के साथ कुछ युवकों ने लाठी डंडा रड के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अनुभव कुमार ने आरोप लगाते हुए बताया कि हमारे मोहल्ले में अवैध लॉटरी के कारोबार काफी दिनों से चल रहा है जिसका हम विरोध करते हैं तो अवैध लॉटरी के माफियाओं के द्वारा धमकी दी जाती है। जहां शुक्रवार को अवैध लॉटरी का धंधा भंडाफोड़ कर रहे थे तो अवैध लॉटरी की माफियाओं की गिरोह ने अचानक मुझ पर आकर हमला कर दिया,जहाँ बबली शाह, गोलू शाह, सुदर्शन शाह, प्रीतम रवानी, व अन्य लोगों ने लगभग 8 से 10 लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके पूर्व में भी अवैध लॉटरी लॉटरी के भंडाफोड़ के मामले में मुझ पर हथियार से वार किया गया था, लेकिन किसी तरह जान बचाते हुए हम वहां से भागे थे। इधर घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है।

### त्योहारों को लेकर डीसी-एसपी ने चक्रधरपुर का लिया जायजा



**चाईबासा:** पश्चिमी सिंहभूम जिले के डीसी कुलदीप चौधरी व एसपी आशुतोष शेखर शुक्रवार की शाम चक्रधरपुर पहुंचे। दोनों पदाधिकारियों ने ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर शहर की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पोड़ाहाट एसडीओ श्रुति राजलक्ष्मी व एसडीपीओ शिवम प्रकाश से रामनवमी जुलूस के रूट चार्ट, सरहुल जुलूस आदि के बारे में जानकारी ली। साथ ही त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद डीसी व एसपी ने एसडीओ व एसडीपीओ के साथ चक्रधरपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को शहर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, बिजली के झूलते तारों को ठीक करने, त्योहार के दिन गली-मोहल्लों में दंडाधिकारी के साथ पुलिस जवानों की तैनाती करने समेत अन्य कई निर्देश दिए। मौके पर बीडीओ कांचन मुखर्जी, सीओ सुरेश कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुल यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### बंगाल में सड़क दुर्घटना में नीमडीह के युवक सहित 2 की मौत

**सरायकेला :** पश्चिम बंगाल के बांदोवान के पास शुक्रवार को हुई सड़क दुर्घटना में नीमडीह के तिलाईटांड़ निवासी युवक संजय कुंभकार की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उसके मौसेरा भाई परमेश्वर कुंभकार की भी मौत हो गई। दोनों एक ही बाइक पर सवार थे। मौसेरा भाई कमलपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर का रहने वाला था। बताया गया कि दुर्घटना बांदोवान थाना से करीब आधा किमी दूर पुराना तालाब क्रशर के पास बांदोवान-कुईलापाल मार्ग पर हुई। दोनों युवक बाइक से कुईलापाल से गोपालपुर लौट रहे थे।

एक नजर

## अनुकंपा पर आधारित दो अभ्यर्थियों को डीसी ने दिया नियुक्ति पत्र




**कोडरमा :** उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज द्वारा अनुकंपा पर आधारित दो अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। जिसमें सोनी कुमारी और सकलदेव कुमार को अनुकंपा पर आधारित नियुक्ति पत्र दिया गया। सोनी कुमारी को निम्नवर्गीय लिपिक एवं सकलदेव कुमार को चौकीदार के पद पर नियुक्ति पत्र दिया गया। उपायुक्त ने सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी और बेहतर तरीके से कार्य करने को कहा।

## सुषमा सुमन की अगुआई में बालिकाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**झुमरीतिलैया :** नव वर्ष 2082 राम नवमी के शुभ अवसर पर झांसी की रानी अखाड़ा समिति के द्वारा यह कार्यक्रम बेटी लोगों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लाठी,तलवार आदि चलाने के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बेटी लोग के लिए आज से यह कार्यक्रम रामनवमी महासमिति की महिला वींग की अध्यक्ष योगाचार्य सुषमा सुमन की अगुआई में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमे दंड का भी अभ्यास सत्र की शुरूआत की हुई है। बतादे कि यह कार्यक्रम योग क्रांतिकारी योगाचार्य योगी सुषमा सुमन के प्रयास से लाठी तलवार चलाने का अभ्यास सत्र शुरू किया गया है। सुषमा सुमन का एक संकल्प है कि योग को कोडरमा जिला में जन-जन तक पहुंचाने का काम हुआ है। और आगे भी होता रहेगा। उन्होंने कहा कि आज लगभग हजारों योग शिक्षक है जो अपने क्षेत्र में सेवा दे रहे हैं अपने भी लाभ पा रहे हैं और दूसरे को भी लाभ दे रहे हैं। इस तरह लाठी,तलवार चलाने के लिए लगभग हजारों बेटियां लोग को तैयार करने का संकल्प किया है। आप लोग का सहयोग जिस तरह मिल रहा है निश्चित ही यह कार्यक्रम में सफल होंगी। अभ्यास सत्र का समय 5 बजे सुबह से 7:30 बजे तक एक घंटा योग उसके बाद डेढ़ घंटा प्रशिक्षण अभ्यास सत्र दंड और तलवार का होगा। हमारे चार-चार प्रशिक्षक हैं जो सेवा नि:शुल्क दे रहे हैं। यह प्रशिक्षण स्थल ग्रैंड सूर्या होटल के पास है जो भी अपनी बेटी बहन को भेजना चाहते हैं वह अवश्य भेजें और शारीरिक लाभ से लेकर अपनी आत्म सुरक्षा,राष्ट्र सुरक्षा कक मजबूत बनाये।

## भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष बने रामप्रवेश पाण्डेय

**झुमरीतिलैया :** स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित सेवा एवं संस्कारोन्मुख अराजनैतिक, सामाजिक सांस्कृतिक राष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस आदर्श गोयल, महासचिव पी पी शर्मा एवं वित्त सचिव महेश बाबू के नेतृत्वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी कमिटी ने उत्तर झारखंड प्रांत के लिए रामप्रवेश पाण्डेय झुमरी तिलैया को प्रांतीय अध्यक्ष, प्रकाश चन्द्र सिंह देवघर को महासचिव एवं अश्विनी कुमार तिवारी झुमरी तिलैया को प्रांतीय वित्त सचिव नामित किया है। सनद रहे कि श्री पाण्डेय एवं श्री तिवारी विगत सत्र 2024- 25 सत्र में भी अपने इसी दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे थे । इस बार प्रांतीय महासचिव के रूप में पहली बार प्रकाश चन्द्र सिंह को यह दायित्व दिया गया है।

# सुदुरवर्ती, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति को लेकर डीसी ने की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आगामी ग्रीष्मकालीन को देखते हुए जिले के सुदुरवर्ती क्षेत्रों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति को लेकर बैठक किया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी नगर निकाय, पेयजल एवं स्वच्छता समिति एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को पेयजलापूर्ति की समुचित व्यवस्था एवं सुविधाएं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत खराब चापानल का मरम्मतीकरण करना सुनिश्चित करेंगे। आमजनों को किसी भी प्रकार से जल संकट की समस्या से जूझना न पड़े, सुनिश्चित करेंगे। आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जनहित में पेयजल से उत्पन्न समस्या से त्वरित निराकरण हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया अंतर्गत जिलास्तरीय जिला नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मी निम्नवत है:

श्री दीपक कुमार, कनीय अभियंता
मो. -7541920901
विशाल कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक
मो. -7269057933
अनिल कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक
मो.- 6299093017

नियंत्रण कक्ष के प्रभारी दीपक कुमार, कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया होगे। आमजनों को पेयजल से उत्पन्न समस्या होने पर जिला नियंत्रण कक्ष में सूचित कर सकते हैं। समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया जायेगा। उपस्थितिः बैठक में उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर, कार्यपालक अभियंता अनुज कुमार सिंह, प्रशासक नगर परिषद् झुमरी तिलैया/नर पंचायत कोडरमा एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

## प्रशिक्षित ग्राम विकास समिति के कैडरों के क्षमता निर्माण पर हुआ कार्यक्रम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** समर्पण एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला मे प्रशिक्षित ग्राम विकास समिति कैडरो का आज क्षमता निर्माण कार्यक्रम हुआ। जिसमे डोमचांच प्रखंड के पारहो, जानपुर, ढोढाकोला, मधुबन, बेहराडीह, ढाब, बंगाखलार पंचायत से चयनित 30 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षित वीडीसी कैडरो का प्रशिक्षण पश्चात किये गए सहयोग कार्यों जैसे - मनरेगा, राशन व पेंशन संवाद, ग्राम पंचायत विकास योजना एवं ग्राम विकास समिति सह अन्य समितियों के भूमिकाओं और दायित्वों की समझ बनाना साथ ही इसके गठन के वैधानिक प्रक्रिया और शक्तियों को समझाना था। समितियों द्वारा गांव के मुद्दों की पहचान करना, उनपर ग्राम सभा द्वारा अनुशंसा करवाना, ग्राम पंचायत समन्वय समिति द्वारा समीक्षा और आगे की कार्यवाही के लिए क्षमता निर्माण करना था। जिसमे परियोजना प्रबंधक बतौर प्रशिक्षक आलोक कुमार सिन्हा ने प्रतिभागियों द्वारा पूर्व मे किये कार्यों के अनुभवों को साझा करना हुआ, जिसमे पीपीटी के माध्यम से 73वें संशोधन के प्रावधानो, 11वें अनुसूची मे अंकित 29 विषयों को चर्चा, वाद- विवाद, सामाजिक मानचित्रण, प्रस्तुतीकरण और संकल्पवार स्थानीय सतत विकास लक्ष्य के पहलुओं एवं विषयों को समझाया गया।

## घर को स्वर्ग बनाकर रिश्ते को बचाएं, रिश्ते रहेंगे तो ही सामाजिक संरचना बन पाएंगे : प्रेम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** राष्ट्रीय मोदी बर्णवाल विकास संघ के राष्ट्रीय महासचिव प्रेम लाल बर्णवाल ने कहा कि डाइवर्स आज के समय में ज्यादा हो रहा है क्यों जब बेटी का शादी होता है तो सैकड़ों लोग बाराती बन कर जाते हैं उस एक बेटी को ससुराल लाने के लिए किंतु ससुराल में बेटी को रहने या बसने देने के लिए कुछ बेटियों के मां पिताजी उस घर में शुरू से ही अपने घर में जिस तरह बेटी रह चुकी है उसी तरह ससुराल में भी मेरी बेटी रहे ये अनुमान लगा लेते हैं और यहीं से रगड़े की शुरूवात होती है। जब अपने घर के जैसा ही अपनी बेटी को रहने देने कि इच्छा कोई मां पिताजी रखते हैं तो बेटियों की शादी ही क्यों करना मित्रों शादी दो अजनबी दिलों का मिलन होना कहा जाता है जब आप किसी अजनबी से बात करते है तो आपके अंदर जरूर कुछ अटपटा लगता ही होगा की इनसे किस तरह बात करें। इसी तरह बेटियां भी हैं नए अभिभावक में/नए घर में/नई बहु या बेटी को ससुराल में समझने का मौका देना ही चाहिए। नए घर में बसने के लिए पुराने घर जैसा व्यवहार कभी नहीं मिलेगा। बेटी नए घर में अपनी औकात के अनुरूप अपनी इज्जत प्रतिष्ठा को साथ लेकर सैकड़ों लोगों के साथ जाती है तो उस नए घर में ही बेटियां बसती हैं और खानदान को आगे बढ़ाती हैं, इस नए घर में सभी के मां पिताजी के साथ इसी तरह का व्यवहार मिला है और आज खानदान को बढ़ाकर सभी बेटियां और बेटों को भी शिक्षा देने कि काम कर रही हैं। मित्रों सभी के घर में हल्का फुल्का रगड़ा झगड़ा होता ही है, तो इसका ये मतलब कभी नहीं हो सकता कि बेटा बेटी/पति पत्नी अपना रिश्ता खराब कर लें। और मामला सम्बन्ध बिच्छेद पर आकर खडा हो जाता है।

## खाद्य सुरक्षा से संबंधित ट्रेनिंग एवं सर्टिफिकेशन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** स्वास्थ्य चिकित्सा-शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड रांची के निदेर्शानुसार उपायुक्त, मेघा भारद्वाज एवं अभिहित अधिकारी-सह- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा डॉ0 रंजीत कुमार के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा से संबंधित ट्रेनिंग एण्ड सर्टिफिकेशन से संबंधित बिरसा सांस्कृतिक भवन, कोडरमा में एक दिवसीय ट्रेनिंग दिया गया। इनके द्वारा संतुलित एवं सुरक्षित आहार, स्वास्थ्य का आधार की कल्पना को साकार करने का आवाह्न किया गया। ज्ञानसीटी एडुकेशनल ट्रस्ट के मास्टर ट्रेनिंग में ट्रेनर देवत्री कुण्डू के द्वारा रेस्टोरेंट, कैट्सर्स, आंगनबाडी की सेविका, मध्याह्न भोजन प्रभारी/आवासीय विद्यालय के वार्डन को खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। ट्रेनिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, कोडरमा रिया सिंह मौजुद थीं। उन्होने कहा कि आँगनबाड़ी केन्द्रो एवं मध्याह्न भोजन/आवासीय विद्यालयों में ट्रेनिंग के द्वारा फूड प्याजनिंग की संभावना को समाप्त किया जा सकता है एवं फूड फोर्टिफिकेशन से कुपोषण एवं अनिमिया मुक्त भारत की कल्पना को साकार किया जा सकता है। ट्रेनिंग में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, कोडरमा, प्रकाश चन्द्र गुग्गी मौजुद थे। ट्रेनिंग के दौरान लोगो को फोर्टिफाईड फूड एवं एफ0एस0,एस0ए0आई0 की महत्वकांक्षी योजनाएं यथा ईट राइट इंडिया एवं आज से थोडा कम, तेल, चीनी एवं नमक के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रकाश रंजन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, पलाश कोडरमा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान 100 से ज्यादा लोगों को खाद्य सुरक्षा से संबंधित ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में स्वाती सुमन, लिपिक, खाद्य सुरक्षा विभाग, कोडरमा साथ ही संतोष पाठक, जिला प्रबंधक ज्ञानसीटी एडुकेशनल ट्रस्ट, विकाश शर्मा एवं सुरज कुमार, डाटा इण्ट्री ऑपरेटर, खाद्य सुरक्षा विभाग हजारीबाग का सहयोग प्रदान किया गया।

## रमजान-उल-मुबारक की अलविदा जुमा की नमाज अदा की गयी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** प्रखंड मुख्यालय व आसपास के मुस्लिम बहुल क्षेत्र में शुक्रवार को रमजान-उल-मुबारक की अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। इस मौके पर नमाजियों की संख्या में बढ़ोतरी होने के कारण मस्जिद इंतजामिया कमेटियों के द्वारा वजू का पानी सहित ध्वनि विस्तारक यंत्र का बेहतर इंतजाम किया गया था। नमाज- ए-अलविदा जुमा को लेकर मुस्लिम मोहल्लों में सुबह से ही चहल-पहल देखी गई। खास कर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया।

**छोटे-छोटे बच्चे भी पहुंचे मस्जिद**

छोटे-छोटे बच्चे आज नए कपड़े पहन कर कपड़ों में इत्र लगाकर नमाज-ए-अलविदा जुमा अदा करने मस्जिद पहुंचे। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए नमाजी पूर्वाह्न 11 बजे से ही मस्जिदों में दाखिल होने लगे थे। अलविदा जुमा के मौके पर जकात व फितरा मांगने वालों की भीड़ सभी मस्जिदों के पास देखी गई।



**जामा मस्जिद के इमाम ने ये कहा**

अलविदा जुमा के अवसर पर उपस्थित नमाजियों को संबोधित करते हुए जामा मस्जिद के पेश इमाम ने कहा कि आज हम सभी रमजान- उल- मुबारक को अलविदा कहने के लिए इकट्ठा हुए हैं। हम सभी लोगों को सिर्फ रमजान-उल- मुबारक को अलविदा कहना है न कि नमाज को। उन्होंने कहा कि जिस तरह रमजान- उल- मुबारक के दौरान लोग खुदा की इबादत करने के साथ ही नमाज अदा करते थे। उसे जारी रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को जकात व फितरा निकाल कर गरीबों में तकसीम करनी चाहिए। ताकि गरीब व असहाय लोग भी खुशी-खुशी ईद का त्योहार मना सके।

# डीएवी कोडरमा में नेशनल एवं इंटरनेशनल स्तरीय ओलंपियाड मेडल्स का हुआ बरसात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया,कोडरमा में बच्चों ने सत्र 2024 -25 में आयोजित होने वाले नेशनल साइंस एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने नेशनल साइंस एवं हिंदी ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल के साथ सर्टिफिकेट प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । उन्होंने कहा कि बच्चों का यह प्रदर्शन विद्यालय के लिए बड़े ही गर्व की बात है। विद्यालय के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में कामयाबी हासिल कर रहे हैं। हमें उनका उचित दिशा में मार्गदर्शन करना चाहिए । नेशनल साइंस ओलंपियाड में चौथी कक्षा के तन्मय सिंह ने इंटरनेशनल रैंक 18, जोनल रैंक 7, स्कूल रैंक वन गोल्ड मेडल के साथ गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन का सर्टिफिकेट प्राप्त किया। चौथी कक्षा की अनुष्का सिन्हा इंटरनेशनल रैंक 194, स्कूल रैंक 2, पांचवी कक्षा के ओम कुमार इंटरनेशनल रैंक 551, स्कूल रैंक 3,अनमोल मोदी इंटरनेशनल रैंक 921, स्कूल रैंक 3,आरोही गुप्ता इंटरनेशनल रैंक 701, स्कूल रैंक 2 गोल्ड मेडल के साथ गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का सर्टिफिकेट प्राप्त किया। छठीं कक्षा की शांभवी सिंह इंटरनेशनल रैंक 634, स्कूल रैंक 1, सातवीं कक्षा के श्रेष्ठ वर्मा इंटरनेशनल रैंक 927 स्कूल रैंक 1 ,आठवीं कक्षा के अक्षत कुमार इंटरनेशनल रैंक 833,, स्कूल रैंक 3, आयुष राज इंटरनेशनल रैंक 576,स्कूल रैंक 2, सौहार्द्रय सरकार इंटरनेशनल रैंक 421, स्कूल रैंक 1, नवीं कक्षा की आरात्रिका सिन्हा इंटरनेशनल रैंक 399,स्कूल रैंक 1,आकांक्षा त्रिवेदी इंटरनेशनल रैंक 545,स्कूल रैंक 2, उदय शंकर यादव इंटरनेशनल रैंक 655, स्कूल रैंक 4 , वंश कपूर इंटरनेशनल रैंक 605,स्कूल रैंक 3, दसवीं कक्षा के आर्यन राज इंटरनेशनल रैंक 396, स्कूल रैंक 1, अभिनव सिन्हा इंटरनेशनल रैंक 395,स्कूल रैंक 2, आदित्या मोदी इंटरनेशनल रैंक 395, स्कूल रैंक 2 ,सानू मोदी इंटरनेशनल रैंक 311 स्कूल रैंक 1, 11वीं कक्षा की अर्पिता सिंह इंटरनेशनल रैंक 839, स्कूल रैंक 1,अक्षिता पंडित इंटरनेशनल रैंक 940, स्कूल रैंक 2 गोल्ड मेडल के साथ गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस का सर्टिफिकेट प्राप्त कर विद्यालय का मान- सम्मान एवं गौरव बढ़ाया। सीबीएसई द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड की परीक्षा में 88 बच्चों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 गोल्ड, पांच सिल्वर एवं 3 ब्रोंज ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया।

संक्षिप्त खबरें

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला स्मार्टफोन, काम की होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग



**जयनगर (कोडरमा) :** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं, पर्यवेक्षिकाओं एवं हेल्प डेस्क कर्मियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए, जिससे कार्यों की रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी गौतम कुमार ने सेविकाओं को मोबाइल सौंपे। उनके साथ सांख्यिकी सहायक संतोष कुमार, महिला पर्यवेक्षिका शीतल पिंगुआ और अनिता कुमारी भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अनुसार, स्मार्टफोन के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित योजनाओं, सेवाओं और गतिविधियों को डिजिटल रूप से सुचारू किया जाएगा, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और तेजी आएगी। अब सेविकाएं अपने केंद्रों की दैनिक रिपोर्टिंग एवं अन्य आवश्यक जानकारियों को ऐप के माध्यम से सुरक्षित और आसान तरीके से अपलोड कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने स्मार्टफोन के सुरक्षित उपयोग पर भी जोर दिया और सेविकाओं से कहा कि वे केवल सरकारी कार्यों के लिए ही इसे इस्तेमाल करें और किसी भी अनधिकृत ऐप या संदेशों से बचें। स्मार्टफोन के माध्यम से सेविकाएं अपने कार्यों को अधिक प्रभावी बना सकेंगी और महिला एवं बाल विकास योजनाओं को जमीनी स्तर तक बेहतर तरीके से लागू किया जा सकेगा।

## कौशल विकास कक्षा का हुआ आयोजन



**जयनगर :** प्रखंड के पेठीयाबागी स्थित स्टार किड्स प्ले स्कूल में बच्चों के मानसिक विकास और शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए। बच्चों के मनोरंजन के लिए रचनात्मक और कल्पनात्मक सोच को विकसित करने के लिए बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए के लिए बच्चों के अंदर के डर को दूर करने के लिए, कौशल विकास कक्षा स्किल डेवलपमेंट 4 डेज वर्कशॉप क्लास का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के द्वारा बच्चों को नैतिक शिक्षा सामान्य ज्ञान शिक्षा खेलकूद,योग, चित्रकला, पेंटिंग, डांस,गाना तथा बेकार वस्तुओं का उपयोग करना प्रोजेक्ट बनाने का कक्षा दिया गया बच्चों ने सभी कक्षा का भरपूर आनंद लिया,नई-नई गतिविधियों को सीख काफी प्रफुल्लित हुए। परीक्षा के बाद बच्चों ने पूरे सप्ताह को त्यौहार की तरह मनाया और नई-नई गतिविधियां सीखा जिसमें बच्चों ने अलग-अलग दिन में अलग-अलग रंगीन वस्त्र पहनकर, बीना कॉपी किताब लिए विद्यालय पहुंचे बच्चों ने खुशी का माहौल देखा गया इस प्रकार के आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारना,उनके अंदर के प्रतिभा को जानना बच्चों के अंदर के डर को दूर करना है बच्चे शिक्षकों के साथ माता-पिता के साथ जुड़ते हैं।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी का किया गया आयोजन




**झुमरीतिलैया :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के छात्रों ने अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनके क्लास टीचर्स द्वारा रिपोर्ट कार्ड प्रदान किए गए। रिपोर्ट कार्ड पाकर छात्र उत्साहित नजर आए और स्कूल द्वारा बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर तस्वीरें खिंचवाकर इस पल को यादगार बनाया। कार्यक्रम के दौरान डिस्प्ले बोर्ड पर प्रत्येक कक्षा के शीर्ष पांच विद्यार्थियों के नाम प्रदर्शित किए गए और उन्हें विशेष सम्मान दिया गया। विद्यालय प्रशासन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सराहना पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। ग्रेजुएशन सेरेमनी में वर्ग 1 से वर्ग 8 तक के टॉप 5 छात्रों को विशेष सम्मान दिया गया जिसमे वर्ग 1 में श्रेयांश श्रीवास्तव,सगुन राधे,श्रेयांश कुमार,कुणाल यादव,आयरा आयुषी, वर्ग 2 में आरव कुमार, हर्षित कुमार, समर प्रताप,आराध्या कुमारी, अन्या सिन्हा,वर्ग 3 में अवनीश कुमार, सुशांत कुमार सिंह,सौरभ कुमार, इशिका सेठ, आकांक्षा मोदी, वर्ग 4 में श्वेता राज, युग सिंह, अंश वर्मा, अंकुश कुमार, वैष्णवी सिंह, वर्ग 8 में संस्कार जैन, इशिता कुमारी, कुंदन कुमार, अनमोल कुमारी,वीर प्रताप सिंह प्रमुख हैं।

## कैलाश राय विद्यालय में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का हुआ उद्घाटन



**झुमरीतिलैया :** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में त्रि दिवसीय आचार्य कार्यशाला का उद्घाटन विधिवत संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में स्थानीय समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह,कोषाध्यक्ष नवल कुमार और मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती के पूर्व विभाग प्रमुख रामावतार साहू उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन और पुष्पाचर्न के पश्चात प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू के द्वारा मंचासीन अधिकारियों का परिचय कराया गया। परिचय के पश्चात प्रथम सत्र में प्राचार्य द्वारा विद्यालय के सबल एवं दुर्बल पक्षो पर आचार्यों से राय मांगा। पश्चात राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया। शैक्षिक एवं सहशैक्षिक पाठ्यक्रम संस्कृत संभाषण सुलेख इत्यादि पर उनके द्वारा प्रकाश डाला गया। तीसरे सत्र में पाठ्यक्रम क्रियान्वयन पर विचार किया गया। चतुर्थ सत्र में पंचपदी शिक्षण पद्धति पर आचार्य प्रदीप कुमार के द्वारा कक्षा ली गई। अंतिम सत्र में अपने मातृ संगठन एवं एवं उसके प्रति हमारे दायित्व पर प्राचार्य द्वारा अपने विचार रखे गए। आचार्य कार्यशाला में सभी आचार्य एवं दीदी उपस्थित थे।

## झामुमो जिला समिति का हुआ सम्मान समारोह

**कोडरमा:** झामुमो जिला समिति ने स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन झुमरीतिलैया ब्लॉक रोड स्थित साहू धर्मशाला में हुआ। इस समारोह में लगातार दूसरी बार मनोनीत पार्टी जिलाध्यक्ष अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय को नेताओं और कार्यकताओं ने सम्मानित किया। इसके बाद जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर मेहता, कोषाध्यक्ष छोटेलाल विश्वकर्मा समेत जिला समिति अंतर्गत प्रखंडों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व उपाध्यक्ष को भी सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने कहा कि केन्द्रीय समिति ने मुडे बड़ी जिम्मेवारी दी है। इसके लिए केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय के प्रति आभार। कहा कि पार्टी में सभी को साथ लेकर चलना मेरी प्राथमिकता होगी।







# ओडेला 2 में भैरवी के किरदार को खुद के लिए भाग्यशाली मानती हैं तमन्ना

**साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों का दिल जीत चुकीं तमन्ना भाटिया हाल ही में अपनी नई फिल्म ओडेला 2 को लेकर खास बातचीत की।**


हाल ही में हैदराबाद में हुए एक इवेंट के दौरान तमन्ना और फिल्म के क्रिएटिव सुपरवाइजर संपत नंदी और फिल्म के निर्माताओं ने मीडिया से बात की। तमन्ना ने बताया कि वह फिल्म में भैरवी का किरदार निभा रही हैं और इसे बहुत खास मानती हैं।

### ओडेला 2, 17 अप्रैल को रिलीज होगी

एक खबर के मुताबिक, तमन्ना ने कहा कि वह ओडेला 2 में भैरवी का किरदार निभाकर खुद को भाग्यशाली मानती हैं। तमन्ना ने कहा, मुझे पहली फिल्म बहुत पसंद आई थी। ओडेला 2 की कहानी बहुत रोमांचक है। गांव की पृष्ठभूमि में इस तरह की कहानी बनाना आसान नहीं है, लेकिन निर्देशक अशोक तेजा ने कमाल कर दिखाया। निर्माता डी मधु ने भी इसे बहुत मेहनत से बनाया है। यह फिल्म दर्शकों को थिएटर में शानदार अनुभव देगी। हाल ही में फिल्म निर्माताओं ने ओडेला 2 का नया पोस्टर जारी करते हुए इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। फिल्म का टीजर महाकुंभ मेले के दौरान जारी किया गया था। फिल्म का थिएट्रिकल ट्रेलर अप्रैल के पहले हफ्ते में रिलीज होने की उम्मीद है। इस फिल्म में तमन्ना नागा साधु के अवतार में नजर आएंगी। ओडेला 2 का निर्माण डी मधु ने अपने मधु क्रिएशन्स बैनर के तहत संपत नंदी टीमवर्क्स के सहयोग से किया है।

### ओडेला 2 में नजर आएंगी तमन्ना

अशोक तेजा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को पैन इंडिया स्तर पर रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 2019 में आई ओडेला रेलवे स्टेशन का दूसरा भाग है, जो एक सुपरनैचुरल थ्रिलर थी। फिल्म में तमन्ना भाटिया के अलावा हेबाह पटेल और वशिष्ठ एन सिम्हा भी अहम किरदार निभा रहे हैं।



# पर्दे के साथ-साथ बॉक्स ऑफिस पर रणबीर से भिड़ेंगे यश

इस साल ईद के मौके पर सलमान खान की फिल्म सिकंदर रिलीज होने वाली है। अगले साल ईद के मौके पर दो फिल्में रिलीज होने वाली हैं। एक फिल्म 26 मार्च 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म का नाम टॉक्सिक है। इस फिल्म में साउथ के सुपरस्टार यश हैं। दूसरी फिल्म लव एंड वार है। यह फिल्म भी ईद के आस-पास ही रिलीज होने वाली है। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर नजर आएंगे। ऐसे में अगले साल यश और रणबीर कपूर की फिल्म में बॉक्स ऑफिस पर टकराव देखने को मिल सकता है। यश को फिल्म केजीएफ से पूरे देश में शोहरत मिली। उम्मीद की जा रही है कि वह टॉक्सिक में भी अपनी पहले वाली छवि लेकर आएंगे। यह एक ऐसी फिल्म है जिसने अपने एलान के बाद से ही फैंस में काफी उत्सुकता पैदा कर दी है। दूसरी तरफ लव एंड वार फिल्म है। इसका निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। इस फिल्म में रणबीर कपूर नजर आएंगे। फिल्म में जबरदस्त विजुअल होंगे। फिल्म में भरपूर रोमांस और ड्रामा होगा। मजे की बात ये है कि यह पहली ऐसी जगह नहीं है जहां रणबीर और यश एक दूसरे से भिड़ेंगे।

### पर्दे पर यश से भिड़ेंगे रणबीर

दोनों अभिनेता नितेश तिवारी की रामायण में राम और रावण का किरदार निभाएंगे। इस फिल्म का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दोनों की ऑन-स्क्रीन लड़ाई भारतीय सिनेमा के सबसे यादगार क्षणों में से एक होने वाली है। ये फिल्म 2026 रिलीज होने वाली है। कई जानकारों ने उम्मीद जताई है कि जिस तरह से ये दोनों अभिनेता ऑनस्क्रीन लड़ाई करते नजर आएंगे, उसी तरह से इन दोनों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर लड़ाई करती नजर आएंगी। इससे साल 2026 फिल्म देखने वालों के लिए एक यादगार लम्हा होने वाला है।

### इस ईद पर रिलीज होगी सिकंदर

आपको बता दें कि इस ईद के मौके पर को सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिकंदर रिलीज होने वाली है। फिल्म में सलमान खान के अलावा रश्मिका मंदाना, सुनी शेट्टी और शर्मन जोशी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन ए आर मुरुगदास ने किया है। फिल्म के टीजर और गाने ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।



# रॉबिनहुड में नजर आएगी नितिन श्रीलीला की जोड़ी

नितिन की फिल्म रॉबिनहुड 28 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन फिल्म की रिलीज से पहले इसके ओटीटी और सैटेलाइट तय कर दिए गए हैं। इस फिल्म का निर्देशन वेंकी कुदुमुला ने किया है। इन दिनों रॉबिनहुड की पूरी स्टार कास्ट फिल्म का प्रचार कर रही है। यही वजह है कि हाल ही में इस फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे क्रिकेटर डेविड वार्नर भी फिल्म के प्रचार के लिए हैदराबाद पहुंच चुके हैं। एक खबर के मुताबिक, जी ने फिल्म के पोस्ट-थियेट्रिकल अधिकार सुरक्षित कर लिए हैं। ओटीटी स्ट्रीमिंग अधिकार जी5 के पास हैं, जबकि जी तेलुगु के पास इस फिल्म के सैटेलाइट अधिकार हैं। रॉबिनहुड के सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद फैंस को पूरी उम्मीद है कि यह फिल्म जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी।

### रॉबिनहुड में नजर आएंगे डेविड वार्नर

रॉबिनहुड एक एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें नितिन, श्रीलीला के अलावा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। नितिन, श्रीलीला और डेविड के अलावा फिल्म में राजेंद्र प्रसाद, वेनेला किशोर अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण मैथरी मूवी मेकर्स के तहत किया गया है। फिल्म का संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है। फिल्म में केतिका शर्मा का एक स्पेशल सॉन्ग भी है। नितिन और श्रीलीला के फैंस को रॉबिनहुड की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है।



# सिर्फ एक्टिंग नहीं, किरदार को भी जीती हूं

**रश्मिका मंदाना की पिछली तीन फिल्मों ने 500 करोड़ से अधिक की कमाई की। आगे वह सिंकदर और द गर्लफ्रेंड में भी दिखेंगी। उनसे फिल्मों और करियर पर हुई बातचीत...**

**2016 में करियर की शुरुआत की थी। इतने समय में क्या कुछ सीखा और बदलाव पाया?**

मैंने इन सालों में बहुत कुछ सीखा। मुझे लगता है कि आज मेरे काम में एक आत्मविश्वास है। शुरुआती दिनों में मैं परफॉर्म तो करती थी लेकिन अपने क्राफ्ट को लेकर उतनी श्योर नहीं थी। लोग कहते थे कि मैं प्रिटी लगती हूं, स्क्रीन पर प्लीजिंग लगती हूं और डिलीवर कर सकती हूं लेकिन किन मैं खुद को लेकर बहुत क्लियर नहीं थी। आज, मुझे लगता है कि मैं किसी भी भीड़ में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच सकती हूं। जब मैं स्क्रीन पर होती हूं तो लोग मुझ पर फोकस करते हैं। ये मेरे लिए एक बड़ा बदलाव है।

**छावा एक बड़ी हिट रही। किरदार में ढलने के लिए क्या रिसर्च की थी?**

छावा के लिए मेरी तैयारी किसी महारानी की तरह ही शाही रही थी। लक्ष्मण उतेकर सर से कहा, जो आप कहेंगे, मैं करूंगी। हालांकि सबसे बड़ी चुनौती लैंग्वेज थी। हिंदी मेरी मातृभाषा नही है लेकिन ऑडियंस के लिए इसे सीखना मेरा फर्ज था। संवादों के लिए मैंने हर दिन 3-4 घंटे मेहनत की। यह सिलसिला पांच महीनों तक चला। मेरे लिए यह सिर्फ किरदार निभाने की बात नहीं थी, बल्कि उस किरदार की आत्मा को जीने की कोशिश थी।

**द गर्लफ्रेंड के बारे में कुछ शेयर करेंगी?**

द गर्लफ्रेंड के बारे में... बहुत कुछ एक्साइटिंग है। मुझे लगता है कि यह एक अनोखी कहानी है। यह एक कॉन्सेप्ट है जो आज के समय की बात करता है। यह फिल्म मेरे करियर में एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है क्योंकि यह मेरी पहली सोलो फिल्म है। मैं इसे अपनी बेबी फिल्म मानती हूं और इसके लिए पूरी टीम ने बहुत मेहनत की है। कहानी को परदे पर लाने के लिए हमारी कड़ी मेहनत और जुनून साफ दिखाई देगा। मुझे यकीन है कि यह ऑडियंस को प्रभावित करेगी। यह सिर्फ एक कहानी नहीं है, बल्कि यह मेरी एक और चुनौतीपूर्ण जर्नी होगी।

# फिल्म की शूटिंग के दौरान घायल हुए वरुण धवन

हाल ही में वरुण धवन अपनी फिल्म की शूटिंग करते वक्त घायल हो गए हैं, जिससे उनको चोट आई है। अभिनेता ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी है और दर्शकों से अपनी चोट को लेकर सवाल भी किया है।

### काम के दौरान लगी चोट


वरुण धवन को शूटिंग के दौरान चोट लग गई है, जिसकी जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर कर दी है। अभिनेता ने बुधवार को स्टोरी के जरिए बताया कि उन्हें उंगली में चोट लग गई है। साथ ही उन्होंने अपने प्रशंसकों से सवाल किया कि आपकी उंगली को ठीक होने में कितना समय लगता है। इसके अलावा वरुण ने लिखा कि हैशटैग काम के दौरान की चोट। इस तस्वीर में उनकी उंगली में सूजन दिखाई दे रही है।

### कई प्रोजेक्ट्स हैं वरुण के पास

वरुण धवन के पास इस समय कई फिल्में हैं, जो लाइन में लगी हुई हैं। हाल ही में अभिनेता ने जान्हवी कपूर के साथ सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग पूरी की। अब वे बॉर्डर 2 पर फोकस करने से पहले है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग में जुट गए हैं।

### फिल्म का पहला शेड्यूल किया पूरा

अभी कुछ दिनों पहले ही वरुण धवन ने है जवानी तो इश्क होना है की देहरादून की शूटिंग पूरी की है। इस फिल्म का निर्देशन वरुण के पिता डेविड धवन कर रहे हैं और इसमें पूजा हेगड़े और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं। अभिनेता आखिरी बार बेबी जॉन फिल्म में नजर आए थे।







# नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने ऋतिक रोशन की तारीफ की

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने उनके साथ सेट पर हुए कई किस्सों को लेकर खुलासा किया। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने ऋतिक रोशन की तारीफ की और बताया कि कैसे ऋतिक रोशन उनसे अलग और अनोखे दिखते हैं।

एक खबर के मुताबिक, नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्हें अक्सर अपनी ही फिल्म के सेट पर रोक दिया जाता था। उन्हें भीड़ में घुलने-मिलने में मजा आता है। शुरुआती दिनों में जब वे ऑडिशन के लिए जाते थे, तो लोग कहते थे कि वे अभिनेता जैसे नहीं दिखते। इससे उन्हें गुस्सा और दुख होता था। वे कहते हैं कि लोग उनसे पूछते थे, आप कौन हैं? और जब वे बताते कि वे अभिनेता हैं, तो लोग कहते, आप तो अभिनेता जैसे दिखते नहीं।

### ऋतिक रोशन को लेकर की बात

एक खबर के मुताबिक, इंटरव्यू में नवाजुद्दीन ने कहा, आप अपरंपरागत दिखते हैं। भाई, मैं अपरंपरागत कैसे हो सकता हूं, जब भारत में करोड़ों लोग मेरे जैसे दिखते हैं। मैं पारंपरिक हूं, यह ऋतिक रोशन हैं जो अपरंपरागत दिखते हैं। इंटरव्यू के दौरान नवाजुद्दीन ने फिल्म तलाश का एक किस्सा सुनाया। तलाश की शूटिंग के दौरान एक गार्ड ने उन्हें सेट में घुसने से रोक दिया था। गार्ड को समझाने के बाद ही उन्हें अंदर जाने दिया गया। वे कहते हैं कि आज भी उनके साथ ऐसा होता है। हाल ही में रात अकेली है पार्ट 2 की शूटिंग के दौरान डायरेक्टर हनी त्रेहान उन्हें ढूंढते थे, जबकि वे उनके ठीक पीछे खड़े होते थे। नवाजुद्दीन को यह सब अच्छा लगता है। वे कहते हैं कि उनका ऐसा स्वभाव है और वे इसका फायदा उठाते हैं।

### रंग को लेकर बताई खास बात

पहले एक इंटरव्यू में नवाजुद्दीन ने रंग और शक्ल को लेकर लोगों के बुरे बर्ताव के बारे में भी बात की थी। नवाजुद्दीन ने कहा कि लोग उन्हें हमेशा कहते हैं कि वे बदसूरत हैं। दुख की बात यह है कि अब वे भी इस पर यकीन करने लगे हैं। वे कहते हैं, कुछ लोग मेरी शक्ल से नफरत क्यों करते हैं, पता नहीं। शायद इसलिए कि मैं इतना बुरा दिखता हूं। मैं खुद को आईने में देखता हूं तो सोचता हूं कि इतनी खराब शक्ल लेकर फिल्म इंडस्ट्री में क्यों आया?

# सिकंदर और एल 2 एम्पुरान में कोई कंपटीशन नहीं

पृथ्वीराज सुकुमारन के निर्देशन में बनी बहुप्रतीक्षित मलयालम फिल्म एल2- एम्पुरान 27 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म सलमान खान की एक्शन ड्रामा सिकंदर के साथ बॉक्स ऑफिस पर भिड़ेगी, जो 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। हाल ही में पृथ्वीराज सुकुमारन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दोनों फिल्मों के बीच कोई कंपटीशन नहीं है साथ ही उन्होंने सिकंदर की सफलता की कामना भी की। पृथ्वीराज ने कहा, सलमान खान देश के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं और दोनों फिल्मों के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। मुझे उम्मीद है कि यह एक ब्लॉकबस्टर बनेगी। उन्होंने कहा, अगर आप सुबह 11 बजे एल2-एम्पुरान और दोपहर 1 बजे सिकंदर देखते हैं तो मुझे कोई शिकायत नहीं होगी। सिकंदर का निर्देशन ए.आर. मुरुगार्दोस ने किया है। वहीं, 'एल2- एम्पुरान' लूसिफर का दूसरा भाग है।



# आईपीएल में आज होगा गुजरात टाइटंस और मुम्बई इंडियंस का मुकाबला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल के 18 वें सत्र में शनिवार को यहां के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच में दोनों ही टीमें जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेंगी। दोनों ही टीमों को अपने शुरुआती मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में से मुंबई टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या वापसी करेंगे। हार्दिक प्रतिबंध के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल पाये थे। उसमें उनकी जगह पर सूर्यकुमार यादव ने कप्तान की थी। वहीं अपने घरेलू मैदान पर खेलने जा रही शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस को पहले मैच में पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था।

मुंबई इंडियंस को पहले मैच के बाद एक सप्ताह का ब्रेक मिला है जिससे वह तरोताजा होकर गुजरात के खिलाफ उतरेगी। इस बार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नहीं होने से मुम्बई की गेंदबाजी कमजोर नजर आयी है। इस मैच से हार्दिक के होने से टीम को एक तेज गेंदबाज भी मिल जाएगा। हार्दिक अभी भारत के सबसे अच्छे ऑलराउंडर हैं और उनके होने से मुम्बई को फायदा होना तय है। ऐसे में वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार है। वह गेंद और बल्ले दोनों में किसी एक से भी मैच पर बड़ा प्रभाव डालने की क्षमता रखते है। टीम को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच खेलना है जिसका विकेट बल्लेबाजों के अनुरूप माना जाता है। इस मैदान पर पिछले दोनो ही मैचों में 200 से अधिक रन बने थे।

हार्दिक के होने से इस मैच में मुम्बई का पलड़ा भारी नजर आता है। ऐसे में गुजरात के गेंदबाजों को उनपर अंकुश लगाना होगा। इस पिच पर कलाई के स्पिनर विग्नेश पुथुर का सामना करना गुजरात के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा।

गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन गिल के अलावा, साई सुदर्शन , ग्लेन फिलिप्स आदि पर निर्भर करेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों के पास रहेगी।





**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**गुजरात टाइटंस:** जोस बटलर, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, शाहरुख खान, वाशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, इशांत शर्मा, जयंत यादव, महिपाल लोमरोर, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया, अनुज रावत, गेराल्ड कोएट्जी, शेरफेन रदरफोर्ड, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, अरशद खान, गुरनूर बरार, निशांत सिंधु।

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कार्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

# गुरिंदरवीर सिंह ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** गुरिंदरवीर सिंह ने शुक्रवार को यहां इंडियन ग्रां प्री 1 (आईजीपी 1) में 10.20 सेकंड की तेज दौड़ के साथ पुरुषों की 100 मीटर फर्राटा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। रिलायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले 24 वर्षीय पंजाब के धावक ने अक्टूबर 2023 में मणिकांत होबलीधर द्वारा निर्धारित 10.23 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुरिंदर का पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 10.27 सेकंड था। उन्होंने इसे 2021 में बनाया था।

बेंगलुरु -गुरिंदरवीर सिंह ने शुक्रवार को यहां इंडियन ग्रां प्री 1 (आईजीपी 1) में 10.20 सेकंड की तेज दौड़ के साथ पुरुषों की 100 मीटर फर्राटा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। रिलायंस का प्रतिनिधित्व करने वाले 24 वर्षीय पंजाब के धावक ने अक्टूबर 2023 में मणिकांत होबलीधर द्वारा निर्धारित 10.23 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। गुरिंदर का पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 10.27 सेकंड था। उन्होंने इसे 2021 में बनाया था।

# ऋषभ बोले, सभी को अपनी शैली में खेलने की आजादी दी थी




**हैदराबाद (एजेंसी)।** लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत आईपीएल के दूसरे ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली जीत से बेहद उत्साहित दिखे। सुपरजायंट्स ने इस मैच में पांच विकेट से जीतकर अपना खाता खोला है। पहले मैच में उसे करीबी अंतर से दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार मिली थी पर इस मैच में टीम ने कोई गलती नहीं की। ऋषभ ने कहा कि वह जीत से बहुत अधिक उत्साहित और हार से बहुत ज्यादा निराश नहीं होना चाहते थे। साथ ही कहा कि सभी खिलाड़ियों को अपनी शैली के साथ खेलने की आजादी दी गयी थी जिसका उन्हें लाभ मिला।

इस जीत के साथ ही लखनऊ की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं सनराइजर्स छठे नंबर पर खिसक गयी है। इस मैच में शार्दुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी (चार विकेट) और निकलस पूरन के 70 रनों के अलावा मिचेल मार्श के 52 रनों की पारी की भी सुपरजायंट्स की जीत में अहम भूमिका रही।

ऋषभ ने मैच के बाद कहा, ' इस जीत से हमें काफी राहत मिली है। इससे एक टीम के रुप में हम उभरकर आये हैं हालांकि अब हम जीत के बाद बहुत ज्यादा उत्साहित और हारने के बाद बहुत ज्यादा निराश नहीं होना चाहते। केवल एक बार में हम केवल एक मैच के बारे में ही सोचते हैं।' ऋषभ ने शार्दुल की भी जमकर प्रशंसा की उन्होंने कहा कि टीम में सभी को अपने अनुसार खेलने की आजादी है जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला है। ऋषभ ने निकोलस पूरान की आक्रामक पारी को लेकर कहा कि उन्हें पूरी आजाद दी गयी थी जिसका उन्होंने पूरा लाभ उठाया।

# टी20 प्रारुप से गेंदबाजों की मुश्किलें बढ़ीं : अश्विन

**-मानसिक सहायता की पड़ सकती है जरुरत**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी गेंदबाज आर अश्विन ने कहा है कि जिस प्रकार से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रन बन रहे हैं। उससे खेल बल्लेबाजों के पक्ष में होता जा रहा है। अश्विन ने कहा कि टी20 प्रारुप से गेंदबाज खतरे में पड़ गये हैं। इसमें बल्लेबाजों को सबसे ज्यादा लाभ मिल रह है। आईपीएल में पहले हफ्ते में 200 से कम रन के स्कोर बहुत कम देखने को मिले हैं। अश्विन ने कहा कि गेंदबाजों पर लगातार रन रोकने का जो दबाव है, उसके कारण वे मानसिक रुप से थक गये हैं और उन्हें सहायता की जरुर है। अश्विन ने कहा कि कुछ आईपीएल पिचों पर गेंदबाजों के लिए सफल होना मुश्किल होता जा रहा है। पहले सप्ताह के मैचों में ज्यादातर मुकाबले बड़े स्कोर वाले रहे। केवल दो मैचों में 200 से कम रन बने। यहां तक कि कम स्कोर वाले मैचों में भी, एक टीम ने आसानी से लक्ष्य का पीछा कर लिया। कई अन्य मैचों में टीमों ने 200 से ज्यादा रन बनाए। कुछ टीमों ने बड़े स्कोर का पीछा किया और कुछ ने ज्यादा रन बनाकर भी मुश्किल से जीत हासिल की। इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू होने के बाद, टीमों को एक बल्लेबाज या गेंदबाज को बदलने की अनुमति मिली। इससे औसत मैच स्कोर बढ़कर 189 रन हो गया। अश्विन ने कहा कि गेंदबाजों को जल्द ही मनोचिकित्सक की भी जरूरत होगी। इसका मतलब है कि गेंदबाजों पर इतना दबाव है कि उन्हें मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मदद की जरूरत पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ पिचों पर गेंदबाजी करना असंभव सा हो गया है।



अश्विन इस बार चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम में है। साल 2015 के बाद यह उनकी फ्रेंचाइजी में वापसी है। उन्होंने कहा कि टी20 क्रिकेट में गेंदबाजों के लिए अब पहले जैसी बात नहीं रही। बल्लेबाजों को पिच से बहुत मदद मिल रही है।उन्होंने आगे कहा- लोग कहते हैं कि गेंदबाज रक्षात्मक हो रहे हैं। मैं इस बारे में बात करना चाहता हूं। चलो मान लेते हैं कि यह बात सही है। लेकिन कई बार, गेंदबाजी करना सचमुच में नामुमकिन हो गया है। कुछ मैदानों पर, आप स्टंप्स को खेल में नहीं रख सकते हैं।

अश्विन ने यह भी कहा कि कुछ पिचों पर फुल टॉस गेंदें भी अच्छी साबित हो रही हैं। उन्होंने युजवेंद्र चहल का उदाहरण दिया, जिन्होंने साई सुदर्शन को फुल टॉस गेंद फेंकी और उन्हें सिर्फ एक रन मिला। अश्विन ने कहा, फुल टॉस हमेशा बुरी गेंद नहीं होती है। कुछ पिचों पर, जो गेंदें विकेट पर गिरती हैं, वे बल्लेबाजों के लिए आसान हो जाती हैं। हम सभी सोचते थे कि फुल टॉस मारना आसान होता है, लेकिन कुछ सतहों पर, गेंद पिच पर गिरकर बल्ले पर बेहतर तरीके से आती है।

# शार्दुल के आईपीएल में 100 विकेट पूरे




हैदराबाद। पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए शानदार वापसी की है। शार्दुल ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में 32 रन देकर चार विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। इससे पहले शार्दुल ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ के खिलाफ पहले मुकाबले में भी दो विकेट लिए हैं। इस प्रकार दो मुकाबलों में छह विकेट लेकर वह पर्पल रंग की कैप के अधिकारी बन गये हैं। इस मैच में शार्दुल ने अपने आईपीएल करियर में 100 विकेट भी पूरे किये। अपनी इस उपलब्धि पर शार्दुल ने कहा कि मुझे लगता है कि क्रिकेट में ये सब होता है। नीलामी के समय उस जब मुझे किसी भी फँचाइजी ने नहीं लिया तो मैं निराश था। सुपर जायंट्स ने अपने गेंदबाजों के फिट नहीं होने के कारण सबसे पहले मुझसे संपर्क किया था, इसलिए मैंने उसकी टीम में ही जाना तय किया। क्रिकेट में आपको ऐसी चीज़ों को झेलना पड़ता है। शार्दुल ने कहा कि मेरे लिए खेल में जीतना अहम है। मैं विकेट या रनों की जगह ये देखता हूं कि क्या प्रभाव डाल सकता हूं। मेरा लक्ष्य मैच विजेता प्रदर्शन करना रहा है। मैंने सोचा कि बल्लेबाज गेंदबाजों पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं, तो क्यों न गेंदबाज भी यही करें। यही हमारी हैदराबाद के खिलाफ योजना थी। वे सपाट पिचों पर भारी रन बना रहे थे पर इस मैच में शुरूआत में ही उनके दो विकेट निकल गये जिससे गेम आसान हो गया। आईपीएल में अब तक शार्दुल ने कुल छह टीमों से खेला है।

## वरुण के साथ गेंदबाजी करना बेहतर अनुभव रहा : मोइन

गुवाहाटी । आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से खेल रहे इंग्लैंड के स्पिनर मोइन अली ने भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनके साथ गेंदबाजी करने का अनुभव अच्छा रहा है क्योंकि वह मुझसे बेहतर गेंदबाज है। के मोइन ने कहा कि वरुण के होने से मेरा काम काम रन गति पर लगाम कसना है जिससे कि वह दबाव बना सके और विकेट ले सके। साथ ही कहा कि मैं ऐसे व्यक्ति के साथ गेंदबाजी करने का आदी हू जो मेरे से बेहतर है और जिसमें मेरे से अधिक विविधता है। मेरा काम जितना हो सके उतनी कसी हुई गेंदबाजी करना है और उम्मीद है कि इससे दबाव बनेगा और वह व्यक्ति विकेट ले सकेगा। जैसा कि हम जानते हैं कि वरुण बेहतरीन गेंदबाजी कर रहा हैं और वह एक शानदार गेंदबाज है। पिछले दो-तीन वर्षो में उसमें बहुत सुधार हुआ है। ऐसे गेंदबाज के साथ गेंदबाजी करना काफी अच्छा अनुभव है। मोईन ने रॉयल्स के खिलाफ चार ओवर में 23 रन पर दो विकेट लिए जबकि उनके युवा स्पिन साथी चक्रवर्ती ने भी चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट हासिल किए। वहीं केकेआर के स्पिनरों के विपरीत रॉयल्स के स्पिनर महेश तीक्षणा और वानिंदु हसरंगा धीमे गेंदबाजों की मदद करने वाली पिच पर उम्मीदों पर खरे नही उतर सके। रॉयल्स के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने कहा, 'हमारे पास हसरंगा और तीक्षणा जैसे स्पिनर हैं जो निश्चित रूप से विश्व स्तरीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। कई बार (मैच के दौरान) मुझे लगा कि उन्होंने शॉर्ट गेंदबाजी की जबकि अगर वह ऐसा नहीं करते तो स्पिनरों को निश्चित रूप से मदद मिलती।

# ऑरेंज कैप की रेस में पूरन सबसे आगे निकले




हैदराबाद । लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से आईपीएल के पहले दो मैचों में शानदार बल्लेबाजी करने वाले निकोलस पूरन सबसे अधिक रनों के लिए दी जाने वाली ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे निकल गए हैं। पूरन ने अब तक लखनऊ की ओर से खेले दो मैच में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 145 रन बनाये हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में भी पूरन ने केवल 26 गेंदों में ही तेजी से 70 रन बनाये थे। पूरन ने इस पारी के दौरान 6 चौके और 6 छक्के लगाए। इस टूर्नामेंट में अब तक खेले गए दो मैचों में पूरन ने 12 चौके और 13 छक्कों छक्के लगाकर 145 रन बनाए हैं। वही दूसरे नबंर पर मिशेल मार्श हैं। मार्श ने 2 मैचों में 124 रन बनाये हैं। मार्श ने इस टूर्नामेंट में अब तक 13 चौके और 8 छक्के लगाएं हैं। तीसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड हैं, जिन्होंने अब तक खेले गए दो मैचों में 114 रन बनाए हैं। जिसमें 14 चौके और 6 छक्के शामिल हैं। इस दौड़ में की शुरुआत में सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान किशन आगे चल रहे थे। पर इस मैच में विफल होने के कारण अब वह पीछे हो गये हैं।

# रोहित की फिटनेस पर युवराज के पिता योगराज सिंह का बयान: मैं उन्हें 20 किमी दौड़ाऊंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने रोहित शर्मा की फिटनेस पर बात करते हुए बताया कि कैसे 38 की उम्र में भी वह उनकी फिटनेस को कैसे बदल सकते हैं। हालांकि इस दौरान उन्होंने रोहित और विराट कोहली की खराब फॉर्म पर उनका बचाव करते भी नजर आए। भारतीय ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने टी20 विश्व कप और इसके बाद अजय रहते हुए हाल ही में चैम्पियंस ट्रॉफी अपने नाम की। वह आईपीएल में भी सबसे सफल कप्तानों में से है और मुंबई इंडियंस ने उनके नेतृत्व में 5 खिताब जीते हैं।

योगराज ने एक पॉडकास्ट में कहा, 'अगर आप मुझे भारतीय टीम का कोच बनाते हैं, तो मैं इन्हीं खिलाड़ियों का इस्तेमाल करके टीम को ऐसी टीम में बदल दूंगा जो हमेशा अजेय रहेगी। लोग हमेशा उन्हें बाहर करने के लिए तैयार रहते हैं - रोहित शर्मा को बाहर करें या कोहली को बाहर करें - लेकिन क्यों? वे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। मैं उनके साथ अपने बच्चों की तरह व्यवहार करूंगा और उनसे कहूंगा, 'मैं तुम्हारे साथ हूं।' मैं उनसे कहूंगा, चलो रणजी ट्रॉफी खेलते हैं, या मैं रोहित को 20 किमी दौड़ाऊंगा। कोई भी ऐसा नहीं करता। ये खिलाड़ी हीरे हैं। आप उन्हें बाहर नहीं निकाल सकते। मैं उनके पिता की तरह बनूंगा।'




रोहित इन दिनों आईपीएल में व्यस्त हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने पहले मैच में वह शून्य पर आउट हो गए थे। वहीं अगर उनके आईपीएल रिकॉर्ड की बात करें तो 258 मैचों की 253 इनिंग्स में 29.59 की औसत और 109 रन की हाईएस्ट पारी में कुल 6628 रन बनाए हैं। उन्होंने 43 अर्धशतक और 2 शतक बनाए हैं।

# जोकोविच मियामी ओपन के सेमीफाइनल में, सबालेंका और पेगुला में होगा खिताबी मुकाबला



मियामी गार्डस (फ्लोरिडा) । नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने सातवें खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। जोकोविच ने गुरुवार को क्वार्टरफाइनल मैच में कोर्डा को एक घंटे 24 मिनट में 6-3, 7-6 (7-4) से हराया। सेमीफाइनल में उनका सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। जोकोविच ने 33 वर्षीय दिमित्रोव के खिलाफ जो 13 मैच खेले हैं उनमें से 12 में उन्होंने जीत दर्ज की है। इस बीच महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 71 मिनट में 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला से होगा जिन्होंने फिलिपींस की 19 वर्षीय एलेक्जेंड्रा एला के खिलाफ उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में 7-6 (7-3), 5-7, 6-3 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग के दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के गैरवरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने फ्रांस के 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 7-6 (7-5), 6-1 से हराया। 19 वर्षीय मेन्सिक पहली बार किसी एटीपी 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। विश्व में 54वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मेन्सिक का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने माटेओ बेरेटिनी को तीन सेट तक चले मैराथन मुकाबले में 7-5, 6-7 (9-7), 7-5 से हराया।

# इंपैक्ट प्लेयर नियम के कारण वॉशिंगटन सुंदर जैसे ऑलराउंडरों को हो रहा नुकसान

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इंपैक्ट प्लेयर से ऑलराउंडरों को होने वाले नुकसान की आशंका जतायी जा रही थी। जो कुछ हद तक गुजरात टाइटंस के वॉशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों को देखकर सही साबित होती नजर आ रही है जो अब तक बाहर बैठे हुए हैं। इंपैक्ट प्लेयर को रखने के कारण हर टीम 11 की जगह 12 खिलाड़ियों को उतार रही है। जिसके कारण कई ऑलराउंडर टीम में जगह नहीं हासिल कर पा रहे क्योंकि टीम 12वें खिलाड़ी के रूप में एक स्पेशलिस्ट बल्लेबाज या गेंदबाज का चयन करती है। इसमें ऑलराउंड्स पीछे हो जाते हैं। ऐसा ही कुछ सुंदर के साथ भी हुआ है।

2017 से आईपीएल खेल रहे इस ऑलराउंडर ने अभी तक आईपीएल में कुल 60 मैच खेले हैं पर जब से टूर्नामेंट में इंपैक्ट प्लेयर का नियम आया है तब से उन्हें 22 में से केवल 9 ही मैच में खेलने को मिले हैं। इस प्रकार वह 59 फीसदी मैचों में बाहर ही रहे हैं। नजर आईपीएल 2023 में सुंदर को 7 तो पिछले सीजन 2024 में उन्हें सिर्फ 2 ही मैच खेलने का मौका मिला है।

सुंदर को पंजाब किंग्स के खिलाफ पहले मुकाबले में जब अवसर नहीं मिला तो प्रशंसक काफी हैरान नजर आए। एक प्रशंसक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा। सुंदर भारत की सर्वश्रेष्ठ 15 टीमों में कैसे शामिल हो जाते हैं, लेकिन 10 टीमों के होते हुए भी उन्हें किसी भी आईपीएल इलेवन में जगह नहीं मिलती, यह समझ से परे है।




# शिखर धवन से मिली सीख ने मेरे खेल को बदल दिया : आशुतोष शर्मा

**कोलकाता (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के आक्रामक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने कहा कि वह अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन से मिली सीख के लिए हमेशा आभारी रहेंगे। घरेलू क्रिकेट में रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाले 26 साल के आशुतोष ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सबसे यादगार पारियों में से एक खेलते हुए 31 गेंद पर नाबाद 66 रन बनाकर टीम को आखिरी ओवर में एक विकेट की रोमांचक जीत दिलाई।

जीत के लिए 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम ने 65 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। आशुतोष ने पांच चौके और पांच छक्के की मदद से नाबाद पारी खेल दिल्ली कैपिटल्स को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस जीत के बाद आशुतोष ने अपना 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार धवन को समर्पित करते हुए इस खब्बू बल्लेबाज के उनके करियर पर पड़ने वाले प्रभाव को स्वीकार किया।

आईपीएल की पिछली नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने आशुतोष को 3.8 करोड़ रुपए की बोली के साथ टीम में चुना। वह इससे पहले आईपीएल में जब पंजाब किंग्स का हिस्सा बने थे तब उनकी मुलाकात पहली बार धवन से हुई थी। धवन के रूप में उन्हें साथी के साथ एक ऐसा मार्गदर्शक भी मिला, जिसने खेल के प्रति उनके दृष्टिकोण पर बहुत बड़ा प्रभाव डाला।

आशुतोष ने 'जियो स्टार- दिल्ली कैपिटल्स प्रेस रूम' में कहा, 'वह (धवन) मेरी पारी से बहुत खुश थे। वह हमेशा मुझे विनम्र रहने के लिए कहते हैं। उन्होंने मुझे कौशल के बारे में बहुत कुछ नहीं सिखाया है, लेकिन जीवन, मानसिकता और खेल के प्रति दृष्टिकोण पर उनके सबक ने मेरे जीवन को बहुत बदल दिया है।'

उन्होंने कहा कि पंजाब किंग्स की टीम का हिस्सा रहते हुए धवन ने उनका मार्गदर्शन किया था। इस युवा खिलाड़ी ने कहा, 'वह एक तरह से गुरु हैं। पंजाब में हमारे पहले शिविर से ही, वह मेरे गुरु रहे हैं। उनके साथ यहीं से मेरी यात्रा शुरू हुई।' आशुतोष ने कहा, 'धवन से प्रेरित होकर मैंने खेल कौशल से ज्यादा मानसिक मजबूती पर काम करना शुरू किया। धवन ने मुझ से कहा था कि कौशल के मामले में सब अलग-अलग होते है ऐसे में मुझे अपनी मानसिकता पर काम करने की जरूरत है। इन बातों ने मेरी बहुत मदद की है।'

रेलवे के इस खिलाड़ी के लिए प्रक्रिया पर अडिग रहना सबसे महत्वपूर्ण बात है। उन्होंने कहा, 'मैं अपने विचारों में बहुत स्पष्ट हूं। मैं हमेशा अपने काम पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मेरे लिए प्रक्रिया महत्वपूर्ण है। यदि आप प्रक्रिया का अच्छी तरह से पालन करते है, तो परिणाम आएंगे। मैं इसी पर विश्वास करता हूं।'

आईपीएल के मौजूदा सत्र के अपने पहले मैच में टीम को यादगार जीत दिलाने के बाद आशुतोष ने 'स्विच हिट' की भाव भंगिमा के साथ जश्न मनाया। उनका यह तरीका टीम के मेंटोर (मार्गदर्शक) केविन पीटरसन के लिए था जो वहां डगआउट में मौजूद थे। दायें हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा, 'जब बल्लेबाजी शुरू हुई, तो वह मुझे बार-बार आत्मविश्वास दिला रहे थे कि मैं यह कर सकता हूं। यह मुझे वाकई बहुत अच्छा लगा। इसलिए मैंने सोचा कि मैच खत्म होने पर उनकी तरह जश्न मनाते हैं।'

आशुतोष को पिछले सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान एमएस धोनी से बातचीत करने का मौका मिला था। इस दौरान 'कैपटन कूल' ने भी उन्हें कुछ सुझाव दिये थे। उन्होंने कहा, 'हां, मैंने उनसे बात की थी। जब हमारा चेन्नई के खिलाफ मैच था, तो मैंने उनसे मैच की स्थिति के बारे में बात की थी। मैंने उनसे बल्लेबाजी और उनकी सोच के बारे में पूछा था। उन्होंने मुझे बहुत सी बातें बताईं। लेकिन इसे रहस्य रहने दीजिए।'




# इस बार अजलान शाह में नजर नहीं आयेगी पाक टीम

लाहौर । अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट में इस बाहर पाकिस्तान टीम नजर नही आयेगी । इसका कारण है कि मलेशियाई हॉक महासंघ ने पाक हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के पिछले बकाया कर्ज का भुगतान न करने के कारण उसे अब तक आमंत्रित नहीं किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार पीएचएफ पर 271.2 अरब डॉलर का कर्ज हो गया है। मलेशियाई हॉक महासंघ ने बकाया कर्ज के कारण इस साल होने वाले अजलन शाह कप के लिए पाकिस्तान को आमंत्रित ही नही किया है। वहीं पीएचएफ ने माना है कि अजलन शाह कप के पिछले सत्र के दौरान कुछ गलत फैसले लिए थे, जिससे वह मलेशियाई हॉकी महासंघ के कर्ज में डूब गया। मलेशियाई संघ के आयोजक कर्ज अदा नहीं करने के कारण उससे नाराज हैं। वहीं अब पीएचएफ के अधिकारी इस विवाद को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि ये मामला सुलझा लिया जाएगा और इस हफ्ते के अंत में उन्हें भी आमंत्रण मिल जाएगा। पाकिस्तान हॉकी टीम पिछले साल हुए इस टूर्नामेंट में फाइनल तक पहुंचा था। जहां वह हार गया था पर पीएचएफ की गलती के कारण टीम को उपविजेता होने के बाद भी इस बार अवसर नहीं मिलेगा।



## नागपुर हिंसा में तीसरे बड़े आरोपी फैजान खतीब की गिरफ्तारी शाहबाज काजी को भी गिरफ्तार किया

नागपुर (एजेंसी)। नागपुर हिंसा के 10 दिन बाद महाराष्ट्र पुलिस ने मामले में तीसरे बड़े आरोपी फैजान खतीब को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक खतीब ही वह शख्स है जिसने शहर में सांप्रदायिक तनाव के दौरान भीड़ को उकसाया था। फैजान के साथ ही पुलिस ने मामले में शाहबाज काजी को भी गिरफ्तार किया है। अकोला निवासी खतीब एक माह पहले ही रमजान के लिए अपने गृहनगर नागपुर आया था नागपुर हिंसा में मास्टरमाइंड फहीम खान और माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हामिद इंजीनियर के बाद तीसरी बड़ी गिरफ्तारी बताया जा रहा है। इसके पहले 19 मार्च को नागपुर दंगों के पीछे मास्टरमाइंड फहीम खान को गिरफ्तार किया था। फहीम ने औरंगजेब की कब्र पर पवित्र कपड़ा जलाने की झूठी अफवाह फैलाई, जिससे हिंसा भड़क उठी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग के विश्लेषण के बाद नागपुर हिंसा के 104 आरोपियों की पहचान की गई है और 12 नाबालिगों सहित 92 लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई शुरू की गई है। महाराष्ट्र के सीएम ने कहा कि 1992 के बाद ऐसी घटना नहीं हुई है, पुलिस पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, मालेगांव कनेक्शन है, उनके नेता मालेगांव से जुड़े हैं, जहां भी बुलडोजर की जरूरत होगी, वहां बुलडोजर का इस्तेमाल किया जाएगा, यह महाराष्ट्र है, यह अपने तरीके से काम करता है, जहां भी बुलडोजर की जरूरत होगी, वहां बुलडोजर का इस्तेमाल किया जाएगा।

## 7 अप्रैल को बिहार आएंगे राहुल गांधी, 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में शामिल होने

पिथौरागढ़। कैलास मानसरोवर, आदि कैलास और ओम पर्वत दर्शन यात्रा 2025 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। यात्रा को लेकर बुधवार को सेना और प्रशासन के बीच बैठक हुई। बैठक में इस यात्रा को सुगम बनाने को लेकर चर्चा की। बैठक में इस मसले पर चर्चा हुई है। उम्मीद की जा रही है कि 2025 में कैलास मानसरोवर यात्रा फिर शुरू होगी। इससे स्थानीय लोग खुश हैं। यात्रा सीजन में स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलने है।

## वाराणसी में नवरात्रि के दौरान मीट-मछली की दुकानों पर लगेगा ताला

वाराणसी (एजेंसी)। चैत्र नवरात्रि की शुरूआत 30 मार्च से हो रही हैं, जो कि सात अप्रैल तक रहेंगे। चूंकि इस बार नवरात्रि नौ दिन की न होकर आठ दिन की है। ऐसे में इन आठ दिन में भक्त मां दुर्गा की आराधना में लीन रहते हैं। भक्तों की आस्था को देखते हुए वाराणसी में नगर निगम ने बड़ा आदेश जारी किया है। नवरात्रि के दौरान भगवान शिव की नगरी वाराणसी में मीट की दुकानें नहीं खुलेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के नगर कमिश्नर अक्षत वर्मा ने इसे लेकर एक आदेश भी जारी किया है। उन्होंने कहा है कि नवरात्रि के दौरान सभी मीट-मांस और मछली की दुकानें बंद रहेंगी। नगर कमिश्नर अक्षत वर्मा ने कहा कि नगर निगम ने नवरात्र में मांस की दुकानों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। अगर कोई भी इस आदेश की अनदेखी करता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नवरात्रि से हिंदुओं की आस्था जुड़ी हुई हैं, जिसे देखते हुए ही ये फैसला लिया गया है। बता दें कि नवरात्रि में मांस की दुकानों को बंद रहने की मांग दिल्ली समेत उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में भी उठ रही है।

## सलमान ने पहनी श्री राम मंदिर वाली घड़ी, मौलाना रजवी ने नाराजगी जताकर... पाप बताया



बरेली (एजेंसी)। अभिनेता सलमान खान की श्री राम मंदिर वाली घड़ी पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सख्त नाराजगी जाहिर की है। मौलाना के मुताबिक शरिया में किसी भी मुसलमान को गैर-मुसलमानों के धार्मिक प्रतीकों, इमारतों या मंदिरों का प्रचार करने की अनुमति नहीं है और ऐसा करना हराम माना गया है। दरअसल, सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर तीन तस्वीरें शेयर की। सलमान अपने हाथ में एक खास घड़ी पहने हुए हैं, जिसमें अयोध्या के श्री राम मंदिर की तस्वीर अंकित है। अब शहाबुद्दीन रजवी ने सलमान के राम मंदिर वाली घड़ी पहनने को पाप के समान बताया है। वीडियो जारी कर कहा कि मैं शरिया के दृष्टिकोण से मामले को स्पष्ट करना चाहता हूं। राम मंदिर के प्रचार के लिए एक घड़ी बनाई गई है। सलमान ने प्रचार के लिए उस घड़ी को पहन रखा है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि वह सबसे पहले मुसलमान हैं। रजवी ने कहा, इस्लामी कानून किसी भी मुसलमान को गैर-मुसलमानों के धार्मिक प्रतीकों, इमारतों या मंदिरों का प्रचार करने की अनुमति नहीं देता है। यदि कोई मुसलमान इस तरह के प्रचार में शामिल होता हैं, चाहे वह मंदिर का हो या राम संस्करण वाली घड़ी पहनाना। शरिया के अनुसार, पाप माना जाता है। मैं सलमान को नसीहत देना चाहता हूं कि वह अपने हाथों से राम नाम एडिशन की घड़ी उतार दें।

# टैरिफ वॉर पर क्या काम आएगा पीएम मोदी और ट्रंप का याराना, अर्थशास्त्री ने बताया, उदार हो सकते



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ वॉर 2 अप्रैल से शुरू होगी। टैरिफ लागू होने के बाद दुनिया के व्यापार सिस्टम पर असर पड़ सकता है। एक इंटरव्यू में प्रोफेसर और लेखक डगलस इरविन टैरिफ वॉर के भारत पर होने वाले असर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह विश्व व्यापार संगठन में मोस्ट फेवर्ड नेशन के व्यापार दर्जे से एक बड़ा बदलाव होगा। इसका मतलब है कि अब देशों के बीच व्यापार के नियम बदल जाएंगे। अर्थशास्त्री इस बात से सहमत हैं कि ट्रंप का यह कदम उल्टा पड़ सकता है। इसका नुकसान अमेरिकी ग्राहकों को होगा। टैरिफ वॉर के बाद चीजों के दाम बढ़ जाएंगे।

इरविन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अनुसार, दूसरे देश अमेरिका का फायदा उठा रहे हैं। हालांकि ज्यादातर अर्थशास्त्री ट्रंप की इस बात से सहमत नहीं हैं। ट्रंप व्यापार घाटे पर ध्यान दे रहे हैं। उनका कहना है कि अमेरिका कई देशों से ज्यादा सामान खरीदता है और कम बेचता है। लेकिन सिर्फ इसलिए कि अमेरिका ज्यादा आयात करता है, इसका मतलब यह नहीं है कि उसका फायदा उठाया जा रहा है। टैरिफ लगाने से अमेरिकी ग्राहकों के लिए कीमतें बढ़ जाएंगी। व्यापार घाटे को कम करने के लिए दूसरे देशों को नुकसान पहुंचाने के बजाय, यह अमेरिका को ही नुकसान देगा। इरविन ने कहा कि लोगों को डर है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था मंदी की ओर जा सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में पहले से ही खबरें आ रही हैं कि टैरिफ को शुरू में जितनी बात हुई थी, उससे काफी कम कर दिया जाएगा। शायद कुछ खास देशों और कुछ खास उत्पादों को ही निशाना बनाया जाएगा।

**भारत पर क्या पड़ेगा असर?**

इरविन ने कहा कि वह भारत के लिए एक संभावित मौके को लेकर आशावादी है। कनाडा, चीन और मैक्सिको पर टैरिफ लगने से भारत को फायदा हो सकता है। एक ऐसा परिदृश्य है जहां अमेरिका दूसरे देशों पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ट्रंप के बीच अच्छे संबंधों के कारण, ट्रंप भारत के प्रति अधिक उदार दृष्टिकोण अपना सकते हैं। लेकिन भारत के लिए खतरा यह होगा कि अगर अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष बढ़ता ही जाता है, तब उसके ट्रंप के निशाने पर आने की संभावना बढ़ जाएगी। इसलिए भारत को इस बारे में सावधान रहना होगा।

## दिल्ली पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री और आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ 2019 में दिल्ली में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर कथित तौर पर जनता के पैसे का दुरुपयोग करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल के समक्ष पेश अपनी अनुपालन रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी। इस मामले में बड़े-बड़े होर्डिंग्स के माध्यम से राजनीतिक संदेशों को बढ़ावा देने के लिए जनता के पैसे को अनुचित तरीके से खर्च किया गया था। न्यायाधीश ने 11 मार्च को पुलिस को शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया, जिसमें संपत्ति विरूपण रोकथाम अधिनियम के उल्लंघन का आरोप लगा है। पुलिस द्वारा मामले की जांच के लिए समय मांगे जाने के बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल के लिए सूचीबद्ध कर दी है। केजरीवाल के अलावा, अदालत ने पूर्व विधायक गुलाब सिंह और द्वारका की तत्कालीन पार्षद नितिका शर्मा के खिलाफ बड़े आकार के बैनर लगाने के लिए दर्ज करने का आदेश दिया था। तत्कालीन मटियाला विधायक गुलाब सिंह (आप) और तत्कालीन द्वारका ए वार्ड पार्षद नितिका ने क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बड़े आकार के होर्डिंग्स लगाकर जानबूझकर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किया। साक्ष्य का संज्ञान लेकर अदालत ने कहा कि 'बैनर बोर्ड या होर्डिंग लगाना' अधिनियम की धारा-3 के तहत संपत्ति को विरूपित करने के समान है।

## चारधाम यात्रा में मंदिर के अंदर वीडियो और रील बनाने पर रोक





**-वीआईपी दर्शन भी बंद किए गए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा इस साल 30 अप्रैल से शुरू होगी। हर साल लाखों श्रद्धालु यात्रा पर आते हैं। इस बार चारधाम यात्रा को लेकर कुछ नए नियम बनाए गए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो और रील बनाने वालों के लिए खास नियम हैं। मंदिर के अंदर वीडियो और रील बनाने पर रोक लगा दी गई है। ऐसा करने पर दर्शन किए बिना ही वापस भेज दिया जाएगा। इसके अलावा वीआईपी दर्शन भी बंद कर दिए गए हैं।

इस बार यात्रा के लिए 9 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए कई इंतजाम किए जा रहे हैं। केदारनाथ-बद्रीनाथ पंडा समाज ने फैसला लिया है कि इस बार यात्रा में रील बनाने वालों को मंदिर में घुसने नहीं दिया जाएगा। बीते साल वीडियो बनाने वाले यात्रियों की वजह से कई जगह पर व्यवस्था बिगड़ गई थी। केदारनाथ धाम में सिर्फ वीडियो बनाने के लिए ढोल-नगाड़े बज रहे थे। इससे प्रकृति और श्रद्धालुओं की शांति भंग हो रही थी। इसलिए इस बार प्रशासन ने कैमरा चालू करने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है।

वहीं इस साल चारधाम यात्रा में वीआईपी दर्शन भी बंद कर दिए गए हैं। बद्रीनाथ धाम के पंडा पंचायत के कोषाध्यक्ष अशोक टोडरिया ने कहा कि पैसे लेकर दर्शन करवाना भगवान की मर्यादा के खिलाफ है। इसलिए इस बार सभी श्रद्धालु सामान्य दर्शन ही कर पाएंगे। इससे सभी को दर्शन करने का समान मौका मिलेगा।

चारधाम यात्रा 30 अप्रैल, से शुरू होगी। सबसे पहले गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने है। इसके बाद 2 मई को केदारनाथ धाम के कपाट और सबसे आखिर में 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। यात्रा मार्ग को 10-10 किलोमीटर के हिस्सों में बांटा गया है। हर हिस्से में 6 पुलिसकर्मी तैनात हैं। अगर मौसम खराब होता है, तब यात्रियों को राहत देने के लिए 10 जगहों पर होल्डिंग स्थल बनाए गए हैं। यहां पर खाने-पीने और दूसरी जरूरी चीजें मिलेंगी।

# कामरा को लग रहा डर, अब गिरफ्तारी से बचने मद्रास हाईकोर्ट पहुंचा

**-बोले- उन्हें मिल रही जान से मारने और टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी**



**चैन्नई (एजेंसी)।** स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर में ट्रांजिट अग्रिम जमानत के लिए मद्रास हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कामरा पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर एक पैरोडी गीत के चलते मामला दर्ज किया है। यह जीरो एफआईआर शिवसेना विधायक मुरजी पटेल ने दर्ज कराई थी, जिसे बाद में मुंबई के खार पुलिस थाने में ट्रांसफर कर दिया गया। कामरा ने कोर्ट में दलील दी कि वह तमिलनाडु के विलुप्पुरम के स्थायी निवासी हैं, इसलिए उन्होंने ट्रांजिट अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल की है। इससे पहले, मुंबई पुलिस ने कामरा को 31 मार्च को पेश होने के लिए नोटिस भेजा था। उन्हें मंगलवार को पेश होना था, लेकिन उन्होंने सात दिन का समय मांगा है।

जीरो एफआईआर एक ऐसी प्राथमिकी है, जो किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज की जा सकती है, भले ही अपराध उस थाने के क्षेत्र में न हुआ हो। इसे जीरो इसलिए कहा जाता है क्योंकि इसे शुरू में बिना नंबर के दर्ज किया जाता है और बाद में संबंधित थाने को ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसका मकसद त्वरित कार्रवाई तय करना है। वहीं ट्रांजिट अग्रिम जमानत एक कानूनी उपाय है, जिसमें कोई व्यक्ति उस राज्य के कोर्ट से अग्रिम जमानत मांगता है जहां वह मौजूद है, ताकि किसी अन्य राज्य में दर्ज मामले में गिरफ्तारी से बचा जा सके। यह तब उपयोगी होती है जब व्यक्ति को लगता है कि यात्रा के दौरान उसे गिरफ्तार किया जा सकता है।

यह विवाद खार के हैबिटेट कॉमेडी क्लब में हालिया शो से उपजा है, जहां उन्होंने एकनाथ शिंदे को निशाना बनाते हुए अपने शो 'नया भारत' में एक पैरोडी गीत गाया था। इस पैरोडी में 1997 की बॉलीवुड फिल्म दिल तो पागल है के एक लोकप्रिय गाने को आधार बनाकर एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा था। कामरा ने बिना नाम लिए शिंदे को गद्दार कहकर व्यंग्य किया था, जो 2022 में शिवसेना से उनकी बगावत और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार को गिराने के संदर्भ में था। इस शो का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिवसेना (शिंदे गुट) के कार्यकर्ताओं ने खार के हबीटेट स्टूडियो में तोड़फोड़ की, जहां यह शो रिकॉर्ड किया गया था। इसके साथ ही कामरा ने दावा किया है कि उन्हें 500 से ज्यादा धमकी भरे कॉल आए हैं, जिसमें कुछ लोगों ने उन्हें जान से मारने और टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी दी है। इन परिस्थितियों के चलते, कामरा ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें उन्होंने कहा कि वह वर्तमान में पॉन्डिचेरी में हैं और मुंबई में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। कामरा ने इस मामले में माफी मांगने से साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने जो कहा, वह वही है जो महाराष्ट्र के पहले उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने एकनाथ शिंदे के बारे में कहा था। मैं माफी नहीं मांगूंगा, लेकिन कानूनी प्रक्रिया का पालन करूंगा।

कामरा के इस बयान ने विवाद को और हवा दी, जिसके बाद शिवसेना नेताओं ने उन्हें सबक सिखाने की चेतावनी दी। शिवसेना और सरकार की प्रतिक्रिया महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कामरा की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि यह स्वतंत्रता की आड़ में अपमान है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा, हमें व्यंग्य समझ में आता है, लेकिन इसकी भी एक सीमा होती है।

वहीं शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता उद्धव ठाकरे ने कामरा का समर्थन करते हुए कहा कि कुणाल ने कुछ गलत नहीं कहा। उन्होंने जनता की भावनाओं को आवाज दी और सच कहा। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने भी इस घटना की निंदा की और इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला करार दिया। कांग्रेस नेता हर्षवर्धन सपकाल ने महायुति सरकार पर तालिबानी शासन का आरोप लगाया।

# टीडीपी हमेशा वक्फ संपत्तियों की रक्षा करती रही है और आगे भी करेगी

**-सीएम नायडू ने कहा-हमारी सरकार अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध**



विजयवाड़ा (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने विजयवाड़ा में राज्य सरकार द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी कार्यक्रम में वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस मौके पर उन्होंने मुस्लिम समुदाय को रमजान की मुबारकबाद दी और कहा कि तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) हमेशा अल्पसंख्यकों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित है और रहेगी। सीएम नायडू ने कहा कि उनकी सरकार हमेशा वक्फ संपत्तियों की रक्षा करती रही है और आगे भी करेगी।

उन्होंने सरकार के आदेश (गो) 43 को लेकर उत्पन्न हुए विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि इस आदेश के कारण वक्फ बोर्ड के कामकाज पर असर पड़ा था। विवादित आदेश को रद्द कर किया सुधार नायडू ने स्पष्ट किया कि गो 43 आने के बाद अनावश्यक विवाद पैदा हुआ है। जब मामला अदालत तक पहुंचा, तो वक्फ बोर्ड का कामकाज ठप हो गया। हमारी सरकार बनते ही हमने इस आदेश को रद्द किया और बोर्ड को पुनर्गठित कर वक्फ संपत्तियों की रक्षा सुनिश्चित की। सीएम नायडू ने मुस्लिम समुदाय के आर्थिक उत्थान के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने 2025-26 के बजट में अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण के लिए 5,300 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। नायडू ने कहा कि टीडीपी सरकार ने मुस्लिम समुदाय के साथ न्याय किया है और एनडीए शासन में उनकी स्थिति और भी बेहतर होगी। उन्होंने पूर्व सीएम एन टी रामाराव के शासनकाल का उल्लेख करते हुए बताया कि टीडीपी सरकार ने हमेशा मुस्लिम समुदाय के कल्याण को प्राथमिकता दी है। नायडू ने बताया कि टीडीपी शासन में हैदराबाद में हज हाउस का निर्माण कराया गया और अमरावती में एक नए हज हाउस की आधारशिला रखी गई थी, लेकिन वाईएसआर कांग्रेस पार्टी सरकार की लापरवाही के कारण यह परियोजना ठप हो गई। मुख्यमंत्री ने मुस्लिम धार्मिक नेताओं के लिए दिए जाने वाले मानदेय में भी वृद्धि की घोषणा की। अब इमामों को 10 हजार रुपए और मुअज्जिनों को 5 हजार रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। इस अवसर पर कानून एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री एन मोहम्मद फारूक, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कोल्लु रविंद्र, और गुंटूर ईस्ट के विधायक मोहम्मद नसीर अहमद सहित कई प्रमुख नेता मौजूद थे। सीएम नायडू ने इफ्तार कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम धार्मिक नेताओं के साथ विशेष नमाज में हिस्सा लिया और समुदाय के साथ भोजन भी किया। उन्होंने कहा कि टीडीपी की स्थापना से ही अल्पसंख्यकों के साथ उसका गहरा जुड़ाव रहा है और यह पार्टी धर्मनिरपेक्षता और समावेशी विकास में विश्वास रखती है। इस आयोजन का कुछ मुस्लिम संगठनों ने बहिष्कार किया, जो वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर नाराज हैं। इन संगठनों ने विधेयक को वापस लेने की मांग की है।

बता दें चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा है, जो केंद्र में सत्ताधारी गठबंधन है। एनडीए सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 लाने की तैयारी में है, जिसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और सुधार लाना है। हालांकि, इस बिल का कई मुस्लिम संगठनों और विपक्षी दलों ने विरोध किया है, इसे अल्पसंख्यक अधिकारों पर हमला करार दिया है। नायडू एनडीए के एक प्रमुख सहयोगी हैं और उन्होंने इस बिल का विरोध नहीं किया है।

# सपा सांसद के घर पर हुए हमले पर मायावती ने अखिलेश पर बोला हमला

**-कहा- 30 साल पहले मुझ पर कराया था हमला उसे याद कर करें पश्चाताप**



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के आगरा में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर हुए हमले को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर 30 साल पुरानी घटना का जिक्र करते हुए पश्चाताप करने की मांग की है। मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर दो पोस्ट किए। पहली पोस्ट में उन्होंने कहा कि आगरा में हुई घटना के साथ सपा मुखिया अखिलेश यादव को इनकी सरकार में 2 जून 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड में सपा द्वारा मेरे ऊपर कराया गया जानलेवा हमला भी इनको जरूर याद कर लेना चाहिए तथा इसका पश्चाताप भी जरूर करना चाहिए।

उन्होंने दूसरी पोस्ट में कहा कि आगरा घटना की आड़ में अब सपा अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना बंद करे और आगरा में हुई घटना की तरह यहां दलितों का उत्पीड़न और ज्यादा न कराए। इससे पहले गुरुवार को मायावती ने इस मुद्दे पर अपनी बात रखी थी। उन्होंने कहा था कि सपा अपने राजनीतिक लाभ के लिए अपने दलित नेताओं को आगे करके जो घिनौनी राजनीति कर रही है उनको नुकसान पहुंचाने में लगी है, यह उचित नहीं। दलितों को इनके सभी हथकंडों से सावधान रहना चाहिए। आगरा में हुई घटना अति चिंताजनक है उन्होंने कहा था कि साथ ही, सपा को अपने स्वार्थ में किसी भी समुदाय का अपमान करना ठीक नहीं, जिसके तहत अब इनको किसी समुदाय में दुर्गंध व किसी में सुगंध आ रही है। इससे समाज में अमन-चैन व सौहार्द बिगड़ेगा, जो ठीक नहीं। बता दें कि आगरा में दक्षिणपंथी संगठन से जुड़े लोगों ने राणा सांगा के बारे में विवादित बयान देने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर पर हमला कर दिया था।

# 2035 तक अधिकतम बिजली की जरूरत होगी 180 गीगावाट, 15 करोड़ नए एसी लगेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (यूसी) में भारत ऊर्जा और जलवायु केंद्र (आईईसीसी) के अध्ययन में बताया गया है कि भारत में अगले दशक में 13-15 करोड़ नए रूम एयर कंडीशनर (एसी) की जरूरत होगी। इससे वर्ष 2035 तक देश की अधिकतम बिजली की मांग 180 गीगावाट (जीडब्ल्यू) से अधिक बढ़ सकती है और इससे बिजली की खपत पर दबाव पड़ेगा।

अध्ययन में कहा गया है कि सबसे तेजी से विकसित हो रही यह प्रमुख अर्थव्यवस्था वाले भारत में अगले 10 वर्षों में रूम एसी की ऊर्जा दक्षता को दोगुना करके गंभीर बिजली की कमी से बच सकती है और उपभोक्ताओं के 2.2 लाख करोड़ रुपये (26 अरब डॉलर) तक बचा सकती है। अभी भारत सालाना 1-1.5 करोड़ नए एसी जोड़ता है। नीतिगत हस्तक्षेप के बिना, अकेले वर्ष 2030 तक 120 गीगावाट और वर्ष 2035 तक 180 गीगावाट बिजली की अधिकतम मांग बढ़ सकती है। यह कुल डिमांड का लगभग 30 फीसदी है।

अध्ययन के प्रमुख लेखक और यूसी बर्कले के फैकल्टी निकित अभ्यंकर ने कहा कि यह वृद्धि भारत की बिजली आपूर्ति से आगे निकल रही है और वर्ष 2026 की शुरुआत में ही बिजली की गंभीर कमी हो सकती है। पिछले साल, अखिल भारतीय अधिकतम बिजली की मांग 30 मई को 250 गीगावाट को पार कर गई थी, जो अनुमानों से 6.3 फीसदी अधिक थी। जलवायु परिवर्तन से प्रेरित गर्मी का तनाव बिजली की मांग को बढ़ाने वाले प्रमुख कारकों में से एक है। भारत की कुल बिजली खपत में घरेलू क्षेत्र की हिस्सेदारी वर्ष 2012-13 में 22 फीसदी से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 25 फीसदी हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा आर्थिक वृद्धि और बढ़ते तापमान के कारण है। वर्ष 2024 की गर्मियों में, रिकॉर्डतोड़ तापमान के बीच कमरे के एयर कंडीशनर की बिक्री में साल-दर-साल 40 से 50 फीसदी की वृद्धि हुई। वहीं ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में ऑक्सफोर्ड इंडिया सेंटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट में चल रहे एक शोध के अनुसार, कुल आबादी के हिसाब से सबसे बड़ी एसी की मांग भारत से आएगी। इसके बाद चीन, नाइजीरिया, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, ब्राजील, फिलिपीन और अमेरिका का नंबर आएगा।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**